पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 13.00
सूर्यास्त (आज) 17.08
सूर्योदय (कल) 06.26
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 78,540.17 ● निफ्टी 23,753.45 ● डॉलर 85.13 ₹ ● सोना 76,130 ₹ ● चांदी 99,000 ₹
पेज 06 अटल बिहारी वाजपेयी एक...
पेज 08 पिकअप ने 13 को रौंदा, पांच की...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
पौष कृष्ण पक्ष नवमी संवत 2082




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 24 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 171 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### ब्राजील : विमान दुर्घटना में 10 लोगों की मौत, 17 घायल

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के दक्षिणी शहर ग्रामाडो के शहरी केंद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और 17 से अधिक लोग घायल हो गए। सीएनएन ने नेशनल सिविल डिफेंस के सूत्रों के हवाले से सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना रविवार सुबह विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद हुई। विमान एक इमारत की चिमनी से टकराया, फिर एक आवास से और अंत में एक फर्नीचर की दुकान से जा टकराया। विमान में सवार 10 लोगों की मौत हो गयी और रियो ग्रांडे डो सुल में लगी आग में 17 लोग घायल और बीमार हो गये। सार्वजनिक सुरक्षा विभाग की रिपोर्टों के अनुसार, अधिकतर लोग दुर्घटना के दौरान लगी आग से निकलने वाले धुएं के कारण बीमार हो गये। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंदा, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के वाघोली चौक इलाके में रात को एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंद दिया। इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। छह घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने नशे में धुत आरोपित डंपर चालक गजानन टोटे को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हिम्मत जाधव ने हादसे की पुष्टि की है। पुणे सिटी पुलिस जोन-4 के पुलिस उपायुक्त हिम्मत जाधव ने बताया कि यह हादसा रात करीब एक बजे हुआ। यह मजदूर अमरावती जिले से पुणे में मजदूरी के लिए आए थे। यह लोग वाघोली के केसनंद नाका पुलिस स्टेशन के सामने रविवार रात को सो गए थे। रात करीब एक बजे सभी को डंपर ने रौंद दिया। हादसे में विशाल विनोद पंवार (22 ), वैभव रितेश पवार (01 ) और वैभव रितेश पवार (02) की मौत हो गई।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से अमेरिका के 6 दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार से अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर जाएंगे। डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह भारत से अमेरिका की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इसके अनुसार विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 24-29 दिसंबर तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करेंगे। वह प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए समकक्षों से मुलाकात करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूत के एक सम्मेलन की भी अध्यक्षता करेंगे।

### दिल्ली में एक्यूआई के स्तर में सुधार नहीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होता नहीं दिख रहा। 16 दिसंबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा चरण लागू है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आज सुबह 7:30 बजे दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, महानगर में कोहरे की पतली परत छाई रही। इससे दृश्यता कम हो गई। आज हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है। राजधानीदिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया।

## निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमों में संशोधन, नो डिटेंसन पॉलिसी खत्म

# अब 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल होने पर अगली क्लास में नहीं जा सकेंगे विद्यार्थी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमों में संशोधन करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है। इससे अब राज्यों को पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में फेल होने पर भी अगली कक्षा में भेजने की बाध्यता से मुक्ति मिल गई है। संशोधित नियम के तहत 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में असफल हो जाने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के दोबारा परीक्षा देनी होगी। यदि वे दोबारा भी सफल नहीं होते हैं तो उनको अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने सोमवार को कहा कि मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा में सभी प्रयास करने के बाद यदि रोकने की आवश्यकता पड़े तो रोका जाए। इसमें यह भी प्रावधान किया गया है कि आठवीं कक्षा तक किसी भी बच्चे को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हम यह भी चाहते हैं कि बच्चों का लर्निंग आउट कम बेहतर हो। इसको प्रयास में लाने के लिए पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान भी दिया जा सकेगा। नियमों में किये गये बदलावों से यह संभव हो सकेगा।



### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) की धारा 38 की उपधारा (2) के खंड (च क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 का और संशोधन करने के लिए नियम बनाती है। इन नियमों का संक्षिप्त नाम निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम, 2024 है। ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू हो गए हैं।

### दो महीने बाद परीक्षा में फिर से बैठने का मौका

संशोधित नियमों के अनुसार, राज्य प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के अंत में कक्षा 5 और 8 में नियमित परीक्षाएं आयोजित कर सकते हैं और यदि कोई छात्र असफल होता है तो उन्हें अतिरिक्त निर्देश दिया जाएगा और दो महीने बाद परीक्षा में फिर से बैठने का मौका दिया जाएगा। यदि कोई छात्र इस परीक्षा में पदोन्नति की आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहता है, तो उन्हें कक्षा 5 या कक्षा 8 में ही रोक दिया जाएगा। हालांकि, आरटीई अधिनियम इस बात पर जोर देता है कि किसी भी बच्चे को कक्षा 8 पूरी करने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। प्रधानाचार्यों को अनुत्तीर्ण बच्चों की सूची बनाए रखने, सीखने में अंतराल की पहचान करने और इन कक्षाओं में अनुत्तीर्ण बच्चों के लिए विशेष इनपुट के प्रावधानों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करनी होगी।

## रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को प्रधानमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# डेढ़ साल में दस लाख युवाओं को दी गई पक्की सरकारी नौकरियां : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

प्रधानमंत्री आज नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते एक डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है और ये अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। पहले की किसी भी सरकार के समय इस तरह मिशन मोड में युवाओं को भारत सरकार में पक्की नौकरी नहीं मिली है लेकिन आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं।




### रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कल देर रात ही कुवैत से लौटे है और वहां उनकी भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ हो रहा है। उन्होंने इसे एक सुखद संयोग बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं। आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरूआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है।

### केंद्र सरकार के 10 वर्षों का किया जिक्र

उन्होंने कहा कि पिछले दशक की नीतियों को देखें। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है। भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया। भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

### हर क्षेत्र में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है

आज जब कोई युवा खेलों में अपना करियर बनाने की योजना बनाता है, तो उसे विश्वास होता है कि वह असफल नहीं होगा। आज खेलों में प्रशिक्षण से लेकर टूर्नामेंट तक हर कदम पर युवाओं के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आज हम कितने ही क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन देख रहे हैं। आज भारत मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। आज अक्षय ऊर्जा से लेकर जैविक खेती तक, अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर रक्षा क्षेत्र तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, हर क्षेत्र में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## सीबीसीआई का क्रिसमस समारोह

# ईसा मसीह के संदेश को मजबूत बनाने के लिए काम करें : पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का जश्न मनाती हैं और यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस भावना को मजबूत बनाने के लिए काम करें। वहीं पवित्र बाइबल आशा को शक्ति और शांति के स्रोत के रूप में देखती है। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में देश की महत्वपूर्ण पहल में योगदान देने के लिए ईसाई समुदाय सहित हमारे युवाओं को बधाई दी। साथ ही जर्मनी के क्रिसमस बाजार में हुई घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिंसा फैलाने और समाज में व्यवधान उत्पन्न करने के प्रयास उन्हें बहुत दुख देते हैं। हमें ऐसी चुनौतियों से लड़ने के लिए एक साथ आना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का दिन सबके एक साथ आने का एक विशेष अवसर होता है। इसी दिन सीबीसीआई की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ है। पिछली बार उन्हें पीएम आवास पर आप सभी के साथ इस अवसर को मनाने का अवसर मिला था।

उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ ही सप्ताह पहले कार्डिनल जॉर्ज कुवाकड़ को परमपावन पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल की डिग्री से सम्मानित किया था। इस समारोह में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में आधिकारिक तौर पर एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। उन्होंने कहा, 'जब भारत का कोई बेटा...सफलता की इस भूमि पर प्रवेश करता है, तो पूरे देश को गौरव प्राप्त होता है। ...भारत की संतान, दुनिया में कहीं भी हो... किसी भी विपत्ति में हो... आज का भारत, उन्हें हर संकट से बचाकर लाता है... इसे अपना कर्तव्य समझता है।'

# चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले के न्यू शेरे पंजाब लॉज के एक कमरे में पुलिस ने छापा मारकर बिना इजाजत भारत में घुसे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। धुले पुलिस, एटीएस और दामिनी पुलिस की टीम इन चारों से गहन पूछताछ कर रही हैं। अब तक छानबीन में पता चला है कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे को न्यू शेरे पंजाब लॉज में बांग्लादेशी नागरिकों को ठहरने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर काले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लॉज के कमरा नंबर 122 में छापा मारा और मोहम्मद मेहताब (48), शिल्पी बेगम मोहम्मद बेताब (43), ब्यूटी बेगम पोलुस शेख (45) और रिपा शेख (30) को हिरासत में लेकर आजाद नगर पुलिस स्टेशन आए। इन चारों से पूछताछ में पता चला कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं और बिना इजाजत भारत मे घुसखोरी की है। इसके बाद चारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पीलीभीत मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकी ढेर

एजेंसी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के पुरनपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। पुलिस के अनुसार तीनों पर पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने का आरोप था। तीनों आतंकी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के सदस्य बताए जा रहे हैं। मारे गए तीनों आतंकियों के पास से दो एके-47 राइफल, दो ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अविनाश पांडे ने बताया कि मुठभेड़ में घायल तीनों आतंकियों को पूरनपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मारे गए आंतकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह (26), वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि (23) और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) शामिल हैं। यह एनकाउंटर पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में हुआ है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने विभिन्न मीडिया माध्यमों से बताया कि इस ऑपरेशन की अगुवाई पीलीभीत के एसपी अविनाश पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस से यूपी पुलिस को खालिस्तानी आतंकवादियों के बारे में इनपुट मिले थे।

रविवार रात में पुलिस को इन आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद घेराबंदी कर दी और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण की चेतावनी दी। उन्होंने अनसुनी कर पुलिस टीम पर उनकी ओर से फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों खालिस्तानी आतंकी मारे गए।

## मौसम पूर्वानुमान > 26 दिसंबर से उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत को प्रभावित करने का अनुमान

# पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश, हिमपात के आसार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश भर में सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मंगलवार तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात के आसार हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में, वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान में निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों पर स्थित है और निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम राजस्थान पर स्थित है।

मौसम अधिकारियों ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसकी बातचीत 26 दिसंबर से उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत को प्रभावित करने का अनुमान है। अगले 3-4 दिनों में उत्तर-पश्चिम देश के कुछ हिस्सों में घने कोहरे और शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति का भी अनुमान है।

मौसम अधिकारियों ने कहा कि 24 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में, 24-27 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश, 23-26 दिसंबर तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और 25 दिसंबर तक राजस्थान में देर रात और तड़के घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं।



### कई राज्यों में शीत लहर के आसार

हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में 23-26 दिसंबर के बीच शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति रहने के आसार हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद के अलग-अलग इलाकों में 24-26 दिसंबर तक शीत लहर की स्थिति रहने का अनुमान है। इसके अलावा, 23-25 दिसंबर के बीच पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी इसी तरह की स्थिति रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश को छोड़कर, उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में लगभग दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है, जहां अगले दो दिनों में तापमान लगभग तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं और 26 दिसंबर के बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। यहां 27-28 दिसंबर के दौरान उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं। अगले पांच दिनों के दौरान महाराष्ट्र में भी न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के आसार हैं।

### तटीय इलाकों में वर्षा होने के आसार

दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र 24 दिसंबर को उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के पास पहुंचने के आसार हैं। इसके प्रभाव में, 24-26 दिसंबर तक तटीय आंध्र प्रदेश में और 24-25 दिसंबर को रायलसीमा में कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। मौसम अधिकारियों के मुताबिक तटीय ओडिशा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। यहां 24-25 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा का अनुमान है। इसके अलावा, 23-26 दिसंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराइकल में गरज और बिजली के साथ कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

# पच्चीस लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर गिरफ्तार

एजेंसी

**कांकेर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर नक्सली (माओवादी) प्रभाकर राव को पुलिस ने नाकेबंदी कर कांकेर जिले के अंतागढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार प्रभाकर राव पर 25 लाख का इनाम घोषित है। प्रभाकर राव के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई अन्य राज्यों में दर्जनों अपराध पंजीकृत हैं। गिरफ्तार नक्सली प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी ओर नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतागढ़ इलाके में रविवार बीती रात बैनर लगाकर आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके लीडर प्रभाकर को 19 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार तो कर लिया है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। नक्सली बैनरों में उन्होंने मांग की कि प्रभाकर को सुरक्षित तरीके से न्यायालय में पेश किया जाए। इसके बाद आज सोमवार को पुलिस ने सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव को गिरफ्तार करने की जानकारी सार्वजनिक की है। बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने आज (सोमवार) को पुष्टि करते हुए बताया कि प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव की गिरफ्तारी नक्सल विरोधी अभियान की दृष्टिकोण से पुलिस बल को मिली एक महत्वपूर्ण सफलता है।

# पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल व मंदिरों में नववर्ष को लेकर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में नए वर्ष के मद्देनजर पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर लगभग दो हजार जवानों की तैनाती की गई है।

साथ ही साथ क्रिसमस गैदरिंग को लेकर रांची पुलिस के जरिये सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्रों की भी सहायता ली जा रही है। खासकर होटलों और रेस्टोरेंट जहां पर न्यू ईयर की लेट नाईट पार्टी आयोजित होगी, वहां भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

पुलिस प्रशासन की ओर से सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अतिरिक्त फोर्स थाने को भी मुहैया कराया गया है। भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया।



नव वर्ष के आगमन को लेकर राजधानी और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हो गया। सैलानियों की यह भीड़ नए साल के आगमन पर और बढ़ेगी। ऐसे में सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है।

रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं।

पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को लेकर रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडों भी तैनात की गई है। 25 दिसम्बर से लेकर 15 जनवरी तक शक्ति कमांडों शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी।

एसएसपी ने बताया कि रांची के आस-पास स्थित दशम और जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। पर्यटन मित्रों के साथ भी इसमें मिलेगा। वहीं पुलिस के जरिये नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए कुछ स्थान को चिन्हित किया गया है, जहां पर रात में चेकिंग की जाएगी।

नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी और कार्रवाई करेगी।

एसएसपी ने कहा कि पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है, उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है, साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है।

एसएसपी ने बताया कि वैसे फॉल और झरनें जहां डूबने का खतरा बना रहता है, उन जगहों पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया है। लोगों से अपील की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरे।

उल्लेखनीय है कि नये वर्ष को लेकर रांची जिला प्रशासन की ओर से पिकनिक स्पॉट वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिले के विभिन्न स्थलों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

राजधानी रांची और उसके आसपास के प्रमुख पिकनिक स्पॉट में रॉक गार्डन, कांके डैम, सिदो-कान्हू पार्क, मछली घर ,नक्षत्र वन, हटिया डैम, हुण्डरु फॉल, दशम फॉल, दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, जोन्हा फॉल, गेतलसूद डैम, सीता फॉल, गौतम धारा, रुक्का डैम, ऑक्सीजन पार्क, बिरसा मुण्डा पार्क, स्वर्ण रेखा, मगरमच्छ प्रजनन केन्द्र, जैविक उद्यान, फन कैशल पार्क, डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा पार्क, पहाड़ी मंदिर, टैगोर हिल, धुर्वा डैम और पिठोरिया घाटी शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची से होगा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन



**रांची।** महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। महाकुंभ मेला के मौके पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रांची टूण्डला रांची (ट्रेन संख्या 08067/08068) कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का ऐलान किया है। ट्रेन संख्या 08067 रांची टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 19 जनवरी को रांची से प्रस्थान करेगी(केवल 01 ट्रिप)। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 10:30 बजे, मूरी आगमन 11:38 बजे प्रस्थान 11:40 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 12:55 बजे प्रस्थान 13:00 बजे, गोमो आगमन 14:05 बजे प्रस्थान 14:10 बजे, गया आगमन 16:10 बजे प्रस्थान 16:15 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 19:45 बजे प्रस्थान 19:55 बजे, प्रयागराज आगमन 23:10 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:05 बजे एवं टूण्डला आगमन 06:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08068 टूण्डला रांची कुंभ मेला स्पेशल 20 जनवरी को टूण्डला से प्रस्थान करेगी (केवल 01 ट्रिप)। इस ट्रेन का टूण्डला प्रस्थान 16:20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:05 बजे, प्रयागराज आगमन 01:00 बजे प्रस्थान 01:10 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 05:20 बजे प्रस्थान 05:30 बजे, गया आगमन 08:40 बजे प्रस्थान 08:45 बजे, गोमो आगमन 11:25 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 12:45 बजे प्रस्थान 12:50 बजे, मूरी आगमन 13:50 बजे प्रस्थान 13:52 बजे और रांची आगमन 15:50 बजे होगा।

इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 08 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 03 कोच, वातानुकूलित 3-टियर ईकानमी के 04 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 18 कोच होंगे।

### डीम्ड यूनिवर्सिटी बनेगा रिम्स, मिल जायेगा ये अधिकार



**रांची।** रिम्स को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके लिए राज्यपाल से मिलकर डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। अगर रिम्स डीम्ड यूनिवर्सिटी घोषित हो जाता है, तो एमबीबीएस, बीडीएस और पोस्ट ग्रेजुएट सहित सभी कोर्स पर फैसला लेने का अधिकार रिम्स के पास होगा। इन सभी कोर्स की परीक्षा लेने और रिजल्ट जारी करने के साथ विद्यार्थियों को डिग्री बांटने तक की जिम्मेदारी रिम्स डीम्ड यूनिवर्सिटी के पास होगी। रिम्स के लिए अच्छी खबर है। इसे डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की कवायद की जा रही है। फिलहाल परीक्षा लेने, रिजल्ट जारी करने और डिग्री देने की जिम्मेदारी रांची विश्वविद्यालय के पास है। हालांकि परीक्षा की तिथि, प्रश्न पत्र तय करने और कॉपी का मूल्यांकन करने का दायित्व रिम्स ही निभाता है, लेकिन अन्य प्रक्रियाओं को रांची विश्वविद्यालय के माध्यम से संपादित कराना होता है।

# राज्य में उद्योगों के विकास के लिए समन्वय बनाकर काम करें पदाधिकारी : मंत्री

संवाददाता

**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग में उद्योग विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए समन्वय बनाकर पदाधिकारी काम करें। इस दौरान मंत्री ने पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे और विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा रहे, इसके लिए जरूरी है कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये। इसके लिए विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसके मद्देनजर सोमवार को उद्योग विभाग एवं विभाग के अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों एवं संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जा रही है और पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया जा रहा है ।



समीक्षा के क्रम में विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों की बात सामने आने पर मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों की सूची जल्द उपलब्ध करा दें ताकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विचार-विमर्श कर जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाएं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री और मेरी सोच है कि झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। राज्य में अधिक से अधिक उद्योग लगें। निवेशक झारखंड आएं और उद्योग लगायें। सरकार उन्हें हर सुविधाएं मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए यह भी जरूरी है कि बिचौलियों से सावधान रहा जाए।

इस दौरान उद्योग विभाग, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, जियाडा, जिडको, झारखंड माटीकला बोर्ड, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, झारक्राफ्ट, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# 27 तक सुबह रहेगा घना कोहरा या धुंध, उसके बाद मौसम रहेगा साफ

संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सोमवार की सुबह घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने इस बाबत येलो अलर्ट जारी किया है। 27 दिसंबर तक राज्य में सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आसमान साफ रह सकता है।

**घने कोहरे का येलो अलर्ट**

मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि झारखंड के उत्तर-पूर्वी, मध्य एवं दक्षिणी भागों में सुबह में कहीं-कहीं घना कोहरा रह सकता है। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. रविवार की सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध छाया रह सकता है। उसके बाद आसमान साफ रहने का अनुमान है।

**इन इलाकों में छाए रह सकते हैं कोहरे**

झारखंड के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले आते हैं। दक्षिणी भागों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा जिले आते हैं। मध्य भाग में रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी और गुमला जिले शामिल हैं. इन जिलों में सुबह में कहीं-कहीं घने कोहरे छाए रह सकते हैं। इसके लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

## एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण



संवाददाता

**रांची।** रांची उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्ध्ता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया। एसडीओ ने निबंधन कांउटर,ऑर्थो, गाइनी और इमरजेंसी के ओपीडी, टीबी और एड्स के सेंटर का निरीक्षण किया।

एसडीओ ने अस्पताल के साफ-सफाई, डॉक्टर और नर्स की उपस्थिति व भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई। निरीक्षण के समय डीपीएम हेल्थ एवं डिप्टी सुप्रिटेंडेंट मौजूद थे। इसके अलावा कई अन्य अस्पताल की व्यवस्था को देखा उसमें कई बदलाव और व्यवस्था को देखा इसमें अस्तापल में ऑर्थो के ओपीडी के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन कांउटर स्थापित है और कार्यरत है। लेकिन उसके लिए मुख्य द्वार से अलग से संकेत की आवश्कता है, ताकि मरीजों को सहयोग हो सके। गाइनी वार्ड में मरीजों की संख्या अत्याधिक है और डॉक्टर की संख्या में बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

इमरजेंसी वार्ड में डॉग बाइट के अधिक मामलें पाए गये। प्रतिमाह 5500 से अधिक केस आ रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम के अपर प्रशासक से अनुरोध है कि वार्ड-वार टीकाकरण कार्यक्रम आदि के संबंध में तेजी लाने की आवश्यकता है। टीबी वार्ड के निरीक्षण में पाया गया कि एमडीआर और एक्सडीआर के संबंध में जागरूकता लाई जा सकती है। टीबी के मरीजों में डीएसटी 55 प्रतिशत ही है। जबकि यह 80 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। इसके लिए नियमित निगरानी की आवश्कयता है।

एड्स के लिए आईटीसी कार्यरत है और प्रतिवर्ष 40 से 50 पॉजेटिव मरीज पाये जा रहे हैं। इनके समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल में ही एआरआई सेन्टर कार्यरत करने पर विचार किया जा सकता है।

## क्रिसमस पर राजधानी के चर्च आकर्षक ढंग से सजाए गये

**रांची।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव (क्रिसमस) को लेकर रांची के सभी चर्च को सजाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। जहां मंगलवार की रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसे लेकर मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च, पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर, बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल, कांके चर्च समेत अन्य चर्च को सजाया जा रहा है।

**क्राइस्ट चर्च भी दिख रहा खूबसूरत**

लाल और हरे रंग की सजा देखते ही बन रही रांची के क्राइस्ट चर्च की आंतरिक सजावट के लिए इस बार लाल और हरे रंग का प्रयोग किया गया है। हरे रंग की विद्युत लड़ियों के साथ लाल रंग के तारेनुमा आकृति को दशार्या गया है, जो देखने में काफी खूबसूरत लग रहा है।

**चर्च के बाहर सजे हैं पेड़ और फूल के बगीचे**

चर्च के बाहर बगीचे में लगे पेड़ों और फूलों के बगीचे को भी सजाया गया है। जहां बगीचे में लगे पौधों पर की गयी विद्युत सज्जा काफी आकर्षक लग रही है। चर्च परिसर के बाहर मेन रोड में प्रशासन की ओर से आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। संत मरिया महागिरजाघर की सजावट बना आकर्षण का केंद्र संत मरिया महागिरजाघर की सजावट में इस बार सफेद पट्टियों का इस्तेमाल किया गया है।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा के सवालों का जिला कृषि पदाधिकारियों के पास नहीं था जवाब

संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को विभागीय अधिकारियों के जवाब से नाराज दिखीं। जिला कृषि पदाधिकारियों के पास कृषि मंत्री के सवालों का जवाब नहीं था। कृषि विभाग के जरिये संचालित योजनाओं और उसके लाभुकों की सही जानकारी देने में जिला कृषि पदाधिकारी फिसड्डी साबित हुए।

दरअसल, रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में राज्य स्तरीय रबी कर्मशाला, 2024 का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य किसानों को रबी फसल की सही जानकारी देना और उन्नत कृषि की ओर कदम बढ़ाना था। मंत्री ने सोमवार को कर्मशाला को संबोधित करना शुरू किया तो उन्होंने सबसे पहले जिला कृषि पदाधिकारी से विभाग के जरिये संचालित योजनाओं के बारे में सवाल पूछना शुरू किया। बोकारो जिला कृषि पदाधिकारी से इसकी शुरूआत हुई।

मंत्री ने जिला कृषि पदाधिकारी से योजना क्या है और इसके तहत कितने लाभुकों को लाभ मिला, ये जानना चाहती थीं लेकिन सामने से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद मंत्री ने धनबाद, दुमका और गोड्डा सहित कई जिलों से विभागीय योजना से संबंधित सवाल पूछे। किसी के पास मंत्री के सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं था।




मंत्री के सवाल पर हॉल के अंदर सन्नाटा पसरा रहा। वे इस दौरान काफी नाराज भी दिखीं।

मंत्री ने यहां तक कह दिया कि अधिकारी मक्खी मारने के लिए दफ्तर नहीं आए। साथ ही गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यशाला से अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि वे जब भी इस तरह की कार्यशाला में शिरकत करने आएं, तो पूरी तैयारी के साथ आएं। मंत्री ने कहा कि पहले ही विभागीय अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया था। इसे हर हाल में पूरा करना है। 31 दिसंबर तक अलग-अलग कार्यशाला आयोजित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके बाद दो से तीन जनवरी तक राज्य कृषि निदेशक तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस रिपोर्ट में धरातल पर योजना की हकीकत और लाभुकों की संख्या को विशेष तौर पर अंकित किया जाएगा।

# बाबा साहब अंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी : संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस पार्टी बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है।

पंडित नेहरू से लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है।

सेठ सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सेठ ने कहा कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर जो दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों ने देखा वह लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करने वाला था। लोकतंत्र

**● केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस से पूछे कई सवाल**




चलता है औरआगे बढ़ता है लोकलाज से लेकिन कांग्रेस ने सारे लोकलाज को ताक पर रख दिया है। अब कांग्रेस मसल पावर से देश को चलाना चाहती है। क्योंकि, कांग्रेस पार्टी को जनता लोकतांत्रिक तरीके से पराजित कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी संसद में तीसरी बार सत्ता से बाहर हुई है।

कांग्रेस सत्ता के बिना पानी की मछली की तरह छटपटा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज चोरी और सीनाजोरी की कहावत चरितार्थ कर रही है। सदन से सड़क तक विधि विरुद्ध आचरण करती है और हंगामा भी करती है।

संसद परिसर में कांग्रेस पार्टी के सांसदों द्वारा भाजपा सांसद पर हमला होता है। महिला सांसद को अपमानित किया जाता है और कांग्रेस पार्टी के युवराज को घायलों के प्रति सहानुभूति के दो शब्द भी नहीं निकलते। अस्पताल में देखने जाने तक की फुर्सत नहीं। इससे स्पष्ट है कि यह सब घटनाक्रम कांग्रेस का सुनियोजित षडयंत्र है।

सेठ ने कहा कि राहुल गांधी संविधान को एक साधारण किताब समझते हैं और बार-बार उसे दिखाकर संविधान की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं जबकि भाजपा संविधान को एक पवित्र ग्रंथ मानती है और उसके सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माथा टेकते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की सोच शुरू से नीचा दिखाने वाला रहा है। सेठ ने कांग्रेस पार्टी से सवाल किया कि क्यों कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक नहीं किया?

सेठ ने पूछा कि क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने संसद के सेंट्रल हॉल में डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र को नहीं लगने दिया? क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने केवल गांधी नेहरू परिवार को भारत रत्न से सम्मानित किया लेकिन उन्हें बाबा साहब अंबेडकर की याद नहीं आई? क्यों कांग्रेस पार्टी ने एक भी स्मारक बाबा साहब अंबेडकर के नाम नहीं बनाए जबकि गांधी नेहरू परिवार के नाम हजारों स्मारक इस देश में कांग्रेस सरकार ने बनाए हैं।

सेठ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही एनसीआरटी की किताबों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नेहरू द्वारा कोड़े मारने वाले कार्टून छपवाया। उन्होंने कहा कि एम्स दिल्ली की स्थापना में जमीन दान करने वाली राजकुमारी अमृत कौर ने एम्स का नामकरण बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर रखने की इच्छा जताई थी लेकिन कांग्रेस ने इसे खारिज कर दिया। कांग्रेस पार्टी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में हुई जाति व आय प्रमाण पत्र की समीक्षा



**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय में बेरमो प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों की प्रखंड स्तरीय स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण आदि को लेकर समीक्षा की गई। बेरमो प्रमुख गिरजा देवी ने कहा कि आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र समय पर उपलब्ध नहीं होने से छात्रों व आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले को कई बार पंचायत स्तरीय बैठक में भी उठाया गया परंतु अब तक इसका निदान नहीं किया गया। कहा कि अंचल द्वारा आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र की समय तालिका प्रखंड के सूचना बोर्ड में लगाया जाय और समय सीमा पर सारे सर्टिफिकेट निर्गत कीजिए। बीडीओ मुकेश कुमार ने कहा कि प्रमाण पत्र में जो भी विलंब हो रही है, उसकी जांच की जायेगी। इसके बाद प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। मौके पर बीटीएम कृष्ण जयसवाल, एटीएम सोबरन कुमार, सहायक श्रीपति महतो, उपप्रमुख बिनोद साहू, पंसस बैजू कुमार, अमित कुमार, राखी रवानी, रोमा देवी, अरुणा कुमारी, सोना मोती देवी, सुनील महतो, बिरसा रजक, रॉबिन कसेरा, जय राजकुमार आदि मौजूद थे।

### पांडूपुड़िंग जलप्रपात में डूबे युवक का शव बरामद

**खूंटी।** जिले के प्रसिद्ध पांडूपुड़िंग जल प्रपात में अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आये विकास कुमार सिंह (21) का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया। विकास सिंह रविवार को रांची से अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पांडूपुड़िंग आया था। शाम को जब उसके दोस्त वापस जाने लगे और विकास सिंह की खोज करने लगे, तो उसका कुछ पता नहीं चला। जलप्रपात के पास उसके पकड़े और जूते रखे हुए थे। देर शाम जब विकास का कुछ पता नहीं चला, तो उसकें दोस्तों ने तपकारा थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी। रात होने के लापता युवक की खोज नहीं की जा सकी। पुलिस ने सोमवार को स्थानीय गोतोखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई, तो जलप्रपात में ही विकास सिंह का शव बरामद हुआ। पुलिस शव को थाना ले आयी। सदर अस्पताल में मंगलवार को शव का पोसटमार्टम कराया जाएगा। विकास सिंह मूल रूप से लातेहार जिले के हेरंज थाना के कसिमाडीह का रहनेवाला था। वर्तमान में वह बसंत विहार हरमू रांची में रहता था और एक कूरियर कंपनी में डेलिवरी बॉय का काम करता था। घटना की सूचना मृतक के पिता तुलसी सिंह को दे दी गई है।

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कंबल सहित अन्य सामानों का किया गया वितरण



**लोहरदगा।** सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत सोमवार को लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड के तिसिया बाजार टांड़ के समीप ठंड से बचाव के लिए कंबल,धोती,साड़ी और स्कूल बैग और कॉपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा,सशस्त्र सीमा बल के असिस्टेंट कमांडेट ज्ञानेश्वर सिंह, थाना प्रभारी हसवर्धन सिंह और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।मौके पर पुलिस द्वारा सैकड़ो गरीब,असहाय और जरूरत मंद लोगो के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस हर कदम पर आम लोगों के साथ है। कोई भी समस्या होने पर लोग अपनी समस्या पुलिस के समक्ष रख सकते हैं। कार्यक्रम का मकसद जनता और पुलिस के बीच की खाई को पाटना है। उन्होंने लोगों को गलत आदतों और कुरीतियों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे जहां समाज का पतन होता है । वहीं युवा अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई और खेलने में मन लगाने की बात कही मौके पर थाना प्रभारी हसवर्धन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस के सौजन्य से आगे भी जरूरत मंद लोगो के बीच कैंप का आयोजन कर सामग्री वितरण किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में मेडिकल शिविर का भी आयोजन कर लोगो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# बेरमो प्रखंड प्रमुख व उनके पति पर 1.83 करोड़ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, आरोपी ने कहा मामला निराधार

संवाददाता

**बेरमो/बोकारो।** बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी तथा उसके पति जीतेंद्र महतो पर सेवानिवृत्त सर्कल इंस्पेक्टर रवि प्रताप वाजपेई की पत्नी रीना वाजपेई ने 1 करोड़ 83 लाख रुपए धोखाधड़ी का मामला बेरमो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रीना वाजपेई ने बताया कि गिरिजा देवी भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष व बेरमो प्रखंड प्रमुख है। मैं भी भाजपा का सदस्य होने के कारण गिरिजा देवी के संपर्क में आई। मेरा मोहनलाल इंटरप्राइजेज के नाम से लोहा स्क्रैप, कोयला ऑक्शन का लाइसेंस जीएसटी से अनुबंध है। जबकि गिरिजा देवी का भी लोहा स्क्रैप, कोयला ऑक्शन का लाइसेंस राजमधु इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर से है। बताया कि गिरिजा देवी अपने पति के साथ मेरे आवास बोकारो आए और बोले कि मेरा सारा पूंजी



आसनसोल और सीसीएल में फंसा हुआ है। जिससे पूंजी की कमी है। कोयला ऑक्शन में मुनाफा नहीं है आप कोई लोहा स्क्रैप का काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। उन्होंने अपने कंपनी में इन्वेस्ट करने तथा मुनाफा फिफ्टी-फिफ्टी करने की बात कही। उन पर विश्वास करके मैंने 25 अक्टूबर 2021 को बेरमो प्रखंड कार्यालय में एकरारनामा कर यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के चेक नंबर 009049 से 40 लाख रुपए राजमधु इंटरप्राइजेज को दिए। उसे कंपनी के द्वारा मेरी पूंजी से दामोदर वैली कॉरपोरेशन चंद्रपुरा एवं बीसीसीएल दुग्धा वाशरी का बड़ा काम ऑक्शन किया और खूब कमाया।

24 दिसंबर 2021 को कंपनी के मुनाफे के रूप में मेरे अकाउंट में 2 लाख 20 हजार रुपए भेजकर बोला गया कि हिसाब बाद में कर लेंगे। बताया कि फिर 10 जनवरी 2022 को मैंने चेक संख्या 10011834 के द्वारा पुनः कंपनी में 40 लाख रुपए दिए। 29 मार्च 2022 को मेरे पास आकर बोले कि अच्छा ऑक्शन मिला है परंतु रकम भुगतान की तिथि निकल जाने से सब पैसा फंस जाएगा। मैंने फिर चेक संख्या 10011837 से 40 लाख रुपए का भुगतान की। 16 अप्रैल 2022 को पुराना हिसाब मांगने पर तत्काल 110000 रुपए उन्होंने मेरे अकाउंट में ट्रांसफर किया। 25 अप्रैल 2022 से 13 जून 2022 तक उन्होंने कुछ पैसे और भेजे। 13 जून 2022 को वह दोनों पति-पत्नी मेरे पास आकर बोली कि नया एमएसटीसी का ऑक्शन स्क्रैप उड़ीसा के पारादीप एवं बरौनी बिहार के कारखाने में पैसा लगाना है। मैं पुराना पैसा के वापसी की उम्मीद लेते हुए चेक संख्या 10011838 से 10 लाख रुपया राजमधु इंटरप्राइजेज के नाम से दिए। पुनः 23 जून 2022 को ट्रांसपोटिंग के नाम पर 10 लाख रुपए लिए। श्रीमती बाजपेई ने बतायी कि 25 अक्टूबर 2021 से लेकर 31 अगस्त 2022 के बीच पांच किस्तों में एक करोड़ 40 लाख रुपए का चेक भुगतान राजलक्ष्मी इंटरप्राइजेज के खाते में विश्वास पर किया कि मुझे अच्छा मुनाफा और हिस्सेदारी प्राप्त होगा। 9 नवंबर 2022 को श्री महतो आकर बोली कि 20 लाख रुपए की जरूरत है नहीं तो सब पैसा फंस जाएगा। ऑक्शन का भुगतान आज ही करना है। मैं अपनी बहन से 20 लाख रुपए का कर्ज लेकर गिरिजा देवी को दी, उसके बदले में यूनियन बैंक का 20 हजार रुपए का प्रीपेड चेक ली। अभी तक मैंने एक करोड़ 60 लाख रुपए राज मधु इंटरप्राइजेज के नाम पर दे चुकी हूं। इसके अलावा उन्होंने मकोली में मेरा बंगला जो खाली था तत्काल काम के लिए मांगे। मेरे पति का कैंसर का इलाज टीएमसी कोलकाता में चल रहा था इस कारण ज्यादातर समय मैं पैतृक निवास देवघर में रहती थी, इस कारण मैं बंगला का चाभी विश्वास पर दे दी। जिस पर उन्होंने कब्जा जमा लिया। इसी दौरान मुझे भी कैंसर हो गया। अब हम दोनों पति-पत्नी का इलाज कोलकाता में चलने लगा। उनसे पैसा मांगते मांगते थक गया पर पैसा नहीं दिए। 14 अगस्त 2020 को 20 लाख रुपए अकाउंट में भेजे। उन्होंने बेरमो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले पर जितेंद्र महतो ने कहा कि मेरे पर जो भी आरोप लगाया गया है वह सारा निराधार है। मैंने मिसेज वाजपेई से डेढ़ करोड़ रूपया लिया था उसे वापस कर दिया है। जो कि बैंक स्टेटमेंट में देखा जा सकता है। वह जब जब पैसा दी है उसकी एवज में मैं चेक दिया था। पैसा वापसी के दौरान हमेशा मैं चेक मांगता रहा पर वह चेक नहीं दी। अब उनके अंदर लालच आ गया है और पैसा मांग रही है।

### तेनुघाट में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

## सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर चलूंगा : वकील प्रसाद महतो

संवाददाता

**तेनुघाट/ बोकारो।** अधिवक्ता संघ के चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने नवनिर्वाचित सदस्य को शपथ ग्रहण कराते हुए बधाई दी। वहीं नवनिर्वाचित सदस्यों से कहा कि मैं चाहूंगा कि वे संघ को विकास की ओर ले जाएं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, मनोज कुमार एवं बिनोद कुमार गुप्ता को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को एक साथ लेकर चलूंगा और उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूँगा।

वहीं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने एक बार पुनः मुझ पर विश्वास कर चुना उसके लिए मैं सभी का आभारी रहूंगा।



तेनुघाट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा के द्वारा कराया गया। नवनिर्वाचित सदस्यों में सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, महासचिव वकील प्रसाद महतो, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव, उपकोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य निरंजन कुमार महतो, धर्मवीर कुमार जयसवाल, शारदा देवी, नरोतम प्रसाद एवं अनील कुमार प्रजापति ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ के बाद सभी सदस्यों को श्री महथा ने प्रमाण पत्र भी दिया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को उपस्थित सभी संघ के सदस्य ने बधाई दी। इस अवसर पर चुनाव पदाधिकारी बिनोद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मजहर जानी सहित संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

## बोकारो विधायक श्वेता सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा पर बैठक संपन्न



**बोकारो।** सर्किट हाउस में सोमवार को बोकारो विधायक श्वेता सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा पर विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, और अन्य सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। श्वेता सिंह ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नियमित बैठकों की आवश्यकता है। उन्होंने प्राथमिक और उच्च विद्यालयों में पढ़ाई के स्तर को सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल भवनों को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को आधुनिक तकनीक, खेल और संगीत जैसी गतिविधियों में प्रोत्साहित करने का आह्वान किया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो। झारखंड सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने और राइट टू एजुकेशन के तहत पारदर्शी कार्य सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में शिक्षा सुधार और छात्रों के विकास को लेकर कई सकारात्मक पहल की चर्चा हुई।

## एडीओसीएम परियोजना में हैवी ब्लास्ट से फुसरो बाजार के दुकानदारों में दहशत

संवाददाता

**बेरमो/बोकारो।** सीसीएल एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से फुसरो बाजार के दुकानदारों में दहशत व्याप्त है। कई दुकानदारों ने बताया कि जब-जब ब्लास्टिंग होती है भूकंप जैसा झटका महसूस होता है। दुकानों के रैक में रखे सामान और खिड़की दरवाजे के शीशे हिलने लगते हैं। जिससे दुकानदारों में कोई हादसा होने की आशंका बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि डीजीएमएस के द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक शक्ति का ब्लास्टिंग किए जाने से यह स्थिति उत्पन्न होती है। दुकानदारों ने ढोरी जीएम से कम क्षमता का ब्लास्टिंग करने का आग्रह किया है ताकि व्यवसायियों में दहशत न हो।

साथ ही प्रबंधन की चेतावनी दी कि



हैवी ब्लास्टिंग करना बंद नहीं हुआ तो व्यवसायियों को बाध्य होकर डीजीएमएस को पत्र लिखना और आंदोलन करना होगा। इस संबंध में बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश एवं कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने बताया कि चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ढ़ोरी जीएम से मिलकर हैवी ब्लास्टिंग नहीं करने का आग्रह करेगा। उसके बाद ही व्यवसाई कोई कदम उठाएंगे। इस संबंध में डीडीएमएस तेजावत नरेश ने कहा कि प्रबंधन से बात करेंगे और निर्देश देगे के निधारित शक्ति से अधिक विस्फोट न किया जाय।

## तेज रफ़्तार इनोवा ने पेड़ को मारी जोरदार टक्कर, दो युवकों की मौत

संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा जंगल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने सड़क किनारे एक पेड़ को जारदार टक्कर मार दी। इससे कार पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चालक मामूली रूप से घायल हुआ। मृतकों में आशीष कुमार सिंह (31) और अरशद अली (30) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के हुरहुरी गांव का रहने वाला था। वर्तमान में डोरंडा मणिटोला में रहता था, जबकि अरशद अली डोरंडा दर्जी मुहल्ला का रहने वाला था। इस घटना में इनोवा कार का चालक विजय कुमार सिंह घायल हो गया। वह औरंगाबाद का रहने वाला है।

मिली जानकारी के अनुसार





अरशद और आशीष गेल कंपनी में काम करते थे। सोमवार को वे कंपनी के काम से इनोवा कार से रनिया की ओर जा रहे थे। चालक विजय कुमार सिंह कार चला रहा था। रनिया जाने के क्रम में कुल्डा जंगल के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने और ऊपर के हिस्से की परखच्चे उड़ गये।

आशीष और अरशद की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वैसे अरशद और विजय को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अरशद को मृत घोषित कर दिया। विजय का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में करने के बाद रांची ले जाया गया।

घटना की सूचना पाकर रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, तोरपा थाना के सब इंस्पेक्टर संजीव सिंह घटनास्थल पहुंचे। तोरपा थाना की पुलिस दोनों शवों को थाना ले आई। उनका पोस्टमार्टम सोमवार को सदर अस्पताल खूंटी में कराया जाएगा।

### स्वंतत्र अमीन से रैयतों ने कराया मापी

## 866 एकड़ के मध्य लगभग 8 एकड पर जबरन कब्जा का आरोप

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत ढोरी फुटबॉल ग्राउंड में बनाए जा रहे स्टेडियम में ढोरी ग्राम के आम ग्रामीण रैयतों ने अपना रैयती जमीन बताते हुए स्वंतत्र अमीन से मापी कराई। रैयतों ने बताया कि 866.50 ईजाद भूमि के मध्य लगभग 8 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। रैयतों ने कहा कि जब हमलोग काम रोकने के संबंध में संवेदक से बात किए तो संवेदक ने कहा कि बेरमो सीओ के आदेश से काम किया जा रहा है।

इसके पूर्व बेरमो विधायक ने रैयतों को मौखिक आश्वासन दिया था कि जब तक मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक कार्य



नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों के सामने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने बेरमो सीओ से बातचीत की थी लेकिन यह कार्य संवेदक द्वारा जबरन किया जा रहा है। कहा कि आपके द्वारा किसी प्रकार का कार्य मौखिक नहीं किया जाएगा। रैयतों ने कहा कि हमलोग स्टेडियम निर्माण के विरोधी नहीं हैं लेकिन आरआर पॉलिसी के तहत नियोजन और मुआवजा का सीसीएल भुगतान करे, इसके बाद ही स्टेडियम निर्माण की अनुमति दे। आज भी बन रहे स्टेडियम की जमीन का मालगुजारी रसीद हमलोगों के पूर्वजों के नाम पर कट रहा है। यहां मोहन महतो, रामेश्वर प्रसाद महतो, चिंतामणि महतो, संजय चौधरी, मुन्नीलाल महतो, महावीर महतो, मोहन महतो, मिथिलेश महतो, अमित महतो, जमुना महतो, देवनारायण महतो, जीतेंद्र प्रसाद चौधरी, दौलत महतो, प्रीतम कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, घनश्याम महतो, शनिचर महतो, अघनू महतो, सीताराम महतो, महादेव महतो सहित अनेकों ग्रामीण मापी कराने में शामिल थे।

### हाथियों ने एक को मार डाला, पूर्व मंत्री ने दी आर्थिक सहायता

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के चार हाथियों के दल ने शिकरा हेम्ब्रम के घर को तोड़ डाला और उसे रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री बेबी देवी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और तत्काल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही कहा कि शेष 3,60,000 रुपये की राशि जल्द से जल्द दी जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज तड़के शिकरा हेम्ब्रम को हाथियों ने कुचलकर मार दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग को निर्देश दिया गया है कि पीड़ित परिवार को सहयोग प्रदान किया जाए। वन विभाग ने बताया है कि हाथियों को भगाने के लिए बांकुड़ा से विशेषज्ञों की टीम बुलाई जा रही है।

## महिला समिति बोकारो का वार्षिकोत्सव संपन्न

संवाददाता

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो का वार्षिक उत्सव मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, और अतिथियों का स्वागत पौधों के माध्यम से किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

समिति की अध्यक्षा अनीता तिवारी ने स्वागत भाषण में समिति द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला और अतिथियों को शुभकामनाएं दीं। सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी ने समिति की वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से और भी रोचक



बनाया गया। समिति की सदस्याओं ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी का गायन रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति की कार्यकारिणी ने भी अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने समिति के सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी, अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक और उनके परिवार उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 24 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना पुलिस ने क्राइम कंट्रोल और सड़क सुरक्षा को लेकर एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने मुख्य सड़क से गुजरने वाले वाहनों की जांच की। जांच के दौरान बिना हेलमेट और बिना कागजात के वाहन चला रहे चालकों को रोका गया और उन्हें वाहन के सभी कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस और हेलमेट की जांच करने के लिए कागजात दिखाने की हिदायत दी गई। जिनके पास कागजात और हेलमेट नहीं थे, उन्हें वाहन रोक कर रखा गया और फिर कागजात दिखाने के बाद उन्हें छोड़ा गया। इसके साथ ही पुलिस ने खासकर नाबालिकों के अभिभावकों को थाना बुलाया और उन्हें चेतावनी दी कि वे अपने बच्चों को वाहन न दें। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और असामाजिक तत्वों में डर पैदा किया जा सके। इस अभियान में पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई और सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### व्यावसायिक संघ द्वारा वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन



**गिद्धौर /चतरा।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड के लक्ष्मणपुर डैम में प्रखंड व्यावसायिक संघ द्वारा वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यवसायियों ने नव वर्ष 2025 की अग्रिम बधाई एक-दूसरे को दी और आगामी वर्ष में आपसी सहयोग और समर्थन बढ़ाने का संकल्प लिया।समारोह का नेतृत्व व्यावसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर दांगी, युवा व्यवसायी आशीष कुमार और सत्येंद्र कुमार दांगी ने किया। कार्यक्रम के दौरान व्यवसायियों ने वन भोज का आनंद लिया और डीजे साउंड पर जमकर नृत्य किया। साथ ही वक्ताओं ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की अहमियत पर चर्चा करते हुए कहा कि वन भोज के माध्यम से एक दूसरे से मिलकर अपने दुख-सुख साझा किए जा सकते हैं, जिससे समाज में सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में देवनारायण दांगी, कविंद्र कुमार, अमरनाथ कुमार, अनिल कुमार, महावीर दांगी, बैजनाथ दांगी, नरेश दांगी, शंकर साव, बबलू कुमार साव, संतोष कुमार, संजय कुमार, भानु विश्वकर्मा, दशरथ दांगी, बहादुर दांगी, संजय दांगी, भानु प्रताप सिंह सहित कई व्यवसायी उपस्थित थे।

### म्यूजिकल चेयर एवं स्केटिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन



**चतरा।** चतरा जिले के गर्ल्स हाई स्कूल में चतरा जिला म्यूजिकल चेयर एसोसिएशन के बैनर तले तीसरी जिला स्तरीय म्यूजिकल चेयर और स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के 120 बच्चों ने भाग लिया और कई खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की रेस आयोजित की गई, जिनमें म्यूजिकल चेयर रेस, म्यूजिकल स्केटिंग रेस, और म्यूजिकल चेयर स्केटिंग रेस शामिल थे। इन खेलों में बालक और बालिका दोनों वर्गों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर खेल में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में पंकज दुबे, कुमार विवेक सिंह, विकास कुमार केशरी, प्रदीप कुमार और अन्य आयोजन समिति के सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा। इसके अलावा, झारखंड म्यूजिकल चेयर संघ के सचिव विकास केशरी ने सभी आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# म्यूटेशन के मामलों पर डीसी दिखीं गंभीर अंचलाधिकारियों को मिले सख्त निर्देश

संवाददाता

**हजारीबाग।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में म्यूटेशन, ई कोर्ट, सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने म्यूटेशन मामलों में 90 दिनों और 30 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन मामलों का त्वरित गति से निपटान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का निष्पादन समय सीमा के अंदर होना चाहिए। म्यूटेशन के मामलों में विलंब करने वाले



अंचलाधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कार्रवाई की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि म्यूटेशन से संबंधित मामलों में अगर किसी आवेदन को रिजेक्ट किया जाता है, तो उसे सेल्फ सेटिस्फाइड कर लिया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी समस्याएं न उत्पन्न हों। उन्होंने अंचल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे म्यूटेशन से संबंधित मामलों को नियमित रूप से निपटाने में गंभीरता दिखाएं और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इसके अलावा, उपायुक्त ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के मामलों पर भी कड़ी निगरानी रखने की बात की और कहा कि अतिक्रमण की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर अवैध कारखाने चल रहे हैं, जिनकी जांच के लिए अंचलाधिकारी को फील्ड पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने रेवेन्यू कोर्ट के मामलों के निपटान पर भी ध्यान देने की बात की और कहा कि आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जनता दरबार में आए मामलों पर भी गंभीरता से कार्य किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, एलआरडीसी और सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लाइंड डबल मर्डर केस का खुलासा पुलिस ने बरामद किए दो शव

संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह से लापता युवक विकास कुमार यादव और महिला आशा देवी के शव रविवार को पुलिस ने बरामद किए। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पूछताछ और उनकी निशानदेही पर दोनों शवों को प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी जंगल से बरामद किया। परिजनों का आरोप है कि यह हत्याएं अफीम तस्करों द्वारा की गई हैं। उन्होंने कहा कि अफीम तस्कर साबिर मियां और विश्वनाथ भुइयां द्वारा प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी गांव में अफीम की खेती की जा रही थी, जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नष्ट कर दिया था। इस पर तस्करों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए युवक विकास कुमार और महिला आशा देवी की हत्या कर दी। परिजनों का यह भी कहना है कि पूर्व में तस्कर साबिर मियां ने इन्हें धमकी भी दी थी। चतरा के एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और हत्या के कारणों का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने शवों को बरामद करने के लिए कई किलोमीटर तक पैदल यात्रा की। इस घटना को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## मशरूम उत्पादन से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर, दिया गया प्रशिक्षण



संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में आर्या परियोजना के तहत पत्थलगड़ा और गिद्धौर प्रखंड के करीब 70 किसानों को मशरूम उत्पादन के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक धर्मा उरॉव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन के लाभों और इस व्यवसाय से जुड़ी तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। वैज्ञानिक उरॉव ने कहा कि मशरूम उत्पादन से किसान न केवल अपने लिए एक अच्छा आय स्रोत प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार भी दे सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मशरूम में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं, और यह किसानों के लिए एक अच्छा व्यवसाय बन सकता है। मशरूम उत्पादन के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिसमें शुद्ध कवक जाल संवर्धन तैयार कर उसे उबले हुए गेहूं, बाजरा, ज्वार, राई जैसे दानों पर उगाया जाता है। इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय ने भी किसानों को मशरूम उत्पादन के महत्व और उसकी खेती से जुड़ी आवश्यक बातें बताईं। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों और भूमिहीन किसानों के लिए मशरूम की खेती एक लाभकारी व्यवसाय हो सकता है। प्रशिक्षण के अंत में किसानों को मशरूम उत्पादन से संबंधित आवश्यक उपादान भी वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के शिवेंद्र कुमार दूबे, उपेंद्र कुमार सिंह, मो. जुनैद आलम और रूपलाल कुमार भोक्ता ने अहम भूमिका निभाई।

## 2025 के नववर्ष को लेकर प्रशासन की एडवाइजरी

**चतरा।** वर्ष 2024 के समापन और नववर्ष 2025 के अवसर पर चतरा अनुमंडल दंडाधिकारी ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ और नशे के सेवन से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन की ओर से कुछ आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। एडवाइजरी में यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति पर्यटन स्थल पर प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाकर फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी न करे। साथ ही, नशे में धुत होकर वाहन चलाने पर कड़ी रोक लगाई गई है। इसके अलावा, भड़काऊ संगीत बजाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति घातक हथियार जैसे लाठी, भाला, गड़ासा, तीर-धनुष या आग्नेयास्त्र लेकर पर्यटन स्थल पर नहीं जाएगा। इसके अलावा, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले समाचारों या सूचनाओं के पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ में गणित मेला का आयोजन



संवाददाता

**चतरा।** सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ, चतरा में रामानुजन जयंती के अवसर पर गणित मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय के सचिव दीनानाथ सिंह, अध्यक्ष विनोद यादव, प्रधानाचार्य नारायण सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।गणित मेला में बच्चों के लिए गणितीय उपकरणों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां बच्चों ने विभिन्न गणितीय खेल और प्रयोगों में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त, कला और व्यंजन स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां छात्रों ने अपने द्वारा बनाई गई कला और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। इन स्टॉल्स का उद्देश्य बच्चों को आर्थिक ज्ञान और बाजार की प्रक्रिया समझाना था। कूपन के माध्यम से इन वस्तुओं की खरीदारी की गई, जिससे बच्चों को पैसे के मूल्य और उनकी बढ़त-घटाव की जानकारी मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गणित के विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता, आचार्य विद्यानंद पांडेय, अरविंद कुमार सिंह और विद्यालय के अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सांसद कालीचरण सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय के विकास में सहयोग देने का आश्वासन दिया और इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता बताई।

# सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

### उप विकास आयुक्त ने कहा कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों का करें शीघ्र निष्पादन, जानकारी हेतु मिलने आए लोगों को अच्छी तरह से दें जानकारी

संवाददाता

**चतरा।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य एवं अन्य क्षेत्र में सुशासन पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।



कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी शामिल हुए। इस दौरान सुशासन से संबंधित प्रमुख मुद्दों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति, ग्रामीण स्तर पर सेवा प्रदायगी में सुधार, सरकार द्वारा संचालित योजनओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही बिरहोर टोला में पानी, सड़क समेत अन्य सुविधाओं को चिन्हित करते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में अपने कार्यों का निर्वहन समय पर एवं शीघ्र करें, जानकारी हेतु या किसी प्रकार का शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में उसका निष्पादन शीघ्र करे, अगर कोई शिकायतकर्ता/आमलोग आपसे मिलते है तो उसे अच्छी तरह से जानकारी दें। आगे उन्होने बताया कि सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक प्रखण्डवार कैंप लगाकर शिकायतों एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्रम में 19 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक जिले के सभी प्रखण्डों में लगाए गए अब तक कुल 76 कैंपों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कुल 8256 शिकायतों में से 5993 शिकायतों का निष्पादन किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, एसडीओ चतरा जहूर आलम, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, ईडी एम चतरा, डीपीओ यूआईडी, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## खेल से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का जज्बा बढ़ता है : काली चरण सिंह

संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिला में म्यूजिकल चेयर एसोसिएशन के बैनर तले तीसरा जिला स्तरीय म्यूजिकल चेयर और स्केटिंग प्रतियोगिता गर्ल्स हाई स्कूल चतरा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 10 स्कूलों के 120 बच्चों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में म्यूजिकल चेयर रेस, म्यूजिकल स्केटिंग रेस और म्यूजिकल चेयर स्केटिंग रेस सहित कई प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का जज्बा उत्पन्न होता है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल जगत में बच्चों के लिए काफी संभावनाएं हैं और यह उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद कर सकता है। इस मौके पर आयोजक मंडली के अध्यक्ष विकास केशरी, समाजसेवी फजलू रहमान, मो. जसीम और अन्य उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांसद ने आयोजकों की सराहना की और उन्हें इस कार्य के लिए बधाई दी।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणित के महान आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद, डीन (एडमिन) डॉ. एसआर रथ, डीन (एकेडमिक) डॉ. एमके मिश्रा, और विज्ञान विभाग के एचओडी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के उद्घाटन में कुलपति प्रो. पीके नायक ने गणित के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गणित ना केवल एक शैक्षिक विषय है, बल्कि यह हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के योगदान ने दुनिया को नई दिशा दी। रामानुजन के योगदान को याद करते हुए उन्होंने बताया कि गणित में उनके कार्यों ने वैज्ञानिक शोध और विकास में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने गणित के महत्व को जीवन के हर पहलू में बताया और इसे तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी अहम बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे रामानुजन के जैसा अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर, एमएससी की छात्रा अन्नू प्रतिभा और बीएससी के छात्र सार्थक कुमार ने रामानुजन के योगदान पर विस्तार से चर्चा की और उनके कार्यों के प्रभाव को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया। विज्ञान विभाग की एचओडी, डॉ. सबिता कुमारी ने गणित की महत्ता और इसके आम जनजीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। दिवाकर, यशोदा और हेरा ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। वहीं, साहिल और उनके ग्रुप द्वारा प्रस्तुत मैथेमेटिकल स्किट को भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन पहले हिस्से में हेरा फातिमा और आलोक राज भारती ने किया, जबकि दूसरे हिस्से में तनिष्का कुमारी और साहिल कुमार ने मंच संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक राहुल राजवार ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**AFFIDAVIT**

I, JULI DEVI w/o Rohit Mahto R/o Village Baradih, Post Bhendra, Nawadih, Bokaro, Jharkhand do hereby solemnly affirm by affidavit no. 2305 dated 19.10.24 declare as follows:
1.That, my actual and correct name is JULI DEVI as entered in my Adhar Card No. 4177 7811 1945. But in my Bank of India, Bhendra Bank A/C 488510110003656 my name has been mentioned NULO DEVI.
2. That JULI DEVI and NULO DEVI, both are the name of same and one person i.e. myself.

**AFFIDAVIT**

I, **PHUTIA DEVI** W/o. Nanhu Kumhar, aged about 68 years, by faith-Hindu, R/o-135, Ranipokhar, P.O. Baidhmara, P.S.-Harla, Distt. Bokaro (Jharkhand)-827009, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :-
1. That, my actual and correct name is **PHUTIA DEVI** which is mentioned in my Aadhaar Card vide No. **5740 8038 3648, PAN Card vide No. BXUPD6080M & all documents.**
2. That, due to inadvertent mistake in my Bank of India, **Sector-9** Branch Bokaro vide Bank Account No. **479510110004644** my name has been mentioned as **FUTI VALA DEVI** in place of **PHUTIA DEVI** which is to be rectify.
3. That, **PHUTIA DEVI** end **FUTI VALA DEVI** is the name of one and same identical lady i.e. myself.
4. That, I am swearing this affidavit to submit it before the aforesaid Bank of India for correction of my actual name as **PHUTIA DEVI** in my bank account in place of **FUTI VALA DEVI** and for needful purpose.

Solemnly affirmed before me the deponent who is duly identified by me Sunil Prasad Advocate Civil Court, Bokaro, Enrollment No.74/2006

**VERIFICATION**

Statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief. I signed this affidavit at Bokaro on 20/12/2024

## संक्षिप्त खबरें

### ज्वेलरी दुकान से लाखों की आभूषण चोरों ने उड़ाई

**झरिया।** तिसरा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक देखने को मिला, देर-रात चोरों ने दो ज्वेलरी दुकान में अपनी हाथ की सफाई दिखाई और दुकान का शटर काटकर सारे ज्वेलरी को लूट लिए। जयरामपुर मोड़ स्थित मां पिंकी देवी ज्वेलर्स और उदय गोस्वामी की दुकान से लगभग एक लाख रुपए की ज्वेलरी लूट लिया। दुकानदारों ने बताया कि चोरों ने शटर काटकर दुकान में रखें तमाम ज्वेलरी को चुरा ले गए। इसकी सूचना उन्होंने तीसरा थाने को दी, सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सुमन कुमार ने जांच की बात की है, उन्होंने बताया कि अगल-बगल के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है कुछ सुराग मिला है जल्द हीं चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### फुलारीटांड़ खटाल के दो युवक पुराने मामले में जेल भेजे गए

**धनबाद।** महुदा तेलमोच्चो में क्रिकेट खेलने को लेकर हुई मारपीट के मामले में फुलारीटांड़ खटाल के पांच युवकों को मधुबन पुलिस ने हिरासत में लिया। पहचान के बाद तीन युवकों को शिकायत न मिलने के कारण रिहा कर दिया गया, जबकि दो युवक मुन्ना यादव और संदीप यादव को पुराने मामलों में फरार वारंटी होने के कारण जेल भेज दिया गया। दोनों युवक 11 जून 2023 को फुलारीटांड़ हरिजन टोला में हुई हिंसक झड़प के आरोपी थे।

### विधायक शत्रुघ्न महतो ने मृतक कर्मी के पुत्र को नियुक्ति पत्र सौंपा

**धनबाद।** मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर बस्ती निवासी और बीसीसीएल कर्मी 52 वर्षीय मनसा बाउरी का सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया। दुर्घटना सिजुआ नया मोड़ के समीप कार्यस्थल पर हुई। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता कर मृतक के बड़े पुत्र गोविंद बाउरी को नियोजन नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर गोरचंद बाउरी, डब्लू तिवारी, हरी साव, दिनेश महतो, रबी महतो, शंकर महतो, रबी रजवार और कारु रजवार सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया।

### 2025 तक हर घर नल जल योजना लागू करना प्राथमिकताः झरिया विधायक



**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क और विद्युत शवगृह जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। झरिया विधायक रागिनी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मुलाकात की। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं और उनके समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की गई। विधायक रागिनी सिंह ने जोर देकर कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में हर घर तक नल जल योजना का लाभ 2025 तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही मोहलबनी घाट स्थित बंद पड़े विद्युत शवगृह को मरम्मत कर पुनः चालू करने, क्षेत्रीय सड़कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बैठक में सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए आश्वासन दिया कि नल जल योजना के कार्यों में तेजी लाई जाएगी और इसे समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, विद्युत शवगृह की मरम्मत और अन्य विकास कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस बैठक में संतोष सिंह, के.डी. पांडेय, उमेश यादव, राज किशोर जैना, संजय यादव, स्वरूप भट्टाचार्य, साधन महतो समेत कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई, और इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की योजना बनाई गई।

### ठंड में राहतः मारवाड़ी युवा मंच ने गरीबों को बांटे 101 कंबल



**कुमारधुबी।** बढ़ती ठंड को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच, चिरकुंडा शाखा ने गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कर राहत प्रदान की। चिरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे धानकल बस्ती, सुंदर नगर, दास पाड़ा, फकीर मोहल्ला, नीचे बाजार और हाड़ीपाड़ा में 101 कंबलों का वितरण किया गया।।मिट्ठू गढ़यान के आवासीय कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे गए। बुजुर्गों और असहाय लोगों को कंबल मिलने से उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी। ठंड के इस मौसम में इस पहल ने जरूरतमंदों को बड़ी राहत दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों विपुल शर्मा, प्रणव गढ़यान, पंकज अग्रवाल, आकाश अग्रवाल और अभिषेक जिंदल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच के अध्यक्ष ने सभी सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग की मदद की जा सके।

# डॉ. अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं: कांग्रेस



संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने की कड़ी निंदा करते हुए इसे न केवल संविधान निमार्ता का अपमान बताया, बल्कि भाजपा की संविधान-विरोधी मानसिकता का स्पष्ट उदाहरण भी कहा। कांग्रेस ने अमित शाह से सार्वजनिक माफी की मांग की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें तत्काल बर्खास्त करने का आग्रह किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने भारत को एक ऐसा संविधान दिया, जिसकी बदौलत आज नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री हैं। लेकिन आज वही लोग संविधान निमार्ता का अपमान कर रहे हैं। यह न केवल संविधान के प्रति उनके असम्मान को दशार्ता है, बल्कि उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अनास्था को भी उजागर करता है।

कांग्रेस ने कहा कि अमित शाह के 12 सेकंड के उस बयान को देश कभी नहीं भूलेगा, जिसने बाबा साहेब के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। नेताओं ने भाजपा सरकार पर संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने और लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हाल के संसद सत्र के दौरान सत्ताधारी दल ने विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका तक नहीं दिया। महिला सांसदों के साथ दुर्व्यवहार और वरिष्ठ नेताओं को रोके जाने जैसे घटनाक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों का अपमान कर रही है। 83 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ धक्का-मुक्की और संसद परिसर में विपक्षी सांसदों को प्रवेश से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।।कांग्रेस ने यह भी मांग की कि संसद परिसर के सभी सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं, ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथ किया गया यह व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि यह भाजपा की फासीवादी सोच का जीता-जागता उदाहरण है।

कांग्रेस ने ऐलान किया कि बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान के सम्मान की रक्षा के लिए वह सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों में ₹बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च₹ आयोजित किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि भाजपा संविधान निमार्ता का अपमान कर रही है और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।।प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजू दास, मदन महतो, शमशेर आलम, जितेश सिंह, दुर्गा दास, योगेंद्र सिंह योगी, मनोज यादव और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है, जिसे पार्टी हर हाल में जीतकर रहेगी।

## मैथन स्थित बाबू घाट में नए स्पीड बोट का फीता काटकर उद्घाटन



संवाददाता

**कुमारधुबी।** मैथन स्थित बाबू घाट में नए स्पीड बोट का उद्घाटन सोमवार की सुबह निरसा विधायक अरूप चटर्जी एवं एग्यारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान बाबू घाट के संचालकों द्वारा विधायक अरुप चटर्जी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी स्पीड वोट में सवार होकर मिथुन के हसीन वादियों का लुफ्त उठाया। इस मौक पर विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि बाबू घाट के संचालकों द्वारा नववर्ष के अवसर पर नया बोट लाकर लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस नई स्पीड बोर्ड के आ जाने से लोगों को वोटिंग करने में काफी मजा आएगा। मौके पर काफी संख्या में पर्यटक एवं अन्य लोग मौजूद थे। एगयारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि दिसंबर और जनवरी महीने में सैलानियों की काफी भीड़ मैथन डैम में होती है। दूर-दूर से लोग पिकनिक मनाने के लिए मैथन डैम में आते हैं। लेकिन शौचालय नहीं होने के कारण महिलाओं को असुविधा होती है। इसलिए मैं डीवीसी से आग्रह करती हूं कि शौचालय का निर्माण जल्द से जल्द किया जाय। मौके पर मंटू महतो और कार्तिक महतो भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लड़की से फोन पर बात कराकर युवक को एकांत में मिलने बुला लूटपाट करता था गिरोह, एक गिरफ्तार

संवाददाता

**धनबाद।** यदि कोई अंजान युवती चैट करे, तो हो जायें सावधान। क्योंकि धनबाद में अब नये तरीके से लूटपाट करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह चोरी के मोबाइल से युवकों की एक युवती से बात करवाता है। प्रेम जाल में फांसकर एक एकांत स्थान पर बुलाकर उसके साथ मारपीट व छिनतई की घटना को अंजाम देता है। उक्त गिरोह का सरायढेला थाना की पुलिस ने पदार्फाश किया है। मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले का खुलासा होने के बाद तीन पीड़ित पुलिस के सामने आये हैं और मामले की जानकारी दी।

**प्रिया के नाम से आता था कॉल**



सरायढेला थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नूतन मोदी ने बताया कि धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर चीरागोड़ा श्मशान रोड निवासी सरोज कुमार पंडित के पुत्र मनीष कुमार प्रजापति चोरी के मोबाइल से युवकों को अपना शिकार बनाता था। पहले वह कुछ युवकों की पूरी जानकारी इकट्ठा करता था, उसके बाद प्रिया नाम की युवती बनकर उससे चैट करता था। एक सप्ताह से 10 दिन से भीतर वह युवक को अपनी जाल में फंसाकर किसी युवती से उससे बात करवाता था। इसके बाद उसे मिलने के लिए सुनसान जगह बुलाता था। जब उक्त युवक अपनी बाइक से आता था, तो मनीष अपने साथियों के साथ उस पर हमला कर देता था। मारपीट कर बाइक, मोबाइल और रुपया छीन लेता था। पुलिस उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस दौरान पुलिस नसार थाना क्षेत्र के बरमसिया खटाल निवासी संतोष यादव के घर से एक बाइक बरामद किया है। वहीं संतोष फरार हो गया है।

धनबाद के दो युवक और बलियापुर के एक युवक बन चुके हैं शिकार घटना की जानकारी मिलने के बाद तीन युवक सरायढेला पुलिस के सामने आये हैं। पुलिस लाइन बाउरी पाड़ा में निवासी साहिल अंसारी ने बताया कि दिसंबर माह में उसे प्रिया नामक युवती से बात उसकी बात फोन पर हुई। 19 दिसंबर को कुसुम बिहार के सुनसान इलाके में उसे मिलने के लिए बुलाया। वह जैसे ही अपनी बाइक से पहुंचा, वैसे ही मनीष और उसके अन्य साथी उस पर टूट पड़े। मारपीट कर उसकी बाइक, 45 सौ रुपये और मोबाइल छीन लिया। उसके शरीर पर शराब डालकर और उसे ढोकरा होल्ट के पास छोड़ दिया। इस दौरान उन्होंने घर जाने के लिए 40 रुपया किराया दिया। वह किसी तरह से अपने घर पहुंचा और एसएनएमएमसीएच में तीन दिनों तक अपना इलाज कराया। इसी तरह हाउसिंग कॉलोनी निवासी रौशन गुप्ता ने बताया कि 14 दिसंबर उसके मोबाइल पर भी फोन आया था। प्रिया से बात हुई। उसे भी कुसुम विहार के सुनसान इलाका में बुलाया गया था। इसके बाद तीन चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक छीन ली। पुलिस अभी उसके बाइक को बरामद करने के लिए कई स्थानों पर छापामारी कर रही है। इसके अलावा बलियापुर थाना क्षेत्र में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह के साथ भी इसी तरह की घटना हुई। चार दिसंबर को इन लोगों ने घटना को अंजाम दिया था। उससे भी रुपये और अन्य सामान छीने गये, पिटाई भी की गई।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक में सांसद ढुल्लू महतो के बयान का कड़ा विरोध



संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा ऐल सी रोड, हीरापुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने की। इस दौरान, चौधरी ने सांसद ढुल्लू महतो के हालिया बयान की कड़ी आलोचना की और इसे बांग्ला भाषी समुदाय के लिए अत्यधिक अपमानजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि सांसद महतो ने निरसा के विधायक अरूप चटर्जी के खिलाफ असंवैधानिक और अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। सम्राट चौधरी ने बताया कि सांसद ढुल्लू महतो ने एक सार्वजनिक सभा में विधायक अरूप चटर्जी को 'बांग्लादेशी' बताया, जो न केवल असत्य है, बल्कि पूरी तरह से अपमानजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि महतो ने स्वर्गीय गुरदास चटर्जी, जो कि अरूप चटर्जी के पिता और पूर्व विधायक थे, के बारे में भी अभद्र टिप्पणी की। चौधरी ने इस मुद्दे पर कहा कि पूरा झारखंड जानता है कि गुरदास चटर्जी की हत्या माफियाओं द्वारा की गई थी, और वह एक सम्मानित व्यक्ति थे। उनके खिलाफ की गई यह टिप्पणी पूरी तरह से गलत और निंदनीय है।।झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने इस बयान को लेकर कड़ा विरोध व्यक्त किया और सांसद ढुल्लू महतो से माफी की मांग की। समिति के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सांसद महतो माफी नहीं मांगते हैं, तो झारखंड का बांग्ला भाषी समुदाय सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगा। समिति ने यह भी कहा कि बांग्ला भाषी कभी भी इस तरह के अपमान को माफ नहीं करेंगे और उनकी आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। समिति के जिला सचिव राणा चट्टराज, कल्याण भट्टाचार्य, सुशोभन चक्रवर्ती, कल्याण राय, राजू प्रमाणिक, अमिताभ बैनर्जी, सुरजीत चंद्रा, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी, टनी बनर्जी, बादल सरकार, गौरांग मंडल, पिंटू चटर्जी, रोथीन सरकार और अन्य प्रमुख सदस्य बैठक में उपस्थित थे और इस विरोध को समर्थन दिया।

## केयर एंड सार्व फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का गठन, सतीश कुमार सिंह बने अध्यक्ष




संवाददाता

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन ने हीरक रोड स्थित एसबी इंटरनेशनल होटल के समीप अपनी कार्यकारिणी बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में सतीश कुमार सिंह को अध्यक्ष, अजय कुमार चौधरी को सचिव और अमित कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में संस्था के पिछले कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी ने जानकारी दी कि केयर एंड सार्व फाउंडेशन 16 अक्टूबर 2021 से जरूरतमंदों की सेवा में निरंतर सक्रिय है। संस्था पीएमसीएच अस्पताल धनबाद में प्रतिदिन एक समय का भोजन वितरित करती है। इसके साथ ही हर वर्ष 40 मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए उर-40 कोचिंग क्लास का संचालन किया जाता है। इस कार्यक्रम में डॉ. धनंजय कुमार सिंह का विशेष योगदान है। संस्था के सामाजिक कार्य केवल यहीं तक सीमित नहीं हैं। बीते तीन वर्षों में केयर एंड सार्व फाउंडेशन ने 7,000 से अधिक कंबल वितरित किए हैं, कई स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं, और वस्त्र वितरण के अलावा अन्य कई जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया है। संस्था के कार्यों में स्थानीय समाजसेवियों और प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। भविष्य में संस्था स्वास्थ्य, पर्यावरण और पेयजल के क्षेत्र में काम करने की दिशा में योजनाएं बना रही है। इन कार्यों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को राहत पहुंचाना और उनके जीवन स्तर में सुधार करना है। कार्यकारिणी के गठन के दौरान चुनाव पदाधिकारी आलोक झा ने बैठक का संचालन किया, जबकि पर्यवेक्षक की भूमिका संजय कुमार सिंह ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों ने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और संस्था के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने का संकल्प लिया।

**समारोह** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल का भव्य वार्षिक समारोह सांस्कृतिक कार्निवल संपन्न

# कार्निवल से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है



संवाददाता

**धनबाद।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल ने अपने दूसरे वार्षिक समारोह सांस्कृतिक कार्निवल को अत्यधिक धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल सुश्री हरिका रेड्डी, क्षेत्रीय प्रभारी करण कुमार, विद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और उनके गर्वित अभिभावक उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम ने उत्साह, समर्पण और टीम वर्क का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा दी गई नासा पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति रही, जिसमें अंतरिक्ष संगठन के महत्व और उसके वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति में योगदान को बड़े प्रभावी तरीके से दशार्या गया। इस प्रस्तुति ने न केवल अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर किया, बल्कि छात्रों के अनुसंधान कौशल और विज्ञान के प्रति उनके उत्साह को भी प्रदर्शित किया। दर्शकों ने इस प्रस्तुति का खुले दिल से स्वागत किया और छात्रों की मेहनत की सराहना की। समारोह के दौरान, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया और उन्हें पदक प्रदान किए गए। यह पुरस्कार छात्रों की मेहनत, प्रतिबद्धता और प्रतिभा को मान्यता देने का एक माध्यम थे। इन छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया कि वे अपने लक्ष्यों के प्रति कितने दृढ़ हैं। सांस्कृतिक कार्निवल में छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न नृत्य और संगीत कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। रंगीन, जीवंत और ऊजार्वान प्रदर्शनों ने न केवल छात्रों की विविध सांस्कृतिक विरासत को दशार्या, बल्कि उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी उजागर किया। इन प्रदर्शनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम के आनंद को दोगुना कर दिया। अभिभावक कार्यक्रम से अत्यधिक संतुष्ट दिखाई दिए और उनकी जोशीली तालियों से समारोह का माहौल और भी जोशपूर्ण बन गया। उनके उत्साही समर्थन ने छात्रों के प्रदर्शन को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। अभिभावकों की भागीदारी ने इस कार्यक्रम को एक पारिवारिक और सामुदायिक माहौल में बदल दिया। प्रिंसिपल सुश्री हरिका रेड्डी ने अपने संबोधन में छात्रों और कर्मचारियों के समर्पण, मेहनत और टीम वर्क की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है और उनकी व्यक्तित्व निर्माण में मदद मिलती है। क्षेत्रीय प्रभारी श्री करण कुमार ने भी इस विचार को साझा किया और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।₹सांस्कृतिक कार्निवल₹ न केवल एक शैक्षिक उत्सव था, बल्कि यह एक ऐसा आदर्श मिश्रण था, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन और मान्यता का संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच दिया, बल्कि अभिभावकों और दर्शकों को भी एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाता है।

## आईआईटी धनबाद और जेपी हॉस्पिटल के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के लिए साझेदारी



संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए जेपी हॉस्पिटल और अनुसंधान केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह साझेदारी आईआईटी के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों को जेपी हॉस्पिटल में उपलब्ध सभी चिकित्सा विभागों और सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करेगी। इस साझेदारी के तहत, लाभार्थियों को इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार के रोगी उपचार, नैदानिक परीक्षण पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल और चिकित्सा उपचार मिलेंगे। उपचार शुल्क केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना और एनएबीएच दरों के अनुसार होगा। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया है कि लाभार्थी कैशलेस या क्रेडिट आधार पर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिससे वित्तीय देरी के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल मिल सके। यह सहयोग आईआईटी आईएसएम की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देता है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 24 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**अवगुण, नाव की पेंदी में एक छेद के समान है, जो चाहे छोटा हो या बड़ा एक दिन डुबा देता हैं। - कालिदास**

## बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है।

बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है। सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है ह्यजागो ग्राहक जागोह्न जैसे अभियान।

# यह संसार कागज की पुड़िया, बूंद पड़े घुल जाना है, रहना नहीं देश वीराना है


विनय कुमार तिवारी

संसार के अस्थायित्व को समझने के लिए यह पंक्ति अपने आप में पूरी तरह पर्याप्त है। यह जीवन के असली अर्थ और इसके क्षणभंगुर स्वरूप को सरल और प्रभावी शब्दों में प्रकट करती है। जीवन, जिसे हम अक्सर स्थायी मानते हैं, वास्तव में उतना ही नश्वर और अस्थिर है जितना कि कागज की वह पुड़िया, जो नमी पड़ने पर घुल जाती है। यह संसार एक ऐसा मंच है, जहां हर व्यक्ति अपने हिस्से का अभिनय करके अंततः मंच से विदा लेता है। इस विचार पर आधारित यह आलेख जीवन और संसार की अस्थिरता, इसकी वास्तविकता और हमारे अस्तित्व के उद्देश्य को गहराई से समझने का प्रयास करेगा। जीवन के क्षणभंगुर होने का बोध हर व्यक्ति को किसी न किसी मोड़ पर होता है। यह बोध कभी किसी अपने के खोने से, कभी अपनी उपलब्धियों के महत्वहीन हो जाने से, तो कभी समय के तेज प्रवाह को देखकर होता है। हमारा जीवन और यह संसार एक चक्र के समान है, जहां सब कुछ लगातार बदलता रहता है।

कागज की पुड़िया की तरह, जो जितनी हल्की और कमजोर होती है, उतनी ही जल्दी समाप्त हो जाती है, हमारा जीवन भी नाजुक और परिवर्तनशील है। इस संसार की अस्थिरता को समझने के लिए प्रकृति के नियमों को देखना पर्याप्त है। दिन और रात का परिवर्तन, ऋतुओं का चक्र, जन्म और मृत्यु, इन सभी में बदलाव ही एकमात्र स्थायी सत्य है। यह संसार किसी भी वस्तु, व्यक्ति या भावना के स्थायित्व का वादा नहीं करता। हम इसे स्थायी मानने की भूल करते हैं और यहीं से हमारी समस्याओं की शुरूआत होती है। यह समझना आवश्यक है कि यह जीवन एक यात्रा है, जहां रुकने का कोई ठिकाना नहीं है। इस संसार की नश्वरता और क्षणभंगुरता को समझना जीवन की गहराई को महसूस करने का पहला कदम है। जब हम इस सच्चाई को स्वीकार करते हैं कि यह संसार केवल एक अस्थायी पड़ाव है, तो हमारी सोच में एक गहरा परिवर्तन होता है।

जीवन के प्रति हमारी दृष्टि और व्यवहार में स्पष्टता और स्थिरता आती है। संसार को कागज की पुड़िया मानने का अर्थ यह नहीं है कि इसे महत्वहीन समझा जाय, बल्कि यह समझा जाय कि यह केवल एक माध्यम है, एक साधन है, जिससे हमें अपने वास्तविक लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता मिलती है। भारतीय दर्शन में संसार को माया कहा गया है। माया का अर्थ है वह जो दिखती तो है, लेकिन उसका कोई स्थायी अस्तित्व नहीं है। यह संसार माया के भ्रम से भरा हुआ है। हम अक्सर इस भ्रम में पड़ जाते हैं कि हमारे पास जो भौतिक सुख-संपत्ति है, वह हमें स्थायी खुशी देगी। लेकिन जब यह चीजें हमारी पकड़ से छूटने लगती हैं, तो हमें उनके अस्थायित्व का अहसास होता है। यह समझने के लिए गीता में भगवान कृष्ण के उपदेश महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा है कि यह संसार और इसमें होने वाली हर चीज परिवर्तनशील है। जो आज है, वह कल नहीं रहेगा, और जो कल होगा, वह परसों बदल जाएगा।

जब हम इस सच्चाई को समझने लगते हैं, तो हमारे जीवन में एक गहरी शांति का अनुभव होता है। यह अहसास कि सब कुछ क्षणभंगुर है। हमें अपनी इच्छाओं, अपेक्षाओं और दुखों से मुक्ति दिलाने में मदद करता है। जब हम संसार को कागज की पुड़िया के रूप में देखते हैं, तो हम इससे अत्यधिक आसक्ति नहीं रखते। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम संसार और इसके सुखों का त्याग कर दें, बल्कि यह है कि हम इसे उसकी वास्तविकता के साथ स्वीकार करें। यह विचार न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे व्यवहारिक जीवन में भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है।

जब हम यह समझ लेते हैं कि जीवन अस्थायी है, तो हम अपने रिश्तों, अपने कार्यों और अपनी आकांक्षाओं को एक संतुलित दृष्टिकोण से देखने लगते हैं। हम छोटी-छोटी बातों पर परेशान नहीं होते और न ही अनावश्यक इच्छाओं में उलझते हैं। हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट हो जाती हैं और हम उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। इस संसार की अस्थायित्वता का अर्थ यह भी है कि हमें इसे बेहतर बनाने के लिए अपने हिस्से का प्रयास करना चाहिए। जब हम जानते हैं कि हम यहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे, तो हमारे अंदर एक गहरी कृतज्ञता का भाव उत्पन्न होता है। हम दूसरों के साथ सहानुभूति और करुणा से पेश आते हैं। हमारे लिए भौतिक चीजें महत्वहीन हो जाती हैं और हम आत्मा के शुद्धिकरण और सच्चे आनंद की खोज में लग जाते हैं। कवि कबीर ने इस विचार को अपने दोहों में बार-बार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है, माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोहि। एक दिन ऐसा आएगा, मैं रौंदूंगी तोहि। यह पंक्ति जीवन की अस्थिरता और इसके नाशवान स्वरूप को सरल शब्दों में प्रस्तुत करती है। मनुष्य, जो अपने भौतिक जीवन में इतना खोया हुआ है, यह भूल जाता है कि एक दिन वह भी इस संसार से विदा लेगा। जीवन के इस क्षणभंगुर स्वरूप को समझने का अर्थ यह नहीं है कि हम इसे निराशा की दृष्टि से देखें। बल्कि यह समझ हमें प्रेरणा देती है कि हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और उपयोगी बनाएं। जब हमें यह पता होता है कि हमारे पास सीमित समय है, तो हम इसे व्यर्थ की बातों में नहीं गंवाते। हम अपने हर दिन को, हर क्षण को जीने का प्रयास करते हैं।

रहना नहीं देश वीराना है इस पंक्ति में यह संदेश छिपा हुआ है कि यह संसार हमारा स्थायी निवास स्थान नहीं है। यह केवल एक मार्ग है, एक यात्रा है, जो हमें हमारी आत्मा के वास्तविक उद्देश्य की ओर ले जाती है। यह जीवन केवल उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हम इसे अपने कर्मों और विचारों से बनाते हैं। यह संसार कागज की पुड़िया है, इस विचार को अपनाने से हमें अपने जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण मिलता है। यह हमें सिखाता है कि जीवन को हल्के में न लें, इसके अस्थायित्व को भी समझें। यह संतुलन ही हमें एक शांत, सार्थक और आनंदमय जीवन जीने में मदद करता है। इस प्रकार यह पंक्ति केवल एक साधारण कथन नहीं है, बल्कि जीवन की एक गहन सच्चाई है, जो हमें अपनी वास्तविकता और उद्देश्य को पहचानने का अवसर प्रदान करती है। इसे आत्मसात करते हुए हमें अपने जीवन को ऐसे जीने का प्रयास करना चाहिए कि जब हम इस संसार से विदा लें, तो हमारे पीछे अच्छाई, प्रेम और सकारात्मकता का प्रभाव शेष रहे।

# ग्राहक सशक्तिकरण ही 'ग्राहक संप्रभुता' का मार्ग


दिनकर जी सबनीस

**(ग्राहक दिवस/24 दिसंबर/विशेष)**

भारतीय चिंतन के दृष्टिकोण से अर्थव्यवस्था के केंद्र बिंदु 'ग्राहक संप्रभुता' पर विचार करने से पहले 'ग्राहक' शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। क्योंकि वैश्विक ग्राहक आंदोलन 'ग्राहक' को बाजार में की जाने वाली खरीद-बिक्री की गतिविधियों तक ही सीमित रखता है। जबकि 'ग्राहक' शब्द अंग्रेजी में 'उपभोक्ता' या 'कस्टमर' का पर्याय नहीं है। इसे हिंदी शब्द 'उपभोक्ता' का पर्याय भी नहीं माना जा सकता। 'उपभोक्ता' शब्द उपभोग की अवधारणा से लिया गया है, जबकि 'ग्राहक' शब्द प्राप्त करने या स्वीकार करने की क्रिया से उत्पन्न हुआ है। दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। उपभोग असीमित है और आवश्यकता के बजाय क्षमता को संतुष्ट करता है, जबकि प्राप्ति आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित है। आवश्यकता पूरी होने पर संतुष्टि प्राप्त होती है।

'ग्राहक' शब्द सुनकर वास्तव में विचार यह होना चाहिए कि ग्राहक ही अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। ग्राहक केवल वस्तुओं और सेवाओं के खरीदार नहीं हैं। ग्राहक आर्थिक ढांचे का केंद्रीय तत्व हैं। ग्राहक की मांग ही उत्पादन प्रक्रिया की शुरूआत करती है, और यही मांग अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखती है। ग्राहक की प्राथमिकताएं और शक्ति अर्थव्यवस्था को दिशा देती हैं। अगर ग्राहक उत्पादों या सेवाओं के प्रति उत्साह नहीं दिखाते हैं तो उद्योग और व्यवसाय मंदी का अनुभव कर सकते हैं, जिससे अंततः उत्पादन में कमी और अर्थव्यवस्था में संभावित ठहराव आ सकता है। इसका मतलब है कि आर्थिक समृद्धि के लिए ग्राहक का आत्मविश्वास और क्रय शक्ति आवश्यक है।

आर्थिक परिदृश्य में विभिन्न बाजार विकल्पों की उपलब्धता बढ़ रही है, परन्तु ग्राहक को प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उनकी जरूरतें और प्राथमिकताएं अद्वितीय हैं। इसलिए, सरकार और विभिन्न व्यवसाय अपने ग्राहक अनुभव और संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतियां तैयार करते हैं। इस संदर्भ में ग्राहक की संप्रभुता का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है। ग्राहकों के पास अब ज्ञान और विकल्प दोनों हैं और वे इनका उपयोग संतोषजनक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए करते हैं। उनके लिए अपने अधिकारों और विकल्पों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे न केवल उनकी संप्रभुता मजबूत होती है, बल्कि अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है।

अंततः हम कह सकते है, 'ग्राहक' अर्थव्यवस्था के विकास और सुधार के लिए जरूरी कुंजी हैं। उनकी संतुष्टि और भरोसा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। किसी भी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ग्राहक की सक्रिय भागीदारी एक अनिवार्य शर्त है। लेकिन, वर्तमान में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां ग्राहक की अनदेखी करते हुए संचालित की जा रही हैं। पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है। यही कारण है कि दुनिया की अधिकांश अर्थव्यवस्था इस समय संकट में हैं। सरकार, उत्पादक, कॉरपोरेट और व्यापारी 'ग्राहकों' को अंधेरे में रखकर न केवल उनका शोषण कर रहे हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के पोषक तत्वों को भी नष्ट कर रहे हैं। वे भूल जाते हैं कि जैसे ही ग्राहक का बाजार से भरोसा डगमगाता है, वैसे ही मंदी की काली छाया बाजार को अपनी चपेट में लेने लगती है।

ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था के सभी घटक प्रभावित होने लगते हैं और वे ग्राहकों को बाजार की ओर आकर्षित करने के लिए अप्राकृतिक तरीकों का सहारा लेते हैं। पश्चिमी दुनिया में ग्राहकों की प्रकृति, व्यवहार और विशेषताओं के कारण बाजार मंदी से उबर जाते हैं, लेकिन इसकी कीमत ग्राहकों को चुकानी पड़ती है, जो लगातार कर्ज के बोझ तले दबते जाते हैं। इसके विपरीत हमारे देश में ग्राहक, भारतीय ग्राहक आंदोलनों और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर अपनी आवश्यकताओं को सीमित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सरकार विभिन्न वित्तीय संस्थानों के माध्यमों से ग्राहकों को अपनी जरूरत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आसान पूंजी और ऋण उपलब्ध कराने के बाद भी स्थानीय ग्राहक अपनी जरूरतें बढ़ाने में बहुत कम रुचि दिखाते हैं, क्योंकि वे अपने कर्ज का बोझ नहीं बढ़ाना चाहते। भारतीय बाजार में ग्राहक मांग बढ़ाने के कृत्रिम तरीकों से दूर रहते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि बाजार की समृद्धि पूरी तरह से ग्राहक के व्यवहार और आवश्यकताओं पर निर्भर करती है। इसके बावजूद वर्तमान में सरकार, उत्पादक और व्यापारी ग्राहक की अनदेखी कर रहे हैं। हालांकि, ग्राहक आंदोलनों के प्रचार-प्रसार और ग्राहक कार्यकर्ताओं की सतर्कता के कारण, ग्राहक सहायता के नाम पर कुछ कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश कार्यक्रम ग्राहक की समस्या को हल करने के बजाय उसे और जटिल बनाते नजर आते हैं। वे ग्राहक की समस्याओं को सुनते नहीं हैं, बल्कि ग्राहक को अपनी समस्याओं को अपने तैयार किए गए ढांचे में बांधने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे समस्या-समाधान की आड़ में उनका ध्यान भटक जाता है। इन कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य उत्पादकों के हितों की सेवा करना है, जिसके कारण अपनी समस्याओं का समाधान चाहने वाले अधिकांश ग्राहक निराशा में सिर पकड़कर बैठ जाते हैं।

उत्पादक वस्तुओं का निर्माण करते हैं और सेवा प्रदाता ग्राहक को सेवाएं प्रदान करते हैं। ग्राहक को इन वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता होती है। इसलिए दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। फिर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव क्यों है? उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के मुनाफे पर ग्राहकों को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, इस मुनाफे की सीमा निर्धारित होनी चाहिए। आजकल ग्राहकों का शोषण करने के लिए नई-नई मार्केटिंग तकनीक अपनाई जा रही है। यह शोषण बंद होना चाहिए। ग्राहक आंदोलन वस्तुओं को सस्ता बनाने के बारे में नहीं है, यह 'उचित मूल्य पर उचित वस्तु' की वकालत करता है। जब कोई ग्राहक किसी उत्पाद के लिए निमार्ता द्वारा मांगी गई पूरी कीमत चुकाता है, तो उसे ऐसा उत्पाद मिलना चाहिए जो निमार्ता द्वारा वादा किए गए गुणों को पूरा करता हो। वे उत्पाद की गुणवत्ता से समझौता क्यों करें? ग्राहक उत्पाद के लिए चुकाई गई कीमत का पूरा मूल्य चाहता है, थोड़ा भी कम नहीं। यही परिस्थितियां हैं जो बाजार में टकराव का माहौल बनाती हैं।

नीतिगत विषय तो यह है कि 'ग्राहक' आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु होने तथा आर्थिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण संप्रभुता होना चाहिए। ये गतिविधियां पर्दे के पीछे नहीं, बल्कि पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए। इन आर्थिक गतिविधियों में ग्राहक को शामिल होना चाहिए। आर्थिक गतिविधियां त्रिकोणीय (सरकार, उत्पादक और व्यापारी) नहीं होनी चाहिए। वे चतुर्भुज (सरकार, उत्पादक, व्यापारी और ग्राहक) होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से और स्थायी रूप से विकसित करने के लिए यह एक आवश्यक शर्त है। इसके अभाव में सरकार, उत्पादक और ग्राहक के बीच टकराव जारी रहेगा, जो देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक नहीं है। यह अलग बात है कि आज ग्राहक आंदोलन इतना संगठित या मजबूत नहीं है कि वह सीधे आर्थिक गतिविधियों में हस्तक्षेप कर उन्हें पंगु बना सके।

# अटल बिहारी वाजपेयी एक अजातशत्रु


मनोज कुमार मिश्र

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता, उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते तो सौ साल के होते। 25 दिसंबर,1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त 2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के चलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था। यह जानकर लोगों को ताजुब्ब होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे, अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता तो उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरात के तब के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गए दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक की सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई,1996 को संसद में उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।

उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए। देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना बनी। 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए। उससे खफा पाकिस्तान में कारगिल में हमला किया तो उसका मुंहतोड़ जबाब दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने की हर संभव प्रयास किया। दिल्ली से खुद प्रमुख नागरिकों के साथ बस से लाहौर की यात्रा की। उनकी कोशिश नवाज शरीफ का तख्तापलट होने और जनरल परवेज मुशर्रफ के अड़ियल रवैये से सफल नहीं हो पाई। पहले गैर कांग्रेसी नेता के रूप में उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री छह साल का कार्यकाल पूरा किया। वे कहा करते थे कि भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अटल जी की सोच को उन्नत तरीके से बढ़ाने में लगे हए हैं। अटल जी को देश के अनेक हिस्सों में सम्मानित किया जाता रहा। 1992 में उन्हें पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि, लेखक पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने।

फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देररात तक मीलों यात्रा करके आते थे। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनाए थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली।

जनता पार्टी सरकार के विदेश मंत्री के नाते पहली बार अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। वे कार्यकर्ताओं को खूब महत्व देते थे। हर रोज एक घंटा उनसे बिना पूर्व समय लिए कार्यकर्ता मिल सकते थे। किसी कार्यकर्ता के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए विजय गोयल प्रधानमंत्री कार्यालय का मंत्री रहने के चलते उनके काफी करीबी रहे। वो कहते हैं कि अटल जी सही मायने में राष्ट्र पुरुष थे। लंबे समय तक सांसद, मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद वे आजीवन फक्कड़ रहे। शुरूआती दिनों के उनके साथी और लोकप्रिय कवि, गीतकार गोपाल दास नीरज ने एक बार संस्मरण सुनाया था कि वे अटल जी के साथ आगरा किसी कवि सम्मेलन में गए। रेलगाड़ी लेट होने से वे सम्मेलन स्थल पर तब पहुंचे, जब आयोजन समाप्त हो चुका था। उन्होंने नीरज को तांगे का किराया देने को कहा तो उन्होंने पैसा होने से इनकार कर दिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यवसाय में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लाभदायक रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

रोजगार मेला: युवाओं को केंद्रीय संगठनों में नियुक्ति पत्र प्रदान करने का ऐतिहासिक अवसर

# अपने समर्पण से राज्य व देश का नाम रौशन करें : प्रदीप प्रसाद

संवाददाता

**हजारीबाग।** देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेला कार्यक्रम के 14 वें चरण के अंतर्गत आज सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न केंद्रीय संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यह कार्यक्रम रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रहा है, जिससे हजारों युवाओं के सपने सच हो रहे हैं। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, तथा चतरा विधायक जनार्दन पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के स्वागत में के. एस. बन्याल, महानिरीक्षक, बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख राजेश कुमार, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और ऊर्जा का वातावरण था, जहां उपस्थित युवाओं और उनके परिवारों में खुशियों की लहर दौड़ रही थी।।कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक वीडियो संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने रोजगार मेले के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने युवाओं को यह प्रेरणा दी कि वे देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं और अपने प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। प्रधानमंत्री ने बताया कि रोजगार मेला, जो 22 अक्टूबर 2022 को प्रारंभ हुआ था, अब तक लाखों युवाओं को सरकारी और केंद्रीय संगठनों में रोजगार प्रदान कर चुका है। यह पहल देश में रोजगार के अवसरों की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। प्रधानमंत्री ने इस पहल के तहत चयनित युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जुट जाएं, ताकि वे राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान कर सकें। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए



कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, और वित्तीय सेवा विभाग जैसे केंद्रीय संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इन विभागों में चयनित होने के बाद युवाओं के जीवन में एक नई दिशा का आरंभ हो रहा है, और वे अब अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित होकर देश की सेवा में लगेंगे। अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा, देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपके समर्पण और मेहनत से हमारा देश नई ऊंचाइयों को छूएगा। रोजगार मेला इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। देश के विकास में योगदान का संकल्प कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगे। उनके उत्साह और समर्पण ने कार्यक्रम में एक उत्सव का माहौल बना दिया। उन्होंने अपने परिवारों और समाज का नाम रोशन करने का दृढ़ निश्चय किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोग यह मान रहे थे कि रोजगार मेला केवल रोजगार की पहल नहीं, बल्कि एक ऐसी क्रांति है, जो देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। रोजगार मेलाः एक ऐतिहासिक पहल रोजगार मेला, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ, आज पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बन चुका है। यह कार्यक्रम ना केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में रोजगार के अवसरों की दिशा में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की कोशिश कर रहा है। इस मेला के माध्यम से लाखों युवा सरकारी संगठनों में अपनी सेवाएं देने के लिए चयनित हो रहे हैं, जो अपने कार्यों से समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेला अभियान ने देश के युवाओं को न केवल रोजगार प्रदान किया है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर भी दिया है। मुझे गर्व है कि आज झारखंड के चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का अवसर मिला। आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करें और देश को आगे ले जाने में अपना योगदान दें।प्रदीप प्रसाद, सदर विधायक ने कहा यह हमारे युवाओं के लिए गर्व का क्षण है कि वे केंद्रीय संगठनों में अपनी सेवाएं देंगे। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से झारखंड के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आप सभी से अनुरोध है कि इस अवसर का पूर्ण उपयोग करें और झारखंड का नाम रोशन करें।

## संक्षिप्त खबरें

### राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन 22 दिसंबर को किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा और विभागीय शिक्षकों डॉ. प्रमोद कुमार तथा डॉ. अजय बहादुर सिंह की उपस्थिति में विभाग के शोधार्थियों और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को जोन्हा जलप्रपात का भ्रमण कराया गया। इस परिभ्रमण का विषय ह्यअपने झारखंड को जानोह्व था, जिसके तहत विद्यार्थियों को राज्य की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराया गया। शैक्षणिक परिभ्रमण से पूर्व विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के उद्देश्य और आयोजन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसे उन्होंने अत्यधिक उत्साह और समर्पण के साथ निभाया। जोन्हा जलप्रपात पहुँचने पर विद्यार्थियों को झारखंड की प्राकृतिक खूबसूरती, जलप्रपात की ऐतिहासिकता और उसके संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के लिए भी टिप्स दिए गए और यह भी बताया गया कि प्रकृति के साथ किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए।।चूँकि यह समय छुट्टियों का था, जलप्रपात पर पर्यटकों की भीड़ अधिक थी। विद्यार्थियों को यह भी सिखाया गया कि किस प्रकार से अन्य पर्यटकों को असुविधा पहुँचाए बिना आनंद लिया जा सकता है। परिभ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने झारखंड में सरकारी लापरवाही और प्राकृतिक स्थलों के प्रति प्रशासन की उपेक्षा को महसूस किया। जोन्हा जलप्रपात में गंदगी और अव्यवस्था को देखकर विद्यार्थियों ने प्रश्न उठाया कि आखिरकार सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा पर्यटन स्थल की देखभाल में लापरवाही क्यों बरती जा रही है। वहीं, कुछ पर्यटकों के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार ने विद्यार्थियों को चिंतित कर दिया। कुछ पर्यटकों ने उच्च वॉल्यूम में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया, जिससे वातावरण में शांति भंग हुई। विद्यार्थियों ने महसूस किया कि सरकार की ओर से बनाए गए गजीबो भी खस्ता हालत में थे। इन सब अनुभवों से विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और धीरे-धीरे व्यवस्था को बदलने का प्रयास करेंगे।

### निर्मल जैन ने 95 वीं बार रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया

**हजारीबाग।** हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष का 42 वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने 95 वीं बार रक्तदान कर किया। उनके रक्तदान के बाद रामकृष्ण रेडी, राजेश कुमार, रॉबिन जैन, राजु रंजन, कुणाल पासवान, एस रजा, कौशल कुमार, रौनक जैन, अरिहंत जैन, मोहित जैन, पंकज कुमार सिन्हा, प्रणय कुमार, दीपक खंडेलवाल, अंकित सुरेका, गौतम कुमार, सनोज महतो, भीमराम, साहिल कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, तनवीर वारसी, रंजन कुजूर, और किशन कुमार सहित कई अन्य रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। निर्मल जैन ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में स्फूर्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान के प्रति जागरूकता की कमी के कारण लोग रक्तदान से कतराते हैं और जब जरूरत पड़ती है तो वे रक्त बेचने वालों के पास जाते हैं, जोकि एक खतरनाक प्रथा है। ऐसे दलालों के जरिए प्राप्त रक्त में संक्रमण का खतरा होता है, जो रोगों का कारण बन सकता है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव ने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एसोसिएशन लगातार शिविर आयोजित करता है और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर सहयोग भी प्रदान करता है।

## जब तक गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : राजीव रंजन प्रसाद

संवाददाता

**हजारीबाग।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ गलत एफआईआर के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान की कड़ी निंदा की और कहा कि यह न केवल अंबेडकर के प्रति एक अपमान है, बल्कि भाजपा और संघ की असंवैधानिक मानसिकता का भी प्रदर्शन है। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार द्वारा संविधान और संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों ने संविधान पर चर्चा करने की मांग की थी, लेकिन सत्तारूढ़



भाजपा ने हमेशा विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने अंबेडकर के नाम का अपमान करते हुए यह तक कहा था कि ₹अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर... अगर भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। 2024 के आम चुनावों में जनता ने इस साजिश को नाकाम कर दिया था, लेकिन भाजपा अब संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर को निशाना बना रही है। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों का यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने की बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति की है और आरोपों को सही ठहराया है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने अपने सांसदों के साथ धक्कामुक्की करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करवा दी। कांग्रेस पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ उनकी आवाज उठती रहेगी और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग जारी रहेगी। प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव बिनोद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साजिद अली खान, कृष्णा किशोर प्रसाद और अन्य कांग्रेसी नेता भी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध बालू उठाव और परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश

संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से अवैध खनन और बालू परिवहन पर रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि नवंबर माह में अपेक्षाकृत कम कार्रवाई के कारण अवैध बालू उठाव और परिवहन की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसके कारण प्रशासन की सख्त निगरानी और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने विशेष रूप से पुलिस और प्रखंड स्तर पर बेहतर समन्वय के माध्यम से अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने के लिए एक सशक्त योजना तैयार करने का निर्देश दिया।।उन्होंने जिलास्तर पर सभी चेक पोस्टों की कार्यप्रणाली को मजबूत करने की बात की और कहा कि बालू से लदे वाहनों की जांच में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



साथ ही, बड़कागांव, कटकमदाग, सदर, बरकट्ठा और अन्य क्षेत्रों से अवैध बालू परिवहन की लगातार सूचना मिल रही है, जिस पर शीघ्र रोकथाम आवश्यक है। उपायुक्त ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सख्त निर्देश दिया कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर इन गतिविधियों पर अंकुश लगाएं।

अवैध कोयला खनन और परिवहन के संदर्भ में भी समीक्षा की गई और उपायुक्त ने कहा कि बड़कागांव, चुरचू, विष्णुगढ़, चरही जैसे क्षेत्रों से कोयले के अवैध खनन की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष उपायों को लागू किया जाएगा। इसके साथ ही, ओवरलोडिंग के मामलों में भी जिला परिवहन अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई और उसे जारी रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि तेज गति से गाड़ी चलाने और नशे की हालत में ड्राइविंग की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। इसके लिए उन्होंने सघन जांच अभियान चलाने और ब्रेथ एनलाइजर का उपयोग करने की सिफारिश की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ (पूर्वी) , डीएमओ अजित कुमार, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस सुश्री श्रुति और अन्य अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## ईचाक प्रखंड में कानूनी जागरूकता अभियान

संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग द्वारा सोमवार, 23 दिसंबर को ईचाक प्रखंड के विभिन्न गांवों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के मार्गदर्शन में पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता और विवादों के समाधान के बारे में जागरूक करना था।

इस कानूनी जागरूकता अभियान के तहत ईचाक प्रखंड के परासी, खुटरा, तालाब गली, हरिजन मोहल्ला और जीतांगबागी गांवों में डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। पारा लीगल वॉलिंटियर्स विकाश कुमार पांडेय, दीपक कुमार और कंचन मेहता ने लोगों को आपसी विवादों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने और कानूनी मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग का रुख करने की सलाह दी। इसके अलावा, उन्हें यह भी बताया गया कि यहां निःशुल्क कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और विवादों का त्वरित समाधान किया जाता है।।इस अभियान में महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखी गई। लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 और 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि यह अभियान 90 दिनों तक जारी रहेगा और इसके तहत जिले के विभिन्न गांवों और पंचायतों में कानूनी जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराना है।

### हेयर स्टाइलिस्ट सैम एंड जस के एक दिवसीय सेमिनार का दीप प्रज्वलित कर विधायक ने की शुरूवात

**हजारीबाग।** हेयर स्टाइलिस्ट सैम एंड जस के एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित रिंग्स एंड रिसेस में किया गया। सेमिनार की शुरूवात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस संबंध में विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि हेयरस्टाइल करना, मेक अप और ब्राइडल मेकअप आज के जमाने में एक आवश्यकता बन गया है। इससे रोजगार का भी सृजन होगा, लोगों को रोजगार मिलेगा। यह भी कहा कि कभी किसी ने यह नही सोचा था कि हेयर स्टाइल और मेक अप के लिए भी कोर्स और वर्कशॉप करना रहेगा। वहीं सैम एंड जस के फाउंडर जस ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में मेक अप और हेयर स्टाइलिस्ट का एक जगह है। साथ ही इस क्षेत्र में आर्टिस्ट को करोड़ों में कमाने का मौका भी मिल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक नवीन कुमार हैं जो हुरजुरू में सैम एंड जस का फ्रेंचाइजी खोल कर आर्टिस्ट को ट्रेनिंग देने और लोगो को बेहतर हेयर स्टाइल और मेक अप देने का काम कर रहे हैं।

## अंबाजीत में एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक का जनसुनवाई ग्रामीणों के विरोध के कारण रद्द

संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के तहत बड़कागांव प्रखंड के राजस्व गांव अंबाजीत और मोतरा मौजा के लिए 110.01 एकड़ रैयती भूमि के अधिग्रहण को लेकर आयोजित जनसुनवाई, जो सोमवार, 23 दिसंबर 2023 को ग्राम अंबाजीत मध्य विद्यालय के प्रांगण में होनी थी, ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण रद्द कर दी गई। यह सुनवाई जिला भू अर्जन शाखा के उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग के पत्रांक 2116 दिनांक 3.12.2024 के अनुसार आयोजित की गई थी। इस जनसुनवाई का आयोजन भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए किया गया था, लेकिन जब यह जानकारी गांव में फैली, तो स्थानीय ग्रामीणों ने इस सुनवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। वे कंपनी के खिलाफ थे और बार-बार आयोजित की जा रही जनसुनवाई से परेशान थे। इसके



परिणामस्वरूप, ग्रामीणों ने अधिकारियों को सुनवाई स्थल पर पहुंचने से पहले ही घेर लिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध करने वाले ग्रामीणों ने सुनवाई स्थल पर लगाए गए टेंट, समियाना और कुर्सियों को तीतर-बीतर कर दिया और अधिकारियों को घेर लिया।

ग्रामीणों का आरोप था कि जब वे परियोजना के खिलाफ हैं, तो बार-बार इस तरह की सुनवाई आयोजित करने से उन्हें परेशानी हो रही है। विरोध कर रहे रैयतों ने कई बार हजारीबाग अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार, बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, एनटीपीसी के महाप्रबंधक सत्यनारायण पूर्ति और अन्य अधिकारियों को घेर लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार अधिकारियों को घेरने वाले ग्रामीणों से बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों की जिद के सामने पुलिस भी असहाय नजर आई।।अंततः लगभग चार बजे बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने लिखित में यह घोषणा की कि जनसुनवाई रद्द कर दी गई है। इसके बाद ही सभी पदाधिकारी वहां से मुक्त हुए। अंचलाधिकारी ने लिखित में बताया कि ग्राम अंबाजीत और मोतरा के लिए प्रस्तावित जनसुनवाई आज के विरोध के कारण रद्द की जाती है। इस घटना के दौरान पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद थे।

**कला** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

# भजन गायकी से बनी है करण पांडे की पहचान

प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग प्रखंड के ग्राम महूडर निवासी करण पांडेय ने भजन गायकी से अपनी पहचान. बनायी है। भजन के साथ लोकगीत, भोजपुरी, नागपुरी और फिल्मी गीत गाने में भी उन्हें महारत हासिल है। वे मशहूर गायक किशोर कुमार, कुमार सानू, मोहम्मद अजीज के गाए गानों को हूबहु गाते हैं। वहीं ढोलक वादन भी करते हैं। बचपन से ही गायकी में इनकी रुचि रही। घर में संगीत का माहौल रहा। पिता हरि शंकर पांडेय हारमोनियम वादक हैं एवं





गायकी भी करते हैं। ये इनके पहले गुरु हैं।

मां स्व० रुक्मिणी देवी ने इनकी गायकी के रुझान को देखते हुए इन्हें आगे बढ़ाने का काम किया। बचपन से ही माता पिता का भरपूर सहयोग मिलता रहा। फिल्म संगीत एवं सुगम संगीत की शिक्षा पुष्पदीप संगीत संस्था के संस्थापक एसएम इम्तियाज से ग्रहण किया, जो इनके गुरु हैं एवं सरगम ऑडियो विजन के संस्थापक दिवाकर मिश्रा से तबला वादन गायकी की बारीकियो को सीखा। 2002 से स्टेज की दुनिया में कदम रखा और आज तक यह जारी है। पी आईडी ऑर्केस्ट्रा, सरगम म्यूजिकल ग्रुप से बिहार- झारखंड उत्तर प्रदेश के जिलों में अपनी गायकी का लोहा मनवाया। 2010 में हजारीबाग स्टेडियम में आहूत झारखंड पर्यटन महोत्सव में अपनी गायकी से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनायी और सम्मानित हुए। 2016 में सुर संगम जागरण मंडली का स्थापना कर भजन गायकी अखिलेश वर्मा के साथ मिलकर शुरूआत की। मशहूर गायिका देवी के साथ मंच साझा कर चुके हैं बिहार झारखंड में भजन की दुनिया में ये धूम मचा रहे हैं। सरगम ऑडियो वीडियो स्टूडियो के म्यूजिक डायरेक्टर दिवाकर मिश्रा के निर्देशन में हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है के गाने में अपनी आवाज दी है। 2016 में हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल एसोसिएशन के कलाकार मिलन समारोह, 17 फरवरी 2018 को मुंद्रिका भवन में सुनहरी यादें कार्यक्रम, हजारीबाग आनंदा कॉलेज के ग्राउंड में मशहूर कवि कुमार विश्वास के कार्यक्रम में अपने गायन से वाहावाही बटोरी। हजारीबाग सुर संगम जागरण मंडली का स्थापना कर झारखंड बिहार में लगातार कार्यक्रम करते आ रहे हैं भजन गायकी से अपना नाम एवं हजारीबाग का नाम रौशन कर रहे हैं।

## बाल विद्या निकेतन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



संवाददाता

**हजारीबाग।** नूतन नगर न्यू बायपास रोड के निकट बाल विद्या निकेतन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की और कई प्रकार के मॉडल बनाएं जिसमें से मुख्य रूप से सोलर सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, वाटर साइकिल, टाइप्स ऑफ प्लांट्स, हेल्दी फूड, ट्रैफिक लाइट इत्यादि शामिल थे इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता सिन्हा ने बताया कि यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहता है एवं उनके अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने की कोशिश करता है' मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## मलेशिया में डॉक्टर नरेन पांडे सम्मानित



**कोलकाता।** कोलकाता के डॉक्टर नरेन पांडे को एलर्जी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए एशिया पैसिफिक अंतरराष्ट्रीय एलर्जी कांग्रेस कुआलालंपुर में सम्मानित किया गया। डॉ नरेन पांडे को यह सम्मान 13 से 15 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस के को चेयरमैन प्रोफेसर कैंट वो ची किन ने सम्मानित किया गया। श्री पांडे को ये सम्मान रश इम्यूनोथेरेपी के लिए दिया गया। चूंकि नाक की एलर्जी के इलाज में कारगर और पूरे विश्व में सबसे अधिक प्रचलित और प्रभावी पद्धति सब लिंगूअल इम्यूनोथेरेपी से इलाज होता है, इसके तहत रोगी के जुबान के नीचे बूंद के रूप दवाई तकरीबन तीन से पांच साल तक लेना पड़ता है। जिसका नया प्रारूप रश इम्यूनोथेरेपी को लेकर डाक्टर नरेन पांडे के अध्ययन और इलाज पद्धति को लेकर मरीज को होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर बताया कि इस पद्धति से मरीज का इलाज 18 महीने में सकारात्मक परिणाम देता है। डॉ नरेन पांडे ने कोलकाता में अपने मरीजों का सफल इलाज करने और उसके सफल परिणामों की विस्तृत चर्चा किया और बताया कि वह कोलकाता में इस पद्धति से नाक की एलर्जी, स्किन एलर्जी और एलर्जिक अस्थमा के मरीजों का सफलता पूर्वक इलाज कर लोगों को सकारात्मक परिणाम दे रहे है, उनके इलाज, इस क्षेत्र में गहन अध्ययन और शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल चुकी है।

## लॉरी ने यात्रियों से भरी ऑटो को मारी टक्कर, कई घायल

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के समशेरगंज थाने के सुल्तान मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से दो की चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें स्थानीय अनुपनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस दिन सुबह कुछ लोग एक ऑटो में फर्नीचर लेकर समशेरगंज से जंगीपुर की ओर जा रहे थे। उस समय माल से लदी एक 16 पहिये की लॉरी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के रास्ते फरक्का की ओर जा रही थी।

फर्नीचर कन्वेयरिंग ऑटो राष्ट्रीय राजमार्ग के गलत लेन पर जंगीपुर की ओर जा रहा था, लेकिन सही लेन पर फरक्का की ओर जा रही लॉरी कोहरे के कारण नियंत्रण खो बैठी और ऑटो कन्वेयरिंग फर्नीचर से टकरा गई। इस घटना में फर्नीचर से लदा ऑटो सड़क पर पलट गया। कई लोग घायल हो गये। लेकिन हत्यारी लॉरी इलाके से तेजी से भाग गई। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय निवासी तुरंत बचाव कार्य के लिए दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर घायलों को बचाया गया और अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने हत्यारी लॉरी की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## शराब के नशे में पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**कोलकाता।** बागुईआटी में सोमवार सुबह एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। उसके पति और ससुरालवालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस घटना में मृत महिला के पति समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक महिला के परिवार का आरोप है कि उसका पति लगभग हर दिन शराब के नशे में उसे पीटता था। जिसे लेकर अक्सर हंगामा होता रहता था। रविवार की रात पति शराब पीकर घर लौटा। थोड़ी बहस के बाद उसने उसे पीटना शुरू कर दिया। परिजनों के मुताबिक पति ने महिला को पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को पंखे पर लटका दिया। उन्होंने सबूत मिटाने के लिए महिला के शव को लटका दिया।

## स्कूली बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

**अररिया ।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा के बच्चों ने चेतना सत्र में दिवस ज्ञान अंतर्गत सोमवार को राष्ट्रीय किसान दिवस पर भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया।स्कूली बच्चों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि किसान दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 ई को नूरपुर बागपत उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह संपूर्ण भारत में किसानों के मसीहा माने जाते थे।उनकी प्रमुख रचनाओं में अबोलिशन आफ जमींदारी भारत की भयानक आर्थिक स्थिति रिजल्ट प्रोपराइटरशिप और इंडियास प्रॉपर्टी एंड इट्स सॉल्यूशंस है। आज उनके जन्मदिन को हम सभी लोग राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाते हैं।मौके पर स्कूल के शिक्षक और शैक्षणिक कर्मी के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद ने सड़क व आरसीसी नाला का किया शिलान्यास

**अररिया।** फारबिसगंज में क्षेत्र योजना के तहत वार्ड नंबर 01 में निर्माण होने वाले पीसीसी सड़क, आरसीसी नाला व कलवर्ट के निर्माण कार्य का नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी और उप मुख्य पार्षद नूतन भारती ने आज फीता काट कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया. शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड संख्या 01 के वार्ड पार्षद ने किया.
शिलान्यास समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नप की मुख्य वीणा देवी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के जिस भी वार्ड में जहां भी नाला, सड़क व कलवर्ट के निर्माण की आवश्यकता है ।

# पिकअप ने 13 को रौंदा, पांच की मौत

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार रात 10 से 11 बजे के बीच एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि दो ने आज अलसुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है। यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची है। आठ लोगों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतकों में ज्योतिष ठाकुर (60), संजीता देवी (50), मनीषा कुमारी (13), अखिलेश मुनि (13) और अमरदीप कुमार (06) हैं। घायलों ने कहा कि एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर पिकअप के चालक से विवाद हुआ।

इसके बाद नशे में धुत पिकअप चालक वापस आया और लोगों को रौंद डाला। इस वारदात के समय पिकअप की तेज रफ्तार में देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही धमदाहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मासूम समेत तीनों लोगों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वारदात के बाद चालक घर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।



### किशनगंज में दीवार गिरने से तीन की मौत

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के बहादुरगंज थानाक्षेत्र के मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप दुर्गा मंदिर के पास रविवार की रात दीवार गिरने से तीन की मौत हो गई है। जबकि, एक जख्मी है।
स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है। एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही चल रहा है। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। जबकि, पूरे गावं मे मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान मो. आलम, मो. शाहीद आलम, भरत कुमार सभी बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है। घायल की पहचान मो. मुन्ना, बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का किया पुतला दहन, इस्तीफे की मांग

**एजेंसी**

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज रेलवे स्टेशन चौक पर सोमवार को कांग्रेस नगर इकाई अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया।
पुतला दहन के उपरांत कार्यकताओं ने जमकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की।कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्रीय गृह मंत्री की इस्तीफा के साथ भारत की जनता से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिन्हा,शाद अहमद,अमितेश कुमार गुड्डू,यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के लिए आपत्तिजनक बातें संसद भवन में कहना अमित शाह के दलित विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं। देश की आजादी और नवनिर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों का अपमान करके भाजपा और अमित शाह ने अपनी मानसिकता दिखा दी है। भाजपा नेताओं के द्वारा लगातार अमर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति दुष्प्रचार किया जा रहा है। इस मौके पर अनिल सिन्हा,शाद अहमद,नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू,प्रखंड अध्यक्ष गुलाबचंद्र ऋषिदेव, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू, राहुल,दिलीप पासवान, मासूम अंसारी,मनोज साह, शशि मोहन ठाकुर, रामदेव साह,अमन रजा, इस्तेखार माही ,इम्तियाज राही, शौकत, दिलकश, सुनील दास, शाहनवाज आलम,सावन सागर,आदि मौजूद थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर बड़े आयोजन की तैयारी

**एजेंसी**

**कटिहार।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सुशासन दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में जुट गई है। इस अवसर पर 25 दिसंबर को बूथ, मंडल और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कटिहार भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने सोमवार को बताया कि इस दिन बूथ स्तर पर अटल स्मृति सभाओं का आयोजन होगा, जहां श्रद्धेय अटल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा युवा प्रतिभागी केंद्रीय टीम द्वारा चयनित कविताओं का वाचन करेंगे और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रमुख योगदानों पर चर्चा होगी। इस अवसर पर जिन कार्यकताओं ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम किया है या फिर उनके कार्यकाल में सक्रिय रहे हैं, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।
पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी



वाजपेयी जन्मजयंती शताब्दी समारोह की शुरूआत 25 दिसंबर से होगी और यह अगले एक साल तक चलेगी। इस दौरान सुशासन यात्रा, काव्य गोष्ठी, एक शाम अटल के नाम, व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रदर्शनी सहित कई आयोजन होंगे। कटिहार भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर पांच जिला संयोजक बनाए गए हैं। जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय, वीरेंद्र यादव, सौरभ मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी और गोविंद अधिकारी को कार्यक्रम का जिला संयोजक बनाया गया है। मनोज राय ने कहा कि भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाती आई है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान दिवस पर सम्मानित किए गए किसान

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल के कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा में सोमवार को किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को कृषि सम्बंधित कई जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को उन्नत खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं किसानों को विभिन्न फसलों मे लगने वाले रोग,बीमारियों एवं उसके निराकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। वैज्ञानिक रौशन कुमार द्वारा आलू उत्पादन के बारे में किसानों को बताया गया। आलू की खेती एवं रोपाई के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर रविकांत चौबे,डा० अनुज्ञा भारती,अंगद कुमार,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये हुए 50 किसान मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी किसानों के बीच आम का पौधा वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। किसानों ने हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए सरकार से कई इंतजाम करने की भी मांग की।

## कूचबिहार में शोकेस में वृद्ध का रक्तरंजित शव, पिता-भाई की हत्या करके फरार

**संवाददाता**

**कोलकाता।** हरिहिम घटना। बंद घर के अंदर से कंबल में लिपटा वृद्ध का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। वृद्ध का बेटा फरार। फरार भाई का क्षत-विक्षत शव घर के सेप्टिक टैंक में मिला। पिता-भाई की हत्या कर भाग निकला गुणधर पुत्र? यह सनसनीखेज घटना कूचबिहार के कोतवाली थाना क्षेत्र के दावागुड़ी वैश्य पाड़ा इलाके में घटी।
पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक विजयकुमार वैश्य (70) नाम का बुजुर्ग अपने बेटे प्रणव कुमार रॉय के साथ उस घर में रहता था। वृद्ध पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। ऐसे बाहर भी नहीं निकल रह थे। वह नियमित रूप से एक मछली विक्रेता से मछलियाँ रखता था। वह व्यक्ति प्रतिदिन उनके घर मछली पहुंचाता था। आज सोमवार की सुबह जब विक्रेता मछली देने गया तो घर का दरवाजा बंद पाया। बाहर एक कागज पड़ा था। कागज पर लिखा



था प्रणब इलाज के लिए अपने पिता के साथ चेन्नई गए है।
यह देख मछली विक्रेता ने पड़ोसियों को जानकारी दी। स्थानीय लोग आकर उस घर के सामने जमा हो गये। उस वक्त ध्यान आता है कि बालकनी में कुछ जगहों पर लाल दाग पड़ गए हैं। बिना इंतजार किए पुलिस को सूचना दे दी गई। कोतवाली थाने की पुलिस वहां पहुंची और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। अंदर का कमरा भी बंद था। उस कमरे का दरवाजा तोड़ने पर फिर से कई जगह लाल धब्बे नजर आयी। पुलिस को यह समझने में कोई कठिनाई नहीं हुई कि लाल दाग वास्तव में खून का था। पुलिस को घर के अंदर एक शोकेस-कम-अलमारी दिखी। इसे खोलते ही सबकी आंखें फटी की फटी रह गईं।
वृद्ध का शव कंबल में लिपटा हुआ था। उसके शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पुलिस का शुरूआती अनुमान यह है कि बुजुर्ग की हत्या किसी भारी वस्तु से कई वार करके की गई है। स्थानीय लोगों ने उस वक्त बताया था कि प्रणब के भाई गोपाल रॉय (44) एक महीने से लापता हैं। वह कुछ दूरी पर एक मकान में रहता था। इतना सुनने के बाद बुजुर्ग के घर की तलाशी शुरू की गई। जिले के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान रॉय स्वयं जांच करने गये। जांचकर्ता घर के पीछे सेप्टिक टैंक के सामने रुक गए।

## धर्मतला में डॉक्टरों का धरना जारी रहेगा, हाई कोर्ट की खंडपीठ का फैसला

**संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज विवाद को लेकर चल रहा आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। डॉक्टरों द्वारा धर्मतला में धरना जारी रखने की अनुमति हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने भी बरकरार रखी है। हालांकि, अदालत ने डॉक्टरों से पूछा है कि क्या वे 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर अपने प्रदर्शन में विराम दे सकते हैं। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और टाला थाने के तत्कालीन ओसी अभिजीत मंडल को जमानत मिलने के बाद डॉक्टरों ने 20 से 26 दिसंबर तक धरना देने का निर्णय लिया। शुरूआत में इसकी अनुमति नहीं मिली थी, लेकिन सिंगल बेंच के निर्देश के बाद धरना शुरू हुआ। इसके बाद राज्य सरकार ने सिंगल बेंच के इस आदेश को चुनौती देते हुए डिविजन बेंच में अपील की थी।



राज्य सरकार ने अदालत में दलील दी कि क्रिसमस के मौके पर बड़ी संख्या में लोग धर्मतला में उत्सव मनाने आते हैं। ऐसे में धरने से यातायात बाधित होगा और आम जनता के अधिकारों का हनन होगा। सरकार के वकील ने अदालत से अपील की कि डॉक्टरों को 24 और 25 दिसंबर को अपने प्रदर्शन से रोकने का निर्देश दिया जाए और इसके बदले 27 और 28 दिसंबर को प्रदर्शन करने की अनुमति दी जाए। राज्य सरकार ने यह भी सवाल उठाया कि हर बार प्रदर्शन के लिए मेट्रो चैनल को ही क्यों चुना जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि मेट्रो चैनल के पीछे स्थित वाई-चैनल में प्रदर्शन किया जा सकता है। साथ ही, यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर बिना उचित नोटिस के पुलिस और प्रशासन को समय दिए बगैर अदालत पहुंच जाते हैं, जिससे तैयारियों का समय नहीं मिलता। डिविजन बेंच ने हालांकि सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि डॉक्टरों का प्रदर्शन धर्मतला में जारी रहेगा। अदालत ने यह भी कहा कि डॉक्टरों की सहमति मिलने पर क्रिसमस के दिन प्रदर्शन में विराम देने पर विचार किया जा सकता है।

## छात्र-छात्राओं में सकारात्मक सोच बढ़ाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग, यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान परियोजना के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन चकिया स्थित बाबूलाल साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे किया गया। जिसमे किशोर-किशोरियों के सकारात्मक सोच व आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए शारीरिक छवि और आत्म-सम्मान विषय पर कार्यशाला मे चर्चा किया गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रजा ने सेल्फ एस्टीम और बोडिंग इमेजिंग के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी देते बताया कि सेल्फ एस्टीम यानी खुद पर विश्वास और आत्मसम्मान, हर व्यक्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह हमें चुनौतियों का सामना करने, सफल होने और जीवन में संतुष्ट रहने हेतु



मदद करता है।
इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम व जिला मिशन समन्वयक निधि कश्यप ने उपस्थित बालिकाओं को नई चेतना 3.0 अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं के साथ होने वाले सभी प्रकार के हिंसा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।साथ ही बाल विवाह उन्मूलन एवं दहेज प्रथा उन्मूलन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित करीब 600 बालिकाओं को बाल विवाह उन्मूलन हेतु शपथ दिलाया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक मृगेंद्र कुमार सिंह,शिक्षक चौधरी रमेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, सीमा कुमारी, जगन्नाथ प्रसाद शत्रुघ्न प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, उपेंद्र कुमार, अजीत नारायण, अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित बॉडी इमेजिंग पर रोल प्ले करने वाली छात्राएं सदफ नाज, जिया राज, दिव्या कुमारी एवं माया कुमारी सहित करीब 600 छात्राओं ने भाग लिया।

**शिलान्यास** › मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि नगर से की प्रगति यात्रा की शुरूआत

# 139 करोड़ की ऑन ग्रिड विद्युतीकरण का किया शिलान्यास

**एजेंसी**

**पश्चिम चम्पारण।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने प्रगति यात्रा की शुरूआत वाल्मीकिनगर के घोटवा टोला से की। लगभग 11.10 मिनट पर अपने उड़न खटोले से कदमहिया कंपार्ट में बने हैली पैड पर वे लैंड किया, जहां वाल्मीकिनगर विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह,संसद सुनील कुमार सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने बुक्के और फूल देकर उनका भव्य स्वागत किया। उसके उपरांत तकरीबन 10 मिनट के सड़क यात्रा से सफर कर घोटवा टोला पहुंचे। घोटवा टोला पहुंचाते ही ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री



का भव्य स्वागत किया। घोटवा टोला से मुख्यमंत्री ने 41 नई योजनाओं का शिलान्यास किया,जिसमें मुख्यरूप से सड़क,पेयजल,स्वास्थ्य और शिक्षा शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 139.04 करोड़ की लागत से ऑफ ग्रीड से ऑन ग्रिड विद्युतीकरण का शिलान्यास किया।जिसका लाभ पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत 25 गांव ,जो दोन और सुदूर देहात है के लोगों को मिलेगा।

उन्होने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 333 जो घोटवा टोला में है का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में मौजूद सुविधा,रख रखाव तथा व्यवस्था को देख काफी प्रसन्न हुए। मुख्यमंत्री ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध दवाइयों और चिकित्सा पद्धति तथा चिकित्सक की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए मौजूद व्यवस्था की सराहना की।
घोटवा टोला में बने आई लव थरुहट पार्क में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया तथा नवनिर्मित पार्क का भ्रमण कर काफी खुश दिखे।इस दौरान रुद्राक्ष,मौलश्री,अमरूद, आम और बरगद का पौधारोपण किया गया। मुख्यमंत्री के आगमन और भ्रमण के दौरान जीविका दीदियों और पर्यावण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वनवर्ती ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हस्तकरगा का स्टॉल का निरीक्षण किया।इस दौरान जंगली घास से बने मौनी, हैट,श्रृंगार बॉक्स,लेडीज पर्स,सॉल,पेपर प्लेट,मछ्ली का अचार,आनंदी का भुजा,गुलदस्ता,साबुन,शहद सहित अन्य प्रकार के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा।इस दौरान जीविका दीदियों से मिल कर उनकी उत्थान के बाबत कई संवाद भी किया। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने घोटवा टोला का भ्रमण किया तथा वहां की सुंदरता और रख रखाव को देख कर प्रफुल्लित हुए।इस क्रम में जिला पार्षद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो और जेडीयू के कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौंजूद रहे।

## प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार: 9 आरोपियों ने मांगी केस से छूट, दोबारा सुनवाई

**संवाददाता**

**कोलकाता।** प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी मामले में आरोप तय करने में देरी हुई। इस मामले में सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में चारों के खिलाफ आरोप तय किये जाने थे। इसी प्रकार उन्हें उपस्थित होने का आदेश दिया गया था । लेकिन उससे ठीक पहले कुंतल घोष, तापस मंडल और जिनके खिलाफ शिकायत है, उन्होंने एक नया मामला दायर कर मामले से छूट मांगी है। इस कारण इस दिन चार्ज गठन की प्रक्रिया में देरी हुई।
सूत्रों के मुताबिक, कुंतल घोष, तापस मंडल, माणिक भट्टाचार्य, उनकी पत्नी शतरूपा और बेटे शौविक समेत कुल 9 लोगों ने इस केस से छूट की मांग करते हुए नया केस दायर किया है। इसके अलावा सुशील मेहता नाम के एक बिजनेसमैन ने भी ये आबेदन की। आरोपी सुशील मेहता के वकील ने कोर्ट में मांग की कि सभी पर आरोप तय करने के बजाय सिर्फ पार्थ चटर्जी पर आरोप तय किया जाए, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। क्योंकि बाकी आरोपियों के वकीलों को 10 हजार पन्नों के दस्तावेज पढ़ने का मौका नहीं मिला। उनके मामले की सुनवाई सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद हुई।
ईडी सूत्रों के मुताबिक इस मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो सकती है। अगर 9 लोग बरी हो जाते हैं तो ईडी को मामले की दोबारा सुनवाई करनी होगी।

# प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है सुखल्दरी जलप्रपात

संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के धुरकी प्रखंड में स्थित सुखाल्दारी जलप्रपात, प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के कारण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह जलप्रपात अपनी अनूठी विशेषताओं और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहां का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ और झारखंड को विभाजित करने वाली कनहर नदी का वह दृश्य है, जब इसकी धारा पत्थर के कंद्रे (सुरंग जैसे रास्ते) में समा जाती है और फिर ऊंचाई से नीचे गिरती है। इस नजारे को देखने पर ऐसा लगता है, जैसे प्रकृति ने यहां अपनी कला का अनूठा प्रदर्शन किया हो।



झरने से गिरते पानी की ध्वनि और उससे उठने वाली हल्की फुहार हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देती है। सुखाल्दारी जलप्रपात अब धीरे-धीरे पर्यटकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है। यहां का स्वच्छ वातावरण, हरे-भरे जंगल, और झरने की मधुर ध्वनि, हर किसी को प्रकृति के करीब महसूस कराती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जगह पिकनिक और पारिवारिक यात्राओं के लिए आदर्श है। हालांकि, इस जलप्रपात तक पहुंचने का मार्ग कठिन और असुविधाजनक है। स्थानीय प्रशासन से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि यहां तक सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाए। यदि ऐसा होता है, तो यह क्षेत्र न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है।

**स्वच्छ वातावरण, हरे-भरे जंगल, और झरने की मधुर ध्वनि, हर किसी को प्रकृति के करीब महसूस कराती है**

**सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर**

पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम करना जरूरी है। प्रशासन को यहां पर गाइड्स और रेस्क्यू टीम्स की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। सुखाल्दारी जलप्रपात और कनहर नदी का यह मनोरम दृश्य गढ़वा जिले के पर्यटन मानचित्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखता है। जरूरत है तो बस इसे सही दिशा में विकसित करने और पर्यटकों को यहां तक आकर्षित करने की।

### स्थानीय संस्कृति और रोजगार को बढ़ावा

सुखाल्दारी जलप्रपात के विकास से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि यहां के लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। स्थानीय कलाकार और उत्पाद भी देश-विदेश में अपनी पहचान बना सकते हैं।

# लातेहार के किसान ने किया कमाल, बंजर जमीन पर लहलहाने लगी स्ट्रॉबेरी की फसल

संवाददाता

**लातेहार।** कहा जाता है कि यदि हौसला बुलंद हो और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। यह बात लातेहार के कुलगड़ा गांव में किसान श्रीकांत भगत के खेतों में पूरी तरह चरितार्थ हो रहा है। किसान श्रीकांत भगत के बुलंद हौसले और भूमि संरक्षण विभाग के सही मार्गदर्शन से बंजर पड़े जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू हो गई है। दरअसल, कुलगड़ा गांव निवासी श्रीकांत भगत के घर के पास उनकी जमीन काफी दिनों से बंजर पड़ी हुई थी। संसाधन और मार्गदर्शन के अभाव में श्रीकांत भगत के घर के पास स्थित जमीन



में सिर्फ घास फूस ही उगती थी। लेकिन जब श्रीकांत भगत को सही मार्गदर्शन मिला तो आज उनके इस बंजर भूमि में स्ट्रॉबेरी के फूल खिल गए हैं।

संभावना है कि अगले एक दो माह के अंदर स्ट्रॉबेरी के फल भी आ जाएंगे। यदि श्रीकांत भगत का यह प्रयास सफल हुआ तो यह कृषि के क्षेत्र में एक क्रांति के समान होगी।

इस संबंध में किसान श्रीकांत भगत ने बताया कि उनकी यह जमीन बंजर पड़ी हुई थी। यहां मवेशियों को बांधते थे। कुछ दिन पहले वह भूमि संरक्षण विभाग के संपर्क में आए तो उन्हें कई प्रकार की उन्नत खेती की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारी से प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने के बाद उन्होंने अपने बंजर पड़े भूमि में पहली बार स्ट्रॉबेरी की खेती की है। उन्होंने कहा कि पौधों में अभी फूल आने आरंभ हुए हैं, जल्द ही फल भी आने की संभावना है। विभाग के द्वारा उन्हें इस खेती के लिए काफी मदद भी की गई है. विभाग के द्वारा इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### संत मरियम आवासीय विद्यालय में योग शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में प्रातः कालीन योग शिविर का आयोजन किया गया। हालांकि विद्यालय में योग तो प्रतिदिन होती है लेकिन इस बार योग शिविर को विशेष रूप दिया गया। आयोजित शिविर में पतंजलि योग समिति के झारखंड महिला प्रभारी सुधा झा, जिला प्रभारी ममता देवी, जिला संयोजक राजीव शरण, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव व अन्य शिक्षकों के साथ छात्रवासी बच्चों ने योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। बताया गया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। तत्पश्चात योग प्रशिक्षिका सुधा झा ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। चेयरमैन श्री देव ने भी बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। वहीं श्री शरण ने कहा कि योग, छात्रों के लिए एक बेहतरीन व्यायाम है। इससे छात्रों में अनुशासन, मूल्यों, और अच्छे स्वास्थ्य का विकास होता है, इसलिए छात्रों के लिए योग को स्कूली जीवन का एक दैनिक हिस्सा होना चाहिए।



### तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आयेंगे केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन तीन दिवसीय पलामू दौरे पर सोमवार शाम मेदिनीनगर आयेंगे। इसके तहत वे सोमवार की दोपहर को रांची पहुंचे जहां पलामू जिला प्रशासन के तरफ से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने बुके प्रदान कर माननीय मंत्री का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारीयों संग करेंगे बैठक,आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत पलामू में विकास कार्यों का जायजा लेंगे। तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आ रहे माननीय मंत्री सोमवार रात परिसदन भवन में जिले के माननीयों संग बैठक करेंगे।इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक करेंगे। बैठक में आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत पलामू में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी।वहीं टाउन हॉल में जिले के जनप्रतिनिधियों संग भी बैठक निर्धारित की गयी है। मंगलवार को ही माननीय मंत्री का हरिहरगंज दौरा प्रस्तावित है। इसी तरह बुधवार को माननीय मंत्री का दूरदर्शन केंद्र व एमएमसीएच का भ्रमण कार्यक्रम है। माननीय मंत्री का 25 दिसंबर को मोहम्मदगंज के रेलवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण कार्यक्रम भी निर्धारित है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल, गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा बारालोटा निवासी राकेश कुमार उम्र 25 वर्ष रविवार की रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह राकेश कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से गढ़वा गया था। उधर से शाम में घर लौटने के क्रम में चैनपुर थाना क्षेत्र के महुगावा गांव के पास वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़ा। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल राकेश कुमार का इलाज करवा रहे हैं।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग

**मेदिनीनगर।** इन दिनों सड़क दुर्घटना को लेकर पलामू पुलिस काफी चिंतित और निराश है। बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग प्रतिदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इसके बाद भी लोग वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। वही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए प्रतिदिन पलामू एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद वाहन चेकिंग के दौरान लोगो को हेलमेट पहन कर वाहन चालाने की सलाह दे रहे है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। सोमवार को भी ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने ट्रैफिक जवान संतोष कुमार गुप्ता,हरेंद्र कुमार, अंटेश कुमार के साथ मिलकर शदीक चौक पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और ट्रिपल लोडिंग दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया। इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा पकड़े गए सभी वाहनों को सुरक्षा के दृष्टि कोण से शहर थाना में रखा गया है।इसके बाद वाहन चालकों को फाइन के लिए परिवहन विभाग भेजा गया। पकड़े गए सभी वाहनों का चालान 23600 रुपया किया गया।

# खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं: डॉ. कौशल

● युवा कला व संस्कृति ये सभी वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र का धरोहर है

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत चिरु सुपर किंग के तत्वावधान में चिरु फार्म खेल मैदान में पिछले 18 वर्षों से होते आ रहे क्रिकेट मैच का उद्घाटन रविवार को राष्ट्रीय गान के उपरांत जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने टॉस के बाद बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद अमित



जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी प्रमोद यादव, अरुण साव, मनोज साह, डॉ दिलीप सिंह, डॉ बीके यादव,डॉ बीरेंद्र यादव, डॉ मनीष कुमार, शंकर साह बालेश्वर साव,नरेश सिह, नरेश रजक, सचिन पांडेय के साथ सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर ने राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा कला व संस्कृति ये सभी वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र का धरोहर है। इसकी हिफाजत सबका दायित्व है क्योंकि विश्व का विकास का बुनियाद देश का युवा होते हैं। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि गांव में खिलाड़ियों और प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उस ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को निकाल कर देश स्तर तक पहुंचने के लिए उचित प्लेटफार्म की व्यवस्था करने की।

उद्घाटन मैच में मसीहानी टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट पर 123 रनों लक्ष्य रखा जिसके जवाबी पारी में 14 ओवर 4 गेंद में 87 रन बनाकर सरईडीहके कैप्टन राकेश कुमार के पूरी टीम आउट हो गई। मैंन ऑफ दी मैच मसीहानी के कैप्टन अमित कुमार को मिला । जिन्होंने तीन विकेट के साथ 10 रन का योगदान दिया था। अंपायर की भूमिका संतोष यादव एव जयप्रकाश सिंह ने निभाई। वहीं स्कोर की गिनती अरुण सिंह और मंजीत कुमार ने किया।

मौके पर प्रमुख लोगों में चिरू सुपर किंग के अध्यक्ष महेंद्र रजक सचिव। राहुल कुमार कोषाध्यक्ष नवीन, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपसचिव, अनिल रजक, बसंत विश्वकर्मा डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, लाल बहादुर सिंह, मुनेश्वर सिंह, मोहन सिंह, सहदेव यादव, मनोज, नरेश रजक, सत्यनारायण, विजय पासवान, राजेश आदि शामिल थे।

### संदेहास्पद स्थिति में युवती की मौत

**गढ़वा।** रमना सिलीदाग पंचायत निवासी दुखहरण राम की 21 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। ज्योती का शव घर के कमरे में पंखा के सहारे फंदा से झुलते हुए पाया गया था। रविवार को ज्योति का अंतिम संस्कार सिलीदाग के मुक्तिधाम पर किया गया। स्वजनों के मुताबिक शनिवार की सुबह ज्योति कमरे से बाहर नहीं निकली के स्थिति में बड़ी बहन ने जब कमरे में जगाने गई तो देखा तो की ज्योति पंखे से लटकी हुयी हैं। घटना की सूचना बाहर गए पिता दुखहरण और भाई को दिया। स्वजनों की सूचना पर पहुंची रमना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। लेकिन मृतका के पिता के घर पर नही रहने की स्थिति में शनिवार को पोस्टमार्टम नही हो सका था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौप दिया गया। रमना थाना पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान आरंभ कर दिया है।

## हत्याकांड: प्रेमी ने लाखों रुपये किए थे खर्च, शूटरों से कारवाई थी हत्या

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में डांसर पूजा कुमारी हत्याकांड में पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पूजा कुमारी के प्रेमी को भी हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। डांसर पूजा कुमारी हत्याकांड में पुलिस को कई तथ्यों की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसंधान में इस बात का पता चला है कि पूजा कुमारी की हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग, पैसा और ब्लैकमेलिंग है। पूजा कुमारी का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। युवक ने पूजा कुमारी के पर लाखों रुपय खर्च किए थे एवं घर बनाने में मदद की थी। युवक पूजा को दूसरी जगह डांस करने एवं कई चीजों के लिए मना करने लगा था। पूजा अपनी प्रेमी की बात नहीं मान रही थी। इसी बीच अपने प्रेमी को कई तरह की धमकी दे रही थी और ब्लैकमेलिंग शुरू कर दिया था। इसी विवाद में प्रेमी ने शूटरों



के माध्यम से पूजा कुमारी की हत्या करवा दी। रविवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में नर्तकी मोहल्ला में बाइक सवार अपराधियों ने पूजा कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड में हरिहरगंज से कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिसके बाद पूछताछ में पूरे मामले का खुलासा हुआ है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। प्रेम प्रसंग में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है जल्द ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

# तापमान में उतार-चढ़ाव से लोग हो रहे हैं बीमार

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चढ़ते उतरते तापमान की वजह से मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन दोनों मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सोमवार को काफी संख्या में मरीज इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। बताते चले की पलामू जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में उतार-चढ़ाव होने से काफी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं।

वायरल का प्रकोप होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। पिछले 7 दिन में मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हजारों की संख्या में मरीज पहुंच चुके हैं। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज पहुंच रहे हैं। कभी बादल छाए रहने तो कभी ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।

मौसम तेजी से बदल रहा है। सुबह व रात की सर्द हवा सांस के रोग से पीड़ित मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। डॉक्टरों के अनुसार सुबह सैर सपाटे या अन्य किसी काम से बाहर जाना है तो



गर्म कपड़े जरूर पहने। सर्द हवा की वजह से सेहत खराब कर सकती है। रात को निकलते वक्त भी ध्यान रखना जरूरी है।

खुले में टहलने पर प्रदूषित कण सांस के सहारे भीतर जाते है और उससे सांस लेने में दिक्कत होती है। इसके अलावा बंद कमरे या ठंडे कमरे में बैठने या सोने के बाद खुली हवा में जाने से इंफेक्शन फैलने की संभावना रहती है। बंद कमरे में अधिक लोग जब एक साथ बैठते है। उसमें भी सांस लेना मुश्किल होता है। मौसम में हुए एकाएक बदलाव के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ी है। जिसे लेकर डाक्टर मरीजों को सलाह दे रहे हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर आरके रंजन ने बताया कि इन दिनों वायरल से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

इसका कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अधिक अंतर आना है।छोटे बच्चे वायरल इंफेक्शन होने के सामान्य लक्षणों में जुकाम होना, शरीर में दर्द, सिरदर्द शामिल है। ठंड का अहसास लोगों को हो रहा है। मौसम खुशनुमा हो गया है। वायरल मरीजों की संख्या बढ़ी है। सामान्य अस्पताल व निजी अस्पतालों में भी सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित मरीज भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके अलावा श्वास, दमा, एलर्जी, जुकाम मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं।मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीज इलाज व सलाह के लिए ओपीडी पहुंच रहे हैं।

# अदबी संसार का 40 वीं तरही नातिया मुशायरा एक शाम प्रो. नसीम रियाजी के नाम संपन्न

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार को अदबी संसार ने 40 वीं तरही नातिया मुशायरा में एक शाम प्रो. नसीम रियाजी के नाम हाजी तनवीर अहमद खां के आवास पर आयोजित कराया। अध्यक्षता प्रो. नसीम रियाजी, संचालन इरफान नवाज व डॉ .अशरफ जमाल अश्क ने संयुक्त रूप से जबकि स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। मौके पर प्रो.नसीम रियाजी, मंसूर रजवी, प्रो. अब्दुल हमीद अंसारी को अंग वस्त्र, फूलों का हार देकर सम्मानित किया गया। नातिया मुशायरा का आगाज हाफि ज मो. मेराज आलम शम्सी ने तिलावत ए कुरआन पाक से किया।

प्रो.नसीम रियाजी : जीना है मदीने में मरना है मदीने में, बरसों की ये चाहत है और ख्वाब पुराना है।



अब्दुल कय्यूम रूमानी : आका बुलाएंगे तैबा को जाना है, जाकर दर ए अहमद को आंखों से लगाना। मौ. महताब आलम ज़ियाईः कहां उसको आता था कोई सलीका, अदब मुस्तफा से है सीखा जमाना। अमीन रहबरः अजमत खुदा ने बख्शी है अपने हबीब की, शान ए नबी घटाए किसी में ये दम नहीं।

एम.जे.अजहरः भेजा हिदयातों के लिए है हबीब को, एहसान रब का हम पे ये अजहर तो कम नहीं।

नौशाद अहमद खां : ये हसरत ए आसी के रौजे की जियारत हो, खाक ए दर ए अहमद को पलकों पे सजाना है। डॉ. इंतेखाब असरः नबियों में सबसे आपका ऊंचा है मर्तबा, कोई नबी भी आप सा शाह ए उमम नहीं। मंसूर रजवी : आ जाएं काश ख्वाब में महबूब ए रब मेरे, फिर मौत आ भी जाए मुझे कोई गम नहीं। डॉ. अशरफ जमाल अश्कः दिल हम्द व सना खां है गर कादिर ए मुतलक का, रक्सां शह ए बतहा का होटों पे तराना है। रहबर पलामुवीः नबी की जो सीरत पर चलता जमाना, भटकता कभी भी न ऐसा जमाना। निगार आलम अताः मिलती न सर बुलंदी न होता मैं ताजवर, ये सर दर ए रसूल पे होता जो खम नहीं। अरशद जमाल : लब पे है नाम ए मोहम्मद है तलब दीदार की, देख लेता गुंबद ए खिजरा खुदारा या नबी। मो.इस्तेखारः फिजाओं की वो रागनी हवाओं की वो नगमगी, है कितना प्यारा नाम भी नबी नबी नबी नबी।

नातिया मुशायरा में हाजी शमीम रजवी, डॉ. तस्लीम आरिफ, डॉ. अतहर मोबीन कुरैशी, फारूक अहमद, अलाउद्दीन शाह चिराग, हाजी तनवीर अहमद खां, मो. हसामुद्दीन, हाफिज मो. मेराज आलम शम्सी, ताहिर पलामुवी, हसरत सफीपुरी, मंसूर रजवी, नूर सुल्तानपुरी, अजीज हमजापुरी द्वारा भी नातिया कलाम पेश किया गया।

## योग गुरु बाबा रामदेव ने खोई विरासत को पुनर्जीवित किया : अविनाश देव



संवाददाता

**डाल्टनगंज।** पतंजलि योग समित पलामू द्वारा योग सभा सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय आर्य समाज मंदिर में किया गया जहां बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

दीप प्रज्वलन कर सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरूआत किए और राज्य प्रभारी अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। जिले भर से आए प्रभारी स्तर के भाई बहनों को संबोधित करते हमने कहा- जब प्राचीन भारत में मेडिकल साइंस नहीं था तब विशाल भारतवर्ष जम्बूद्वीप में यही आयुर्वेद योग वैदिक शिक्षा प्राकृतिक चिकित्सा नागरिकों निरोग करता था जान बचाता था। चरक सुश्रुत धनवंतरी पतंजलि रिसर्चर स्कॉलर थे। प्राचीन भारत के खोई विरासत को आज बाबा रामदेव एक बार फिर अधिष्ठापित किए। इनके योग को दुनिया माना यू एन माना यही वजह है, आज हम 21 जून को योग दिवस मनाते हैं। वैदिक शिक्षा को पुनर्स्थापित करने के लिए आज भारत सरकार से बाबा रामदेव अपना भारतीय शिक्षा बोर्ड का अनुज्ञप्ति लिए। बाबा रामदेव आज वह तमाम कार्यों में लगे हैं जिससे हमारा देश भारत पुनः विश्वगुरु बने। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान से जुड़े एक एक कार्यकर्ता मिशन मोड में लगे हैं।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, मंगलवार 24 दिसंबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# घास की लंबाई, अपने संघनन स्तर, नमी के स्तर के साथ प्रयोग किया: क्यूरेटर मैट

● पिच गेंदबाजों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर मौका देगी
● सीम और स्विंग गेंदबाजी में मदद करती है



**मेलबर्न। एजेंसी**
बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैट पेज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने गेंदों के कारण स्टेडियम की पिच में कोई बदलाव नहीं किया है। ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली कूकाबुरा गेंद की सीम कम उभरी हुई होती है और यह जल्दी नरम हो जाती है, जिससे गेंदबाजों के लिए ड्यूक्स की तुलना में इसे इस्तेमाल करना ज्यादा मुश्किल हो जाता है, जो सीम और स्विंग गेंदबाजी में मदद करती है। ब्रिस्बेन में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ समाप्त होने के बाद श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबर है। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेज ने कहा कि पिच गेंदबाजों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर मौका देगी और बल्लेबाजों को भी फायदा होगा।
पेज ने संवाददाताओं से कहा हमने गेंदों के कारण अपनी पिचों में कोई बदलाव नहीं किया है। हमने 2017 के बाद शायद सात साल पहले बैठकर चर्चा की थी कि हम एक संगठन के रूप में कहां जाना चाहते हैं और हम किस लिए प्रसिद्ध होना चाहते हैं, और यह टेस्ट मैचों में उत्पादित किया गया है जो एक रोमांचक प्रतियोगिता प्रदान करने जा रहे हैं। मुझे लगता है यह गेंदबाजों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर अवसर देता है, लेकिन यह बल्लेबाजों को भी मौका देता है, अगर आप अच्छा खेलते हैं।
हेड क्यूरेटर ने कहा कि इससे पहले उन्होंने पिच की घास की लंबाई के साथ प्रयोग किया था और उसके बाद, वे उस स्तर पर पहुंच गए जहां वे पहुंचना चाहते थे। उन्होंने कहा हमने फिर कोशिश की और अपनी घास की लंबाई, अपने संघनन स्तर, नमी के स्तर के साथ प्रयोग किया, और शायद हमें उस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लग गए जहां हम पहुंचना चाहते थे, और फिर हम शायद पिछले दो या तीन सालों से, जो हमने रोल आउट किया है उसमें काफी सुसंगत रहे हैं, और हम अब उन पर पहले की तुलना में थोड़ी अधिक घास छोड़ते हैं, लेकिन इससे रोमांचक मुकाबले हुए हैं, और यही हम करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते की शुरूआत में, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति और शीर्ष क्रम में चिंताओं को दूर करते हुए अपनी टीम में कुछ बदलाव किए।

## संक्षिप्त खबरें

### एचआईएल अगली पीढ़ी के लिए एक रोमांचक मंच है : रूपिंदर पाल सिंह



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरूआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) नीलामी में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने रूपिंदर पाल सिंह को 12.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। 34 वर्षीय ड्रैग-फ्लिकर, जो अपनी उल्लेखनीय गोल-स्कोरिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं, 223 मैचों में 234 गोल के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ लीग में वापसी कर रहे हैं। सिंह, जिन्होंने आखिरी बार टोक्यो 2020 ओलंपिक में जर्मनी के खिलाफ ऐतिहासिक कांस्य पदक मैच में खेला था और ओलंपिक पदक के लिए 42 साल का सूखा समाप्त किया था, बंगाल टाइगर्स में अनुभव और कौशल का खजाना लेकर आए हैं। वह एचआईएल के पिछले संस्करण में दिल्ली वेवराइडर्स के लिए एक स्टार परफॉर्मर थे, और उनकी वापसी का प्रशंसकों और टीम के साथियों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। रूपिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हीरो हॉकी इंडिया लीग में फिर से खेलना मेरे लिए वाकई रोमांचकारी है।

### ब्राजील के फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब



**जेद्दाह।** ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने रविवार को जेद्दाह में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। 18 वर्षीय फोंसेका ने 20 वर्ष से कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीजन के अंतिम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में चैंपियनशिप मैच में अमेरिकी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (8), 4-0, 4-2 से हराया, और इवेंट के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इस सप्ताह पांच मैचों में अपराजित रहते हुए, फोंसेका ने टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 526,480 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता। फोंसेका ने कहा मैं शुरूआत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा था, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन दूसरे सेट के बाद, मुझे लगता है कि तीसरा सेट भी एक और जोआओ जैसा था। मैं शॉट्स के लिए बहुत अधिक आक्रामक था और वह थोड़ा और कड़ा हो गया। चौथे सेट में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।

### तानिया सचदेव ने शतरंज को मान्यता न मिलने पर दिल्ली सरकार पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी और महिला ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव ने शतरंज के लिए समर्थन की कमी पर दिल्ली सरकार से निराशा व्यक्त की और कहा कि शतरंज ओलंपियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें मान्यता नहीं मिली है। तानिया ने एक्स पर कहा कि भले ही वह 2022 शतरंज ओलंपियाड में महिला टीम के कांस्य पदक और दो साल बाद ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण के साथ वापस आई, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्वीकृति और मान्यता नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से शतरंज एथलीटों का समर्थन करने का आग्रह किया।

### अमित ने की शानदार बल्लेबाजी, ध्रुव एकेडमी ने एनइआर को हराया

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के ए डीविजन में ध्रुव एकेडमी ने नार्थ इस्ट रेलवे को 73 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में ध्रुव के सलामी बल्लेबाज अमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाये। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 32 ओवर में सात विकेट गवांकर 237 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और सात छक्का की मदद से 89 बाल पर 108 रन बनाये। वहीं वैभव यादव ने 37 बाल पर 47 रन का योगदान दिया। निखिल गुप्ता न 41 बाल पर 58 रन बनाये। वहीं अभिषेक पांडेय मात्र दो रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गये। एनईआर की टीम 164 रन ही बना सकी और 73 रने से ध्रुव एकेडमी ने मैच को जीत लिया। एनईआर की टीम में आकाश ने सबसे अधिक 51 रन का योगदान दिया। वहीं दीपक यादव ने 45 रन बनाये, जबकि शिवम दीक्षित ने 21 रन बनाये।

## श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित



**वेलिंगटन। एजेंसी**
न्यूजीलैंड ने 28 दिसंबर से घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में ऑकलैंड एसेस के युवा आक्रामक खिलाड़ी बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए जैकब्स ने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए। रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल और मैट हेनरी की तिकड़ी पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए श्रीलंका की यात्रा से चूकने के बाद टी20आई और वनडे दोनों के लिए वापस आ गई है। यह सीरीज - जिसमें तीन टी20आई और तीन वनडे शामिल हैं - न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में मिशेल सेंटनर की पहली सीरीज होगी। जनवरी 2025 में होने वाली वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम चुनने से पहले टीम की आखिरी सीरीज होगी। जैकब्स ने पिछले साल न्यूजीलैंड के घरेलू टी20 टूर्नामेंट सुपर स्मैश में सबका ध्यान खींचा था, जहां उन्होंने कैंटरबरी किंग्स के लिए फिनिशर के रूप में 188.73 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए (6 पारियों में 134)। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, ₹बेवॉन और उनके परिवार के लिए यह निश्चित रूप से एक रोमांचक समय है। वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और हम उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उत्सुक हैं। उसके पास स्पष्ट रूप से बल्ले से बहुत ताकत है, लेकिन उसने लंबे प्रारूपों में भी दिखाया है कि उसके पास एक अच्छी तकनीक और स्वभाव है। इस साल की शुरूआत में घर से बाहर सफेद गेंद से डेब्यू करने वाले जैक फॉल्केस, मिच हे और टिम रॉबिन्सन की तिकड़ी को पहली बार घरेलू सीरीज में खेलने का मौका मिलेगा। पिछले महीने श्रीलंका के यादगार, रिकॉर्ड तोड़ने वाले दौरे के बाद हे को वनडे और टी20 दोनों टीमों में जगह मिली है। दांबुला में पहले टी20 में, हे ने एक पारी में सबसे ज्यादा शिकार करने का रिकॉर्ड बनाया (पांच कैच और एक स्टंपिंग)। उन्होंने पल्लेकेले में दूसरे वनडे में भी 49 रन बनाए। हे टी20आई में कीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वनडे में उन्हें मौजूदा टॉम लैथम के बल्लेबाजी और कीपिंग कवर के तौर पर चुना गया है, जो 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे।

## कोनेग्लियानो ने जीता एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप का खिताब



**हांग्जो।** चीन की तियानजिन बोहाई बैंक टीम रविवार को 2024 एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में इटली की कोनेग्लियानो से 3-0 से हार गई। टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम कोनेग्लियानो ने ग्रुप स्टेज और सेमीफाइनल में बिना कोई सेट गंवाए अपने सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठ शक्ति का प्रदर्शन किया। पहले सेट के मध्य में तियानजिन ने बढ़त बनाई, लेकिन अपनी बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही और अंततः 25-21 से सेट हार गई। दूसरे सेट में तियानजिन को कोनेग्लियानो की शक्तिशाली जंप सर्विस को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा और जल्दी ही 25-15 पर पिछड़ गई। कोनेग्लियानो ने तीसरे सेट में श्रेष्ठता बनाए रखी और 25-20 से जीत के साथ समग्र जीत सुनिश्चित की। तियानजिन की मिडिल ब्लॉकर वांग युआनयुआन ने सिन्हुआ से कहा, पिछले साल हम स्टैंड में थे और इस साल फाइनल स्टेज में चीनी क्लबों का प्रतिनिधित्व करना बहुत रोमांचक है और हमने वास्तव में खेल का आनंद लिया। कोनेग्लियानो वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। हम अपने प्रतिद्वंद्वी के दबाव में थे और हमारी टीम की अनुकूलन क्षमता में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

## प्रयागराज मंडल की सीनियर महिला वॉलीबाल टीम घोषित



**प्रयागराज। एजेंसी**
स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कंपनी बाग के खेल मैदान में प्रयागराज मंडल की सीनियर महिला वॉलीबाल टीम का चयन ट्रायल सम्पन्न हुआ। चयनित महिला वॉलीबाल टीम आगामी 25 से 27 दिसम्बर तक जौनपुर जिले में आयोजित प्रदेशीय सीनियर महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, (डीवीए) प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आर.पी शुक्ला के अनुसार चयनित टीम के खिलाड़ी में तेजस्वनी शुक्ला (कप्तान), दिव्या, साक्षी कुमारी, पूर्णिमा श्रीवास्तव, हर्षिता पाल, पल्लवी यादव, स्नेहा राजवीर, साक्षी यादव, कविता पटेल, अंशिका द्विवेदी, पायल यादव व दिव्यांशी द्विवेदी हैं।
आरक्षित खिलाड़ी में मीनू कुमारी व श्वेता हैं। उन्होंने बताया कि चयनित टीम 25 दिसम्बर को सुबह 5:30 बजे दारागंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा जौनपुर के लिए रवाना होगी। सभी खिलाड़ी सुबह 5 बजे तक दारागंज रेलवे स्टेशन पहुंचकर अपनी टीम कोच या टीम कप्तान से सम्पर्क करें।

## तेजस्वी सूर्या ने ट्रायथलॉन इवेंट आयरनमैन 70.3 गोवा के लिए शुरू किया पंजीकरण



● फिट इंडिया मूवमेंट के मूल्यों को बनाए रखने वाली जीवनशैली अपनाने का उदाहरण पेश करेंगे

**पणजी। एजेंसी**
आयरनमैन 70.3 गोवा ने 9 नवंबर, 2025 को आयोजित होने वाले अपने 5वें संस्करण के लिए आधिकारिक तौर पर पंजीकरण खोल दिया है, जिससे ट्रायथलीटों को प्रसिद्ध दौड़ की तैयारी के लिए एक वर्ष का समय मिल सकेगा। आयरनमैन 70.3 गोवा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, गोवा के प्रतिष्ठित मीरामार बीच पर शुरू की गई, इस प्रमुख ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में 57 देशों से प्रतिभागी शामिल हुए हैं और इसने बहुत तेजी से दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे आकर्षक दौड़ों में से एक होने की प्रतिष्ठा हासिल कर ली है। शांत पानी में तैराकी, सुंदर और तेज सड़कों पर साइकिल चलाना और पेड़ों से घिरी सड़कों पर दौड़ना जैसे मनोरंजक कोर्स के साथ, गोवा इस धीरज चुनौती के लिए एक आदर्श स्थान बन गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, अगले साल सेलिब्रिटी प्रतिभागियों में बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या भी शामिल हैं, जो एक बार फिर देश के युवाओं के लिए फिट इंडिया मूवमेंट के मूल्यों को बनाए रखने वाली जीवनशैली अपनाने का उदाहरण पेश करेंगे। 2024 में, 34 वर्षीय राजनेता आयरनमैन 70.3 धीरज दौड़ पूरी करने वाले देश के पहले मौजूदा सांसद बन गए। अब वह अगले साल भी इस दूरी को पार करने की तैयारी कर रहे हैं। सूर्या ने कहा जब मैंने इस साल की शुरूआत में आयरनमैन 70.3 गोवा पूरा किया, तो मुझे एहसास हुआ कि मन और शरीर कितनी क्षमता रखते हैं।



## शेयर बाजार में लौटी तेजी, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी




**नई दिल्ली। एजेंसी**
पिछले सप्ताह के पांचों कारोबारी दिन गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के पहले दिन ही जोरदार तेजी दिखाई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 875 अंक से अधिक और निफ्टी 280 अंक से अधिक उछल गए। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने के कारण शेयर बाजार ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.64 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।
पूरे दिन के कारोबार के बाद बैंकिंग, रियल्टी, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा।
ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 441.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.99 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब एक लाख करोड़ का मुनाफा हो गया।

## इरेडा को 14वें पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार में एक साथ मिला तीन सम्मान



**नई दिल्ली। एजेंसी**
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड को सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 14वें पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि कंपनी ने 'कॉर्पोरेट गवर्नेंस' और 'कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और निरंतरता' के लिए मिनी रत्न श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड प्राप्त किए। इसके अलावा इरेडा को 'ऑपरेशनल परफॉरमेंस एक्सीलेंस' के लिए सिल्वर अवॉर्ड मिला है। इरेडा की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में महाप्रबंधक माला घोष चौधरी, महा प्रबंधक एसके शर्मा, अपर महा प्रबंधक दुर्रे शाहवार और अन्य अधिकारी शामिल थे। लोक उद्यम विभाग के पूर्व सचिव डॉ. भास्कर चटर्जी और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य अपूर्व कुमार मिश्रा ने इरेडा को ये पुरस्कार प्रदान किए। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने इन पुरस्कारों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा इन सम्मानों से कॉर्पोरेट प्रशासन, निरंतरता और परिचालन संबंधी उत्कृष्टता के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है।

### बैंक खाते को करें सत्यापित : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने वाले करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए उनके बैंक अकाउंट का सत्यापन जरूरी है। आयकर विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिफंड पाने के लिए सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते को सत्यापित करें। आयकर विभाग ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि यदि आपका रिफंड आपके बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन न होने के कारण विफल हो गया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता मान्य है या पुनः सत्यापन किया गया है, जैसा भी लागू हो।
विभाग ने कहा कि करदाताओं कृपया ध्यान दें! यदि आपने अपने बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन के बाद 'रिफंड पुनः जारी करने का अनुरोध' प्रस्तुत नहीं किया है, तो 'रिफंड पुनः जारी करने' का अनुरोध प्रस्तुत करना न भूलें।

## सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयरों में कारोबार पर रोक लगाई



**नई दिल्ली। एजेंसी**
पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड (बीजीडीएल) के कारोबार को निलंबित कर दिया है। सेबी की कार्रवाई के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयर 5 फीसदी की निचली सर्किट सीमा तक गिरकर 1,236.45 रुपये पर आ गए हैं। सेबी ने बीजीडीएल के खिलाफ वित्तीय गलतबयानी, भ्रामक खुलासे, मूल्य हेरफेर और बढ़े हुए मूल्य पर शेयर बेचने के कारण ये कार्रवाई की है। सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड में अगले नोटिस तक स्टॉक में ट्रेडिंग को निलंबित कर दिया गया है। पूंजी बाजार नियामक ने कंपनी के प्रमोटरों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए पूंजी बाजार तक पहुंचने से रोक दिया गया है। पूंजी बाजार नियामक ने अपने अंतरिम आदेश में तरजीही आवंटियों द्वारा शेयरों की बिक्री के जरिए कमाए गए 271.6 करोड़ के अवैध मुनाफे को जब्त कर दिया है। इसके अलावा बाजार नियामक ने इसके प्रबंध निदेशक अशोक कुमार सेवाडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहसिन शेख और कंपनी के निदेशकों दिनेश कुमार शर्मा, निराली प्रभातभाई करेथा और कई तरजीही शेयरों के आवंटियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 3.7 किलोग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चरस तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ किया है। मुख्य आरक्षी विजय सिंह की देखरेख में भूतनाथ पुल के पास लगे नाके के दौरान रविवार बीती रात यह कार्रवाई हुई है। टीम ने शक के आधार पर एक व्यक्ति को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 3 किलो 705 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान भूपेंद्र सिंह (31), पुत्र रतन चंद गांव माशना डाकघर डोगरी, तहसील और जिला कुल्लू के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के डीएसपी हेमराज वर्मा ने जानकारी दी कि आरोपी को गिरफ्तार कर चरस को जब्त कर लिया गया है।

### कोसम का बीज खाने से मासूम की मौत

**कोरबा।** जिले में चार वर्षीय मासूम बालक की कोसम फल का बीज खाने के बाद तबियत बिगड़ने से इलाज के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बालको थाना अंतर्गत दैहानपारा निवासी एक परिवार का चार वर्षीय दिव्यांश यादव कल 22 दिसम्बर को दोपहर करीब 2 बजे अपने घर पर खेल रहा था। इस दौरान उसने खेल-खेल में कोसम का बीज खा लिया, जिसके दुष्प्रभाव से मासूम की तबीयत बिगड़ने से उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दिव्यांश की मृत्यु हो गई है। सूचना बाद पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भिजवाया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर भोजपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार दो बाइकें आमने-सामने से भिड़ गई, हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की आंख बाहर आ गई, साथ ही उसका एक पैर टूट गया। दो युवकों की हालत गंभीर होने पर झालावाड़ रेफर किया गया है। पुलिस ने सोमवार को प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती शाम हाइवे स्थित भोजपुर के समीप दो बाइकें आमने-सामने से भिड़ गई, हादसे में एक बाइक पर सवार ग्राम सरेड़ी थाना राजगढ़ कोतवाली निवासी ग्यारसीराम वर्मा साल और उसका बेटा ईश्वर घायल हो गया।

### मुख्यमंत्री योगी ने टेंट सिटी का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ मेला क्षेत्र के टेंट सिटी का निरीक्षण करने के बाद ई त्रिपलसी कार्यालय में पहुंचे। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। महाकुंभ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे। अरैल स्थित टेंट सिटी का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। वहां से मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए दशाश्वमेध-घाट पर पूजा अर्चना किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ई त्रिपल सी कार्यालय में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

### सात पेटी देशी मदिरा के साथ चार युवक गिरफ्तार

**राजगढ़।** सुठालिया थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांगाहोनी-हांसरोद रोड़ से घेराबंदी कर महिन्द्रा टीयूव जीप को पकड़ा, तलाशने पर वाहन में 31 हजार 500 रुपए कीमती सात पेटी देशी मदिरा मिली। पुलिस ने मौके से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम गांगाहोनी-हांसरोद रोड़ से घेराबंदी कर महिन्द्रा टीयूवी जीप क्रमांक एमपी 13 जेड़जे 2177 को पकड़ा, तलाशने पर वाहन में सात पेटी देशी सफेद मदिरा मिली।

### हाइवा वाहन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

**बालोद।** जिले के गुरूर थानांतर्गत आज सोमवार सुबह मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से गुरूर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोहरा अधिक होने के चलते हादसा हुआ है। जानकारी के अनुधार अवैध रेत से भरी हाइवा वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दो मोटरसाइकिल सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पहले दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया है।

### सिकंदरा इलाके में बेकाबू होकर पलटी कार

**दौसा।** जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर सिकंदरा-गिरधरपुरा पत्थर मंडी के पास सिकंदरा इलाके में रविवार देर रात एक कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सिकंदरा थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## धामी ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, कहा

# उत्तराखंड सरकार विचारधारा को कर रही है साकार

**देहरादून। एजेंसी**

पूरे देश में सोमवार को भारतीय राजनीति के एक महान नेता, किसान हितैषी और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। चौधरी चरण सिंह को 'किसानों का मसीहा' कहा जाता है। उन्होंने हमेशा किसानों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए संघर्ष किया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस अवसर पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए किसानों के कल्याण के लिए अपनी सरकार की योजनाओं की दिशा और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। किसानों का कल्याण ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। यह विचार चौधरी चरण सिंह का था और यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार की प्राथमिकता का आधार बन चुका है, जो किसानों की हर आवश्यकता और चुनौती का समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका संदेश यह था कि किसानों का कल्याण ही देश की समृद्धि और प्रगति का वास्तविक आधार है। हम उनके योगदान को याद करते हुए यह वचन लेते हैं कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने आगे कहा कि उत्तराखंड राज्य में किसानों की बेहतरी के लिए हमारी सरकार ने कई योजनाओं की शुरूआत की है जो न केवल किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम कर रही हैं, बल्कि कृषि क्षेत्र में नये दृष्टिकोण और तकनीकी सुधार भी ला रही हैं।

किसानों के लिए मुख्यमंत्री धामी की पहल उत्तराखंड में कृषि और किसानों के कल्याण के लिए धामी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिनसे राज्य के किसानों को न केवल राहत मिली है।

## अध्ययन अवकाश के दौरान एलोपैथिक डॉक्टरों को मिलेगा पूरा वेतन : सुक्खू



**शिमला। एजेंसी**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अध्ययन अवकाश अवधि के दौरान एलोपैथिक चिकित्सकों को शत-प्रतिशत वेतन देने का निर्णय लिया है। एलोपैथिक चिकित्सकों को अध्ययन अवकाश के दौरान ऑन ड्यूटी माना जाएगा। इससे पूर्व, अध्ययन अवकाश अवधि के दौरान उन्हें कुल वेतन का 40 प्रतिशत वेतन ही दिया जाता था। उन्होंने सोमवार को ये घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विद्यार्थी, शैक्षणिक प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ मरीजों की चिकित्सा दायित्व में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करते हैं। यह उनके चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञता और राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अध्ययन अवकाश के दौरान चिकित्सकों को पूरा वेतन प्रदान कर उनकी कार्यशाली में गुणवत्ता सुनिश्चित कर रही है ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। सरकार का यह निर्णय प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी : मायावती

**लखनऊ। एजेंसी**

संसद में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करने की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन की सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने संसद में जिस तरह से बाबा साहब पर विरोधी टिप्पणी की है, उसे वापस लें। लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आयी है। अमित शाह के बयान को वापस लेने की माँग को लेकर बसपा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स



पर पोस्ट करते हुए कहा है कि बाबा साहब का जिस तरह से अपमान हुआ है, उससे उनके करोड़ों अनुयाइयों को ठेस पहुंची हैं। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस और भाजपा आदि कोई भी उनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में खोट है। ऐसे में बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी है। इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता का घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं जबकि बाबा साहब के जीते जी और उनके देहान्त के बाद भी कांग्रेस का उनके और उनके अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कार पूर्ण रहा है।

### लूट के मामले में फरार इनामी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** लूट के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से लूटी गई रकम से खरीदी बाइक भी बरामद की है। दरअसल, हिमांशु पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम मोलना थाना झबरेडा हरिद्वार ने गत तीन जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मोलना रोड पर मारपीट कर 85 हजार नकद व दस्तावेज लूटने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अंकुल उर्फ डोली निवासी शिवपुर थाना देवबंद सहारनपुर, जुल्फिकार उर्फ बिल्ला निवासी पठनपुरा थाना मंगलौर हरिद्वार, विशाल निवासी ग्राम सुनेटी झबरेडा हरिद्वार व रितेश निवासी ग्राम बेहेडकी सैदाबाद थाना झबरेड़ा का नाम प्रकाश में आया था। इन आरोपितों ने कोतवाली गंगनहर रूड़की व थाना देवबंद क्षेत्र में भी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन आरोपितों को पकड़ लिया था। जबकि आरोपित रितेश फरार चल रहा था।

## काठमांडू : नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है। इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है।दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई। नेपाल परिवहन मंत्रालय के सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है। शर्मा के साथ इस टीम में परिवहन विभाग के संयुक्त



सचिव भीमार्जुन अधिकारी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, कानून मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव शामिल हैं।

शंघाई में शुक्रवार से शुरू हुई बैठक रविवार तक चली। चीन की टीम ने बताया कि काठमांडू-केरुंग रेलवे का निर्माण चुनौतीपूर्ण है। इस बैठक में काठमांडू करूंग रेलमार्ग के प्री फिजीबिलिटी अध्ययन में शामिल चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी चाइना रेलवे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट के तकनीशियनों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।बैठक में सहभागी परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे रेलमार्ग पर 98 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी होने के कारण निर्माण लागत काफी महंगी होने वाली है। बैठक में चीनी पक्ष ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण करीब 95 फीसदी मार्ग में सिर्फ सुरंगों और पुलों का ही निर्माण होगा।

## गृह मंत्री के बयान ने करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत किया : हरीश रावत

**हरिद्वार। एजेंसी**

संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने अमित शाह के बयान को न केवल डॉ. अंबेडकर का अपमान बताया, बल्कि इससे करोड़ों देशवासियों की भावना को ठेस पहुंची है। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान हरीश रावत ने कहा कि जिस तरह से राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की, वह निंदनीय व अस्वीकार्य है। इतना ही नहीं, अपने बयान से ध्यान हटाने के लिए संसद के बाहर जो भाजपा ने ड्रामा किया और जिस तरह झूठ फैलाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज कराई, वह दशार्ता है कि भाजपा अंदर से कितनी डरी हुई है।




उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के बयान से उनके संगठन की भावना झलकती है। अम्बेडकर को केवल भारत के नहीं बल्कि दुनिया के करोड़ों इंसान उनको मानव के रूप में भगवान मानते हैं। अम्बेडकर को लेकर भी लोगों के मन में ऐसी भावना है। जो गृह मंत्री ने कहा कि वह अशोभनीय व अस्वीकार्य है। इससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा और उसका संगठन दोनों ने ही अम्बेडकर को कभी स्वीकार नहीं किया।

हरीश ने कहा कि चाहे पहले की हिंदू महासभा हो या जनसंघ या अब की भाजपा इनके नेता चाहते हैं कि भारत का संविधान मनु स्मृति के आधार पर चले। ये तथ्य है कि इसको लेकर हिंदू महासभा ने संविधान व डॉ. अम्बेडकर के खिलाफ लगातार कैंपेन भी चलाया। उन्होंने कहा कि यह वही जनसंघ से उपजी भाजपा है जिसके संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो मुस्लिम लीग के मंत्रिमंडल में थे। संसदीय गतिरोध पर बोलते हुए हरीश रावत ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर गृह मंत्री के बयान से ध्यान हटाने के लिए भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत कांग्रेसियों का दमन कर रही है।

## जनता तक अपनी बात पहुंचाने का अद्भुत माध्यम है जनसंपर्क : अरुण

**रायपुर। एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव पीआरएसआई के 46वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन्स नेशनल कॉन्फ्रेंस-2024 के समापन में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। उन्होंने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि, यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि पीआरएसआई ने अपने 46वें अधिवेशन के लिए छत्तीसगढ़ को चुना। मैं देशभर से आए प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ की पावन भूमि और माता कौशल्या की इस धरती पर हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उप मुख्यमंत्री साव ने अपने संबोधन में कहा कि, प्रकृति ने छत्तीसगढ़ पर असीम कृपा बरसाई है। छत्तीसगढ़ ऐसा भू-भाग है जिसका उल्लेख हर काल में मिलता है। छत्तीसगढ़ ऐतिहासिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध रहा है। यहां एक ओर पहाड़, जंगल और नदियां हैं, तो दूसरी ओर कोयले से लेकर हीरे तक के भंडार हैं। यही



छत्तीसगढ़ की ताकत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का जितना विकास और विश्व पटल पर नाम होना चाहिए था, वह अभी तक नहीं हो पाया है।

देशभर के लोग आज यहां आए हैं, निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की विशेषताएं देशभर में जाएंगी। साव ने कहा कि, जनसंपर्क की ताकत संचार कौशल में है। जनता तक अपनी बात पहुंचाने का जनसंपर्क अद्भुत माध्यम है, जिसमें लगातार इनोवेशन हो रहे हैं। इन इनोवेशन्स के कारण जनसंपर्क की क्षमता का विस्तार भी हो रहा है। उन्होंने शुभकामनाएं दीं कि भारत माता के वैभव को आगे बढ़ाने में पीआरएसआई जो निरंतर कार्य कर रहा है, उसमें यह सफल हों।

### बच्चों पर गिरी ईंट भट्ठे की दीवार, चार की मौत

**हिसार।** जिले के नारनौंद क्षेत्र के बुडाना गांव में ईंट भट्ठे पर सो रहे बच्चों पर दीवार गिर गई। हादसे में चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि कुछ बच्चे घायल हैं। घायलों का जिले के नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि नारनौंद क्षेत्र के बुडाना गांव में एक ईंट भट्ठे पर कई मजदूर काम करते हैं। रविवार रात को भट्ठे की चिमनी से लगी दीवार गिर गई। मृतकों में तीन महीने की निशा, करीब 9 साल का सूरज, 9 साल का विवेक और 5 साल की नंदिनी शामिल हैं। उनके परिवार के सदस्य पास ही स्थित ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। इस समय भट्ठे पर ईंटें बिछाने और चिमनी के पास पिलर लगाने का काम चल रहा है। ये परिवार उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। मजदूर ओमप्रकाश ने सोमवार को बताया कि रात करीब 12 बजे 25 मजदूर काम कर रहे थे। सभी बच्चे चिमनी के पास बनी दीवार के पास सो रहे थे। यह दीवार चारों तरफ से घिरी हुई है और बाहर जाने के लिए बड़ा गेट है। जहां बच्चे सो रहे थे, वहां ईंट की दीवार थी जो बच्चों पर गिर गई। इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल तीन बच्चों को ईंटों से निकालकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# सीजन की दूसरी बर्फबारी, पर्यटकों में खुशी की लहर

● दिसंबर के महीने में बर्फबारी का मौसम पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है

**शिमला। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली और राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है, वहीं निचले और मैदानी हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं। खासकर राजधानी शिमला में हल्की बर्फबारी हो रही है। इससे सर्दी का प्रकोप और भी तेज हो गया है। शिमला के प्रसिद्ध रिज मैदान और मॉल रोड पर बर्फ के सफेद फाहे गिर रहे हैं, जिससे यहां का दृश्य बेहद खूबसूरत बन



गया है। बाहरी राज्यों से उमड़े पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। इसके अलावा शिमला से सटे पर्यटन स्थल कुफरी और नारकण्डा में भी हल्की बर्फबारी हो रही है। यह बर्फबारी पर्यटकों के लिए एक शानदार तोहफा साबित हो रही है क्योंकि यहां आने वाले सैलानियों के चेहरे खुशी से चमक रहे हैं।

शिमला में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का तांता लगना शुरू हो गया है और वे बर्फबारी के इस मनोरम दृश्य का आनंद लेने के लिए यहां पहुंचे हैं।

शिमला में विंटर सीजन की ये दूसरी बर्फबारी है। इस बार शिमला में 15 दिनों के बाद दूसरी बार बर्फबारी हो रही है जिससे पर्यटकों को सर्दियों का भरपूर मजा लेने का मौका मिल रहा है। यह बर्फबारी शिमला और आसपास के पर्यटन स्थलों के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है क्योंकि इससे पर्यटन उद्योग को संजीवनी मिलती है। खासकर दिसंबर के महीने में बर्फबारी का मौसम पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है। शिमला के होटल, रिसॉर्ट्स और अन्य आवासीय सुविधाओं में इन दिनों जबरदस्त बुकिंग हो रही है। यहां क्रिसमस और न्यू ईयर की छुट्टियों के दौरान पर्यटकों की संख्या में और भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस समय शिमला में करीब 80 फीसदी होटल पहले ही सैलानियों से पैक हो चुके हैं। शिमला की बर्फबारी न सिर्फ पर्यटकों के लिए एक खास अनुभव है, बल्कि यह स्थानीय व्यापारियों और होटलों के लिए भी एक अच्छा अवसर साबित हो रहा है। सैलानियों के आने से यहां के होटल व्यवसाय और पर्यटन से जुड़े अन्य उद्योगों को मजबूती मिल रही है। बर्फबारी के कारण शिमला और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की आमद बढ़ने से रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ हो रहा है।

मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी व मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में अगले तीन दिन यानी 24 से 26 दिसम्बर तक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में मंडी और बिलासपुर जिलों के मैदानी स्थानों पर घने कोहरे का येलो अलर्ट रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को राज्य के छह शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस में रिकार्ड किया गया। लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम पारा -10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह राज्य में सबसे ठंडा स्थल रहा। लाहौल स्पीति, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में पारा गिरने से झीलों, झरनों, नालों व अन्य प्राकृतिक जलस्रोतों का पानी जम गया है। समाधो में पारा -5.3 डिग्री, कुकुमसेरी में -3.7 डिग्री, कल्पा में -2.5 डिग्री, रिकांगपिओ में -0.4 डिग्री, कुफरी में 0.7 डिग्री, बजुआरा में 0.9 डिग्री, भुंतर में 1 डिग्री, सोलन में 1.3 डिग्री, पालमपुर में 1.5 डिग्री, सुंदरनगर में 1.7 डिग्री, मनाली में 1.8 डिग्री, ऊना में 2.4 डिग्री, सियोबाग में 2.5 डिग्री, बरठीं में 2.8 डिग्री, भरमौर में 2.9 डिग्री, सराहन व हमीरपुर व चम्बा में 3.3 डिग्री व शिमला में 3.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## अटल शताब्दी वर्ष के तहत देशभर में होंगे कार्यक्रम : डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार। एजेंसी**

अटल शताब्दी वर्ष के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई एक महान नेता थे। उनका जन्मदिन सुशासन दिवस के तौर पर पूरे भारत में मनाया जाता है। जन्म शताब्दी वर्ष होने पर लगातार पूरा वर्ष उनकी याद में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।डॉ. कमल गुप्ता सोमवार को अटल शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला महामंत्री आशीष जोशी, अटल शताब्दी वर्ष के जिला संयोजक एडवोकेट धर्मवीर



रतेरिया, कार्यक्रम संयोजक मुनीश ऐलावादी, बहादुर सिंह नंगथला, अनिल गोदारा, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा व सुरेश जांगड़ा सहित अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया।

डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि अटल शताब्दी वर्ष के तहत देशभर में कार्यक्रम किए जाएंगे और उनके प्रधानमंत्रीत्व काल में देश की तरक्की के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 24 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# नारी के लिए साज-श्रृंगार भी जरूरी

**पति-पत्नी का रिश्ता वफादारी तथा देखभाल के अलावा और भी बहुत कुछ मांगता है जिसके लिए आपको आकर्षक और सुंदर सलोना दिखना ही चाहिए।**



**विवाह** जीवन का सबसे खूबसूरत मोड़ है लेकिन यह भी आश्चर्यजनक सत्य है कि अक्सर इसके बाद पत्नियां अपने सौंदर्य और आकर्षण की उपेक्षा करने लगती हैं। विवाह के समय वधू के हाथों में लगने वाली हल्दी मानो वधू का पीछा ही नहीं छोड़ती और रसोईघर में मसालों की गंध में लिपटी पत्नी के प्रति पति का आकर्षण धीरे-धीरे कम होने लगता है।

यही वह समय है जब पत्नियों को जीवन का यह शाश्वत सत्य समझ लेना चाहिए कि अगर उन्हें बेतरतीब, बढ़ी दाढ़ी और अस्त-व्यस्त कुर्ते-पायजामा में अखबार में चिपके पतिदेव पर खीज होती है तो उनका भी आपके बिखरे बाल, मुड़ी-तुड़ी साड़ी और मसाले-पसीने से महकती देह से मुंह मोड़ लेना नितांत स्वाभाविक है।

पति-पत्नी का रिश्ता वफादारी तथा देखभाल के अलावा और भी बहुत कुछ मांगता है जिसके लिए आपको आकर्षक और सुंदर-सलोना दिखना ही चाहिए। थोड़ी-सी शोखियां और थोड़ी-सी शरारतें आपके वैवाहिक जीवन को स्थायी रूप से मधुमास बना देंगी।

इस दिशा में शुरुआत करने से पहले एक बड़ी ही महत्वपूर्ण बात को गांठ बांध लें कि जीवन साथी को प्रसन्न करने में न तो कोई बुराई है और न ही यह अहं का सवाल है। अगर शादी के बाद आपकी खुशी के लिए वह अपनी प्यारी मूंछों की कुर्बानी दे सकते हैं, आपकी प्रसन्नता के लिए मनपसंद नीली शेड को त्याग कर भूरे और काले शेड के परिधान पहन सकते हैं तो उनकी खुशी के लिए थोड़ा-सा स्लिम होकर कभी-कभी उनके मनपसंद आउटफिट को क्यों नहीं पहन सकतीं।

- सुगन्ध सभी को आकर्षित करती है इसलिए अंतरंग क्षणों में किसी बढ़िया परफ्यूम अथवा इत्र का प्रयोग अवश्य करें। सुबह उनके ऑफिस निकलने से पहले उसी सुगंध में डूबा एक शरारती-सा नोट लिख कर ब्रीफकेस में रख दें। फिर देखिए, उनकी शाम के साढ़े पांच सीधे घर की देहरी पर ही बजेंगे।



- ढीले-ढाले कपड़े पहनने में अच्छे रहते हैं लेकिन आपके वार्डरोब में चटख रंग और लेटेस्ट फैशन के टाइट्स और हाई हील प्लेटफार्म भी होने ही चाहिए।
- आपकी बदली पसंद केवल पोशाक में ही नहीं, अंतर्वस्त्रों के मामले में भी दिखनी चाहिए जिसका मूलमंत्र है 'जितना आधुनिक, उतना आकर्षक'। पतिदेव को फैशन परेड और फिल्मी मैगजीन घूरने पर क्यों टोकती हैं? हीरोइनों और मॉडलों को तो केवल देखा भर जा सकता है लेकिन असली रानी तो आप हैं। मेकअप केवल मॉडलों के लिए ही नहीं है आप भी उसमें उतनी ही अच्छी लगेंगी।
- कौन कहता है कि आपकी शादी हुए पांच साल हो जाने का मतलब केवल चूल्हा-चौका और परिवार तथा नौकरी की व्यवस्था है। घर-कार्यालय की उलझनों में से थोड़ा समय निकालिए और पतिदेव को मनाकर निकल पड़िए। सनसनीखेज सप्ताहांतों के लिए जरूरी नहीं कि आपका यह 'मिनी हनीमून' किसी हिल स्टेशन अथवा रिसोर्ट में ही मनाया जाए। इसकी पहली और आखिरी शर्त है प्राइवेसी।
- भरी भीड़ में चुपके से पतिदेव को छेड़ देने की शरारत खूब कामयाब रहती है। जरा सोच कर तो देखिए कि वह रैस्टोरेंट में भोजन का आर्डर दे रहे हों और आप कपड़े से ढकी मेज के नीचे अपने पैरों से धीरे-धीरे उनके पैरों पर गुदगुदी कर दें। यकीनन वेटर को वह कुछ की जगह कुछ आर्डर दे जाएंगे।

और खाने के बाद मीठा, ऐसी शरारत करने से पहले घर के फ्रिज में खीर ठंडी करने को रख दीजिए। इन शोखियों के बाद अब भला रैस्टोरेंट में ठहरने का समय किसके पास होगा।

# कर्ड सैंडविच



**सामग्री :** 1 कप दही, 6 स्लाइस ब्रैड, 1 कप बारीक लम्बाई में कटी हुई पत्तागोभी, शिमला मिर्च और गाजर, आधा टीस्पून अदरक का पेस्ट, 3-8 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, नमक स्वादानुसार, छौंक के लिए थोड़ी-सी राई और तेल।

**विधि :** दही को छलनी में डालकर एक तरफ रख दें, दही का पानी निकलते ही सभी सब्जियां, अदरक, हरी मिर्च और नमक मिला लें। हरी धनिया बारीक काटकर मिला लें। तवे पर 2 टीस्पून तेल डालें। राई डालकर चटकने दें। दही का मिश्रण दो ब्रैड के बीच भरकर तवे पर रख दें और क्रिस्पी होने तक सेंक लें। सॉस या चटनी के साथ सर्व करें।

# शिशु के सौंदर्य का रखें ख्याल

**सौंदर्य** और सुंदर त्वचा पर मात्र युवा वर्ग का ही अधिकार नहीं है बल्कि इस पर बाल वर्ग का भी उतना ही अधिकार है जितना कि युवा वर्ग का। जन्म के समय नवजात शिशु की त्वचा एवं शरीर बेहद कोमल, नर्म और बेदाग होता है किन्तु समय के साथ-साथ त्वचा की सुरक्षा में बरती गई छोटी-सी असावधानी काफी सीमा तक खतरनाक सिद्ध होती है।

शिशु को जन्म के उपरांत कई प्रकार के वातावरण का सामना करना पड़ता है। कई माता-पिता अपने शिशु के स्वास्थ्य और सौंदर्य के प्रति लापरवाह होते हैं तो कई इतने जागरूक होते हैं कि उनकी शिशु के प्रति अधिक जागरूकता और आवश्यकता से अधिक देखरेख भी शिशु के स्वास्थ्य और त्वचा को हानि पहुंचाती है, जैसे कि मां द्वारा शिशु को दिन में कई-कई बार साबुन से नहलाना, अपने क्रीम-पाउडर का उसकी त्वचा पर प्रयोग करना आदि। ऐसे कई कारण हैं जिसके कारण शिशु की त्वचा खराब हो जाती है और संक्रमित होकर अनेक रोगों एवं समस्याओं को निमंत्रण दे देती है- जैसे कि एलर्जी, त्वचा का फटना, फोड़े-फुंसी आदि। यदि आप अपने शिशु को स्वस्थ और सुंदर रखना चाहती हैं तो कृपया निम्न सावधनियों का पालन अवश्य करें:

**शिशु की त्वचा संबंधी कुछ सावधानियां**

- शिशु की त्वचा पर क्रीम और कॉस्मैटिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
- शिशु की त्वचा यदि शुष्क हो तो माइश्चराइजर के स्थान पर जॉनसन बेबी ऑयल या बादाम अथवा जैतून का तेल प्रयोग करना चाहिए।
- सप्ताह में एक या दो बार बेसन में दूध मिला कर उस पेस्ट को बच्चे के शरीर पर हल्के हाथों से मलना चाहिए, इस प्रयोग से त्वचा के भीतर तक की सफाई हो जाती है।
- शिशु की त्वचा पर साबुन का प्रयोग अधिर नहीं करना चाहिए, इससे शिशु की त्वचा क्षारीय बन जाती है और बैक्टीरिया भी सक्रिय होकर बच्चे की त्वचा को हानि पहुंचा सकते हैं।
- शिशु के शरीर पर नियमित जैतून के तेल की मसाज करनी चाहिए, इससे बच्चे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।



# ऑफिस में सेंस ऑफ ह्यूमर



**जरा सोचिए** हंसी के बिना हमारी लाइफ कितनी बोरिंग होती। सुबह ट्रैफिक की रेलमपेल झेलते हुए जब हम ऑफिस पहुंचते हैं तो वहां भी कई तरह की परेशानियां पहले से ही हमारे स्वागत के लिए तैयार खड़ी होती हैं। समझ नहीं आता कि इतने कम समय में ढेर सारा काम कैसे पूरा किया जाए। ऐसे में आपका एक कलीग अचानक कोई ऐसी बात कहता है कि आप सब एक साथ हंस पड़ते हैं। मिनटों में आपका सारा तनाव छूमंतर हो जाता है और थोड़ी ही देर में आप पूरी ऊर्जा के साथ अपने काम में जुट जाते हैं।

**मुश्किल से मिलता है मौका**

रोने के हजारों बहाने सभी के पास होते हैं, पर हंसने का मौका हमें बड़ी मुश्किल से मिलता है। खास तौर से ऑफिस के आपाधापी और अनुशासन भरे माहौल में अगर कभी कोई हंसने वाली बात हो तो हमें उसका लुत्फ उठाने से चूकना नहीं चाहिए। एक विज्ञापन एजेंसी में कार्यरत मुग्धा घोष बताती हैं, एक रोज कुछ ऐसा संयोग हुआ कि ऑफिस की एक पार्टी में मैं और मेरी एक कलीग दोनों बिलकुल एक जैसी ड्रेस पहन कर आ गए। हमें साथ देख कर सब हंस पड़े। हंसी के इस पल को हमने भी खूब एंज्वॉय किया।



**अचूक औषधि है हंसी**

मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अशुम गुप्ता कहती हैं, आजकल कई मल्टीनेशनल कंपनियां अपने कर्मचारियों को तनावमुक्त करने के लिए कुछ महीनों के अंतराल पर उनके लिए पिकनिक या पार्टियां आयोजन करती हैं, ताकि लोग अपने सहकर्मियों के साथ हलके-फुल्के माहौल में बातचीत करके एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझ सकें। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां का माहौल बहुत तनावपूर्ण होता है। जैसे- आर्मी, पुलिस, मेडिकल प्रोफेशन आदि। यहां काम करने वाले लोगों के लिए यह बहुत जरूरी है कि वे अपने लिए हंसी-खुशी के कुछ पल ढूंढ कर खुद को तनावमुक्त रखने की कोशिश करें। इसी वजह से आजकल ऐसे महकमों में योग, काउंसलिंग और लाफ्टर थेरेपी से संबंधित कई वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं।

**हंसें, पर जरा संभलकर**

- काम के बीच में दो-चार मिनट के लिए हंसी-मजाक करना तो ठीक है, लेकिन यह सेशन ज्यादा लंबा नहीं चलना चाहिए।
- अच्छे सेंस ऑफ ह्यूमर की निशानी यही है कि आप केवल दूसरों पर नहीं, बल्कि खुद पर भी हंसना सीखें।
- इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि आपकी बातों से किसी की भावनाएं आहत न हों।
- कुछ लोग छोटी-छोटी बातों का बहुत जल्दी बुरा मान जाते हैं। ऐसे लोगों पर किसी भी तरह की टीका-टिप्पणी करने से बचें।
- हर ऑफिस में पुरुषों के साथ स्त्रियां भी काम करती हैं। इसलिए सभी को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि मजाक में कोई ऐसी बात न कही जाए, जिससे दूसरा व्यक्ति असहज महसूस करे।
- एसएमएस या ईमेल के जरिये एक-दूसरे को जोक्स भेजते समय शालीनता की सीमाओं का हमेशा खयाल रखें।
- जिन लोगों का सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा होता है, ऐसे लोग कभी-कभी अनजाने में दूसरों को डिस्टर्ब कर रहे होते हैं। इसलिए हमें अपने सेंस ऑफ ह्यूमर का सही मौके पर इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए ऑफिस का कैफेटेरिया सबसे अच्छी जगह है। जहां आप अपने साथियों के साथ दिल खोल कर हंस सकते हैं।
- अगर आपको कोई अच्छा सा जोक याद आ रहा है, तो फिर देर किस बात की उसे अपने साथियों के साथ शेयर कीजिए और तनाव को भूल जाइए।



# अब डैंड्रफ रहे काबू में

**बारिश** के मौसम में उमस और पसीने से बालों में चिपचिपाहट हो जाती है। रूसी एक प्रकार की निर्जीव त्वचा है, जो बालों की जड़ों के आसपास जमा हो जाती है। इसलिए अपने बालों को साफ रखें और महीन दांतों वाली कंघी का प्रयोग करें। ताकि सिर की त्वचा से आसानी से रूसी बाहर निकल जाए। यहां हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब बता रहे हैं, उपयोगी टिप्स।



- बालों में प्रतिदिन ब्रश करने और मालिश करने से डैंड्रफकी समस्या से छुटकारा मिल सकता है, क्योंकि इन उपचारों से रक्तसंचार तीव्र गति से होता है और मृत त्वचा निकल जाती है।
- गर्म ऑलिव ऑयल में कुछ बूंदें अदरक के रस को डालकर इससे सिर पर कुछ देर मालिश करें। आधे घंटे तक बालों में लगा रहने के बाद शैंपू कर लें।
- बालों में रूसी होने से बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। ऐसे में प्याज का रस लगाएं। आधा घंटे बाद एक मग में नीबू की कुछ बूंदें डाल कर उस पानी से धोएं।
- नीम की पत्तियों का रस नीबू के रस में मिलाकर सिर में लगभग तीस मिनट तक लगाएं। फिर शैंपू कर लें या फिर शैंपू करने के बाद सिरके और नीबू का रस बराबर मात्रा में लेकर 5-10 मिनट तक के लिए सिर में लगा रहने दें। उसके बाद बालों को धो लें।
- जोजोबा ऑयल और कोकोनट ऑयल को मिलाकर उंगली के पोरों से धीरे-धीरे सिर की त्वचा पर मालिश करें। इसके बाद गर्म पानी में भीगे तौलिये को निचोड़कर थोड़ी देर तक सिर पर लपेटकर रखें। आधे घंटे बाद शैंपू करें।

# खूबसूरत बाल हर पल साथ

जब हम चाहते हैं कि किसी खास उत्सव पर हमारे बाल बेहद अच्छे दिखें तो जाने-अनजाने कोई ऐसी गड़बड़ हो ही जाती है, जिससे पूरे दिन हम परेशान रहते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही होता है तो हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब के कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप पार्टी की शान बन सकती हैं।

- **स्मार्ट हेयर कट**

  बालों का कट ऐसा होना चाहिए जो आपके चेहरे पर सूट करे और आपकी जीवनशैली के अनुकूल हो। इसके अलावा नियमित रूप से बालों की ट्रिमिंग कराएं। ऐसा हेयरस्टाइल बनाएं, जिसे संभालना आपके लिए आसान और संभव हो।
- **जरूरी है हेयर एक्सेसरीज**

  बालों को संवारने के लिए खुद पर सूट करने वाली हेयर एक्सेसरीज का संग्रह करें। मौके की नजाकत को ध्यान में रख कर आप इन एक्सेसरीज का प्रयोग करके स्टाइलिश दिख सकती हैं।
- **सही हेयर प्रोडक्ट का करें चयन**

  बालों के लिए जो भी प्रोडक्ट इस्तेमाल करें वे आपके बालों की किस्म के अनुरूप होने के साथ ही बेहतरीन क्वॉलिटी के होने चाहिए। जहां तक हो हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट के अधिक प्रयोग से बचें। रूखे बालों के लिए कंडिशनर युक्त शैंपू का इस्तेमाल करें। तैलीय बालों के लिए सिट्रस युक्त शैंपू और अन्य हेयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों की अतिरिक्त चिपचिपाहट दूर हो जाए। रूखे बालों पर हॉट हेयर रोलर, हॉट एयर ड्रायर, पर्म या ब्लीच का प्रयोग न करें।
- **सिर का मसाज**

  हफ्ते में एक-दो बार गुनगुने ऑलिव ऑयल या आमंड ऑयल से सिर की त्वचा को मालिश से बालों को पोषण मिलता है। साथ ही रूखे बालों को जरूरी मॉयस्चर भी मिल जाता है। इसके बाद बालों को अच्छे नरिशिंग शैंपू से धो लें।

# ब्रेड इडली

**सामग्री :** 6 ब्रेड स्लाइस, 2 उबले हुए आलू, 1 टी स्पून हरी मिर्च (बारीक कटी), 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टे.स्पून हरा धनिया (बारीक कटा), 1 टी स्पून (जीरा, उड़द की दाल, राई या सरसों), 1 कप दही, 2 टे.स्पून तेल, नमक स्वादानुसार।



**विधि :** उबले हुए आलू को छीलकर मैश कर लें। अब इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, नमक, धनिया पाउडर और हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिला लें। दही को हल्का सा फेंट लें।

एक पैन में आधा टी स्पून तेल गरम करके उसमें जीरा, सरसों के दाने और उड़द की दाल डालकर चटकने दें। अब इस छौंक को फेंटी हुई दही में डाल दें।

ब्रेड की कटोरी या गिलास की सहायता से गोलाकार में काट लें। ब्रेड की एक तरफ आलू का मिश्रण लगा दें।

एक पैन में तेल गरम करें और उसमें आलू लगी तरफसे ब्रेड को डाल दें। ब्रेड की दूसरी हिस्से पर 2 चम्मच दही का मिश्रण डालकर फैला दें। और फ्राइंग पैन को 2 मिनट के लिए ढकन से ढक दें। लीजिए तैयार है गर्मागर्म ब्रेड इडली इसे तुरंत सर्व करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741